सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 12 अक्टूबर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 276, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## भारत बाहरी आर्थिक झटकों से निपटने में सक्षमः दास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधान सचिव-2 शक्तिकांत दास ने कहा कि भारत मजबूत घरेलू मांग व नीतियों की वजह से भारत ने बाहरी आर्थिक संकटों का सफलतापूर्वक सामना किया है। } 10

## लोकतंत्र भारत की आत्मा और संविधान पथ-प्रदर्शक दीपस्तंभ है

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि भारत लोकतंत्र और समानता का एक जीवंत उदाहरण है तथा संविधान पिछले 75 वर्षों से देश के लिए पथ-प्रदर्शक दीपस्तंभ रहा है। } 12

### संक्षेप

### अमेरिका के स्कूल में फायरिंग, 4 की मौत

मिसिसिपी। अमेरिका के एक स्कूल में अंधाधुंध फायरिंग की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि फायरिंग की यह घटना अमेरिका के मिसिसिपी में एक स्कूल में हुई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फायरिंग में 4 लोगों की मौत हो गई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार रात अमेरिकी राज्य मिसिसिपी में आधी रात के बाद एक फुटबॉल मैच के बाद यह घटना हुई। इस घटना में 12 अन्य लोगों के घायल होने की खबर है। घटना मिसिसिपी की राजधानी जैक्सन से लगभग 120 मील उत्तर-पूर्व में स्थित एक छोटे से शहर लेलैंड में हुई है। घटना में कई लोग घायल हुए, जिनमें से 4 की मौत हो गई है।

### मां की हत्या में बेटा गिरफ्तार

कौशांबी। जिले के मंझनपुर थाना क्षेत्र में कथित तौर पर एक युवक ने जमीन और पैसे की लालच में अपनी मां की गला घोंट कर हत्या करने के बाद इस वारदात को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव फांसी के फंदे से लटका दिया। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार मंझनपुर थाना क्षेत्र के खेरवा गांव में किशन किशोर (30) ने बृहस्पतिवार शाम जमीन तथा मां के बैंक खाते में जमा तीन लाख रुपये के लालच में अपनी मां शीला देवी (55) की गला घोट कर हत्या कर दी। हत्या के बाद मां का शव घर में ही फांसी के फंदे से लटकाकर आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चल गया कि गला घोंटने से मौत हुई है। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने पत्रकारों को बताया कि शीला देवी मूल रूप से चित्रकूट जिले के कधवनिया गांव की मूल निवासी थी और वह कुछ दिनों से कौशांबी जिले में अपने चचेरे भाई जय सिंह के घर खेरवा गांव में रह रही थी। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार शाम संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव जयसिंह के घर में फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया गया था।

### जमीनी विवाद में एक की हत्या

कुशीनगर। जिले में रास्ते के पुराने विवाद को लेकर ग्राम प्रधान के भाई की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और गोसाईं पट्टी गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस के अनुसार कुशीनगर जिले के तमकुहीराज थाना क्षेत्र के गोसाईं पट्टी गांव में लंबे समय से रास्ते पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में विवाद चला आ रहा था। शुक्रवार की सुबह रास्ते को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी और देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। पुलिस के मुताबिक ग्राम प्रधान शंभू यादव के छोटे भाई भोला यादव (52) की दूसरे पक्ष के लोगों ने पीट-पीट कर हत्या कर दी। पुलिस टीम के साथ गांव पहुंचे।

## पाकिस्तान में पुलिस ट्रेनिंग सेंटर पर हमला, 7 की मौत

### 13 पुलिसकर्मी घायल, छह आतंकवादी ढेर

एजेंसी

पेशावर। उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक पुलिस प्रशिक्षण केंद्र पर हुए आत्मघाती हमले के बाद पांच घंटे जारी रही मुठभेड़ में छह आतंकवादियों और सात पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

डेरा इस्माइल खान जिले में रत्ता कुलाची पुलिस प्रशिक्षण स्कूल पर हमले के बाद पुलिस कर्मियों द्वारा की गई जवाबी गोलीबारी में पहले तीन आतंकवादी मारे गए और कुछ अन्य आतंकवादी परिसर के अंदर छिपे बताए गए थे। आतंकवादियों का सफाया करने के लिए शुक्रवार देर रात शुरू किए गए एक अभियान के दौरान तीन और आतंकवादी मारे गए जबकि छह पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। इससे पहले, एक पुलिसकर्मी के मारे जाने की खबर मिली थी। इसी के साथ इस हमले में मारे गए सुरक्षाकर्मियों की संख्या सात हो गई, जबकि 13 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सभी प्रशिक्षु रंगरूटों और कर्मचारियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। इस अभियान में एसएसजी कमांडो, अल-बुर्क फोर्स, एलीट फोर्स और पुलिसकर्मी शामिल थे। यह घटना शुक्रवार देर रात हुई जब आतंकवादियों ...शेष पृष्ठ 10 पर

## विकसित भारत के निर्माण में किसानों की भूमिका अहम

### पीएम ने किया 35,440 करोड़ की दो कृषि योजनाओं का शुभारंभ, दलहन की खेती का रकबा बढ़ायें किसान

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को 35,440 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय वाली दो प्रमुख कृषि योजनाओं का शुभारंभ किया। इनमें आयात पर निर्भरता कम करने के लिए एक दलहन आत्मनिर्भरता मिशन शामिल है। मोदी ने किसानों से घरेलू और वैश्विक मांग को पूरा करने के लिए उत्पादन बढ़ाने का आह्वान भी किया।

उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी के पूसा परिसर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मोदी ने कहा कि दो बड़ी योजनाएं - 24,000 करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना (पीएम-डीडीकेवाई) और 11,440 करोड़ रुपये का दलहन आत्मनिर्भरता मिशन - लाखों किसानों का भाग्य बदल देंगी। प्रधानमंत्री ने कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों में 5,450 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन किया और लगभग 815 करोड़ रुपये की अतिरिक्त परियोजनाओं की आधारशिला रखी। पीएम-डीडीकेवाई का मकसद आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) मॉडल के आधार पर 100 कम प्रदर्शन वाले कृषि जिलों का कायाकल्प करना है। यह योजना फसल उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने, सिंचाई और भंडारण सुविधाओं में सुधार और चयनित जिलों में ऋण पहुंच बढ़ाने पर केंद्रित होगी। उन्होंने कहा कि आपने आजादी के बाद भारत को खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बनाया है। अब, भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में आपकी अहम भूमिका है। एक ओर, हमें खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बनना है, वहीं दूसरी ओर हमें वैश्विक बाज़ार के लिए उत्पादन करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय बाजार की संभावनाएं तलाशनी होंगी। मोदी ने किसानों से उन फसलों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया जिनकी वैश्विक मांग है। उन्होंने कहा कि हमें अपने आयात कम करने होंगे, जबकि निर्यात बढ़ाने में पीछे नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये दोनों नई योजनाएं इन दोनों उद्देश्यों को हासिल करने में अहम भूमिका निभाएंगी। मोदी ने किसानों से गेहूं और चावल के अलावा, दालों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा, ताकि प्रोटीन सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। दुनिया का सबसे बड़ा दाल उत्पादक और उपभोक्ता होने के बावजूद भारत अभी भी इसके लिए आयात पर निर्भर है। मोदी ने किसानों से दलहन उत्पादन बढ़ाने और आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए 2030 ...शेष पृष्ठ 10 पर

## एक देश टैरिफ लगायेगा तो हम 10 नये रास्ते खोलेंगे

### भदोही के 49वें अंतरराष्ट्रीय कालीन मेले का मुख्यमंत्री योगी ने किया उद्घाटन




एजेंसी

भदोही। अमेरिकी टैरिफ के कारण पैदा हुई चुनौतियों के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कालीन निर्यातकों को सरकार के पूर्ण समर्थन का भरोसा दिया। उन्होंने कालीन निर्यातकों ने कहा कि इस चुनौती को नए बाजार तलाशने के लिए एक अवसर के रूप में लेना चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को भदोही में 49वें अंतरराष्ट्रीय कालीन मेले और चौथी कालीन प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि जब भी चुनौतियां आती हैं, तो अपने साथ अवसर भी लेकर आती हैं। अमेरिका ने शुल्क लगाया है, लेकिन यह केवल एक देश का निर्णय है। हम यूएई, ब्रिटेन और अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं, जिससे हमारे उद्योगों के लिए नए रास्ते खुलेंगे। उन्होंने उद्योग पर शुल्क के प्रभाव की निगरानी और समाधान के लिए एक उच्च स्तरीय सरकारी समिति के गठन की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि ...शेष पृष्ठ 10 पर

## अध्यात्म और राष्ट्रीयता ही भारत की असली पहचान

गाजीपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि अध्यात्म, आस्था और राष्ट्रीयता ही भारत की असली पहचान है। योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गाजीपुर स्थित सिद्धपीठ श्री हथियाराम मठ परिसर में आयोजित राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक समरसता विषयक प्रबुद्धजन संवाद संगम को संबोधित करते हुए कहा, भारत की पहचान उसकी आध्यात्मिक चेतना में है और जब तक भारत का नागरिक अपनी आध्यात्मिकता और राष्ट्रीयता के भाव से कार्य करेगा, तब तक देश को विश्वगुरु के रूप में स्थापित होने से कोई नहीं रोक सकता। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें भगवती मां पराम्बा बुढ़िया देवी के दर्शन और 900 वर्ष पुरानी संन्यासी परंपरा के इस सिद्ध पीठ में पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी भवानी नंदन यति महाराज के सानिध्य में उपस्थित होने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि यह पीठ न केवल अध्यात्म का केंद्र है, बल्कि लोकमंगल और राष्ट्रीय एकता का भी सशक्त माध्यम है। योगी ने कहा कि राम मंदिर निर्माण केवल एक धार्मिक कार्य नहीं, बल्कि भारत की आत्मा के पुनर्जागरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जब करोड़ों रामभक्तों ने संकल्प लिया था राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे, तब लोगों ने इसे असंभव माना था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और पूज्य संतों के आशीर्वाद से यह संकल्प अब साकार हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2020 में राम मंदिर की आधारशिला रखे जाने से लेकर 2024 में भगवान श्रीराम के अपने गर्भगृह में विराजमान होने तक की यात्रा भारत की आस्था, एकता और संकल्प शक्ति की मिसाल है। उन्होंने बताया कि अयोध्या में चारों द्वारों का नाम चार प्रमुख आचार्यों शंकराचार्य, रामानुजाचार्य, रामानंदाचार्य और माधवाचार्य के नाम पर रखा गया है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश के मठ और मंदिर केवल उपासना के स्थान नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता के आधार स्तंभ भी हैं। उन्होंने कहा ...शेष पृष्ठ 10 पर

## लखनऊ में 11वीं की छात्रा से गैंगरेप, दो गिरफ्तार

विशेष संवाददाता

लखनऊ। राजधानी में 11वीं कक्षा की छात्रा के साथ गैंगरेप की घटना सामने आई है। पीड़िता अपनी बड़ी बहन के घर जा रही थी, तभी पांच युवकों ने उसे अगवा कर एक बाग में दुष्कर्म किया। 17 वर्षीय दलित छात्रा इलाके के एक स्कूल में पढ़ती है। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे छात्रा बहन को देखने के लिए अपने घर से निकली थी। पीड़िता की बड़ी बहन हरौनी पुलिस चौकी के अंतर्गत एक गांव में रहती हैं, जहां हाल ही में उनकी डिलीवरी हुई थी।

पुलिस के अनुसार, रास्ते में उसने अपने परिचित युवक को बुलाया और दोनों बाइक से मोहान रोड स्थित हरौनी पेट्रोल पंप पहुंचे। पेट्रोल पंप से कुछ दूर एक आम के बाग में बैठकर वे बातचीत कर रहे थे, तभी पांच अज्ञात युवक वहां पहुंचे और उन्हें धमकाना शुरू कर दिया।

#### परिचित युवक को पीटकर भगाया

विरोध करने पर युवकों ने परिचित को पीटकर भगा दिया। इसके बाद पांचों आरोपियों ने छात्रा के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद छात्रा ने तुरंत अपने बहनोई को सूचना दी, जो उसे हरौनी पुलिस चौकी ले गए और पूरी घटना बताई। सूचना मिलने पर बंथरा थाना प्रभारी और एसीपी कृष्णा नगर मौके पर पहुंचे और पीड़िता से पूछताछ की।

#### पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया

सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। हालांकि, बंथरा थाना प्रभारी राणा राजेश सिंह ने किसी को हिरासत में लेने की बात से इनकार किया है। उन्होंने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा। पुलिस ने उच्च अधिकारियों को घटना की जानकारी दे दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की तैयारी की जा रही है।

## यूकेएसएसएससी ग्रेजुएट लेवल परीक्षा निरस्त

### एकल सदस्यीय जांच आयोग ने सीएम धामी को सौंपी रिपोर्ट

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) की भर्ती परीक्षाओं को लेकर राज्य सरकार ने एक बड़ा और अहम फैसला लिया है।

21 सितंबर 2025 को आयोजित ग्रेजुएट लेवल परीक्षा में कथित अनियमितताओं के आरोपों के बाद सरकार ने इस परीक्षा को रद्द करने का निर्णय लिया है। वहीं, कृषि विभाग के तकनीकी पदों के लिए 12 अक्टूबर को प्रस्तावित परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है। यह निर्णय उस समय लिया गया जब मामले की जांच कर रहे एकल सदस्यीय आयोग ने अपनी अंतरिम रिपोर्ट मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंपी। इस आयोग की अध्यक्षता सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति यूसी ध्यानी द्वारा की जा रही है। आयोग ने सीमित अवधि में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों और संबंधित पक्षों से मुलाकात कर उनके सुझाव, बयान और दस्तावेजों का संकलन करते हुए रिपोर्ट तैयार की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद कहा कि राज्य सरकार भर्ती परीक्षाओं की शुचिता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता को बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसी भी परीक्षा में गड़बड़ी या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस प्रकरण की सीबीआई जांच की ...शेष पृष्ठ 10 पर

### संभल में 80 मकानों पर चलेगा बुलडोजर

संभल। रायसत्ती थाना क्षेत्र के हातिम सराय में तालाब की जमीन पर बने बताए जा रहे 80 मकानों को अवैध घोषित करने की कार्रवाई पर विवाद खड़ा हो गया है। सरायतरीन निवासी ने दावा किया कि यह जमीन उनकी दादी की आठ बीघा पुश्तैनी निजी संपत्ति थी। जिसे 2009 के बाद लोगों को बेचा गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने तहसील रिकॉर्ड जांचे बिना कार्रवाई शुरू कर दी। रायसत्ती थाना क्षेत्र के मोहल्ला हातिम सराय में जिन 80 मकानों तालाब की जमीन पर बने होने की बात कहकर अवैध घोषित किया गया है, उसमें प्रशासनिक कार्रवाई में चूक होने का दावा किया गया है। सरायतरीन निवासी पूर्वी वार्ष्णेय ने दावा किया है कि जिस जमीन पर मकान बने हैं वह उनकी आठ बीघा पुश्तैनी जमीन थी। उनकी दादी हातिम ...शेष पृष्ठ 10 पर

## कफ सिरप को लेकर एडवाइजरी जारी

### दो साल से कम उम्र के बच्चों को न दें खांसी और सर्दी की दवा

एजेंसी



नई दिल्ली। एडवाइजरी के अनुसार बाल चिकित्सा देखभाल में खांसी और सर्दी की दवाएं दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को निर्धारित या वितरित नहीं की जानी चाहिए।

आमतौर पर पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए अनुशंसित नहीं की जाती हैं। कफ सिरप से मध्य प्रदेश और राजस्थान में बच्चों की मौत के मामले सामने आने के बाद अधिकारिक तौर पर दिल्ली सरकार के परिवार कल्याण निदेशालय ने कफ सिरप के इस्तेमाल और दवाओं की खुराक के संबंध में एडवाइजरी जारी की है। इसमें सभी अस्पतालों को दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को खांसी और सर्दी की दवाएं न देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को भी सामान्य तौर दवा की सिफारिश न की जाएं। एडवाइजरी के अनुसार बाल चिकित्सा देखभाल में खांसी और सर्दी की दवाएं दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को निर्धारित या वितरित नहीं की जानी चाहिए। आमतौर पर पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए अनुशंसित नहीं की जाती हैं। बच्चे को खांसी या सांस लेने में कठिनाई के तहत प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रोटोकॉल का पालन किया जाए। अस्पताल केंद्र सरकार के तीन अक्तूबर के जारी दिशा-निदेशों का अनुपालन करें। साथ ही स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं का ऑडिट किया जाएं। इसमें पांच आर पर ध्यान केंद्रित करें। इसमें सही व्यक्ति, सही दवा, सही खुराक, सही मार्ग, सही समय का पालन सुनिश्चित करें। सभी स्वास्थ्य देखभाल कर्मी किसी भी मामले और असामान्य मृत्यु के बारे में समय पर रिपोर्ट करें। वहीं दिल्ली सरकार के औषधि नियंत्रण विभाग ने सभी हितधारकों को कोल्ड्रिफ सिरप की तत्काल प्रभाव से खरीद, बिक्री और वितरण में शामिल न होने के संबंध में कार्यालय आदेश जारी किया है।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 30.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 20.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

- जेपीएनआईसी नहीं बिकने देंगे : अखिलेश यादव (पृष्ठ-02)
- जनशिकायतों के निस्तारण में देवीपाटन मंडल अव्वल (पृष्ठ-02)
- 15 नवंबर से शुरू होगी धान की सरकारी खरीद (पृष्ठ-12)
- एआई समाज और कृषि में बदलाव लाने को तैयार (पृष्ठ-12)
- एआई दूरसंचार नेटवर्क को अपने आप ठीक करने में मददकरेगा (पृष्ठ-12)

**विशेष खबर** नया विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी में जुटी सरकार, पहली बार लक्ष्मण किला घाट होगा दीपोत्सव में शामिल

## अयोध्या के 56 घाटों पर जलेंगे 28 लाख दीपक

करुणाकर दुबे



अयोध्या। भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में 56 घाटों पर इस वर्ष 28 लाख दीप जलाकर विश्व कीर्तिमान स्थापित करने की तैयारी चल रही है। शनिवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि अयोध्या इस वर्ष एक बार फिर विश्व मंच पर अपनी आस्था, संस्कृति और गौरव का प्रकाश फैलाने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार में इस बार नौवां दीपोत्सव-2025 अब तक का सबसे भव्य और ऐतिहासिक आयोजन बनने जा रहा है।

सरयू नदी के तट के 56 घाटों पर लगभग 28 लाख दीपों के प्रज्ज्वलन के लिए 28 लाख दिए बिछाए जाएंगे, जो एक नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित करेगा। इस वर्ष आयोजन की विशेषता यह है कि पहली बार लक्ष्मण किला घाट को दीपोत्सव में शामिल किया गया है। यह दीपोत्सव केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि भारत की सनातन संस्कृति, आध्यात्मिकता और विश्वबंधुत्व का सशक्त प्रतीक है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में यह आयोजन न केवल अयोध्या के विकास और राम मंदिर निर्माण के विजन को आगे बढ़ा रहा है, बल्कि उत्तर प्रदेश को धार्मिक पर्यटन के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम भी है। इस अवसर पर लाखों श्रद्धालु और देश-विदेश से आए पर्यटक रामनगरी की इस दिव्य आभा के साक्षी बनेंगे। बयान के अनुसार लक्ष्मण किला घाट पर पहली बार सवा चार लाख दीप प्रज्ज्वलित होंगे। राम की पैड़ी और चौधरी चरण सिंह घाट पर करीब साढ़े चार लाख दीप जलाए जाएंगे। भजन संध्या घाट पर साढ़े पांच लाख दीपों की रौशनी से सरयू तट अलौकिक चमक में नहाएगा। मुख्य आकर्षण राम की पैड़ी रहेगी, जहां 15 से 16 लाख दीपों की अविरल ज्योति से पूरा घाट जगमगा उठेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं दीप प्रज्वलित कर इस भव्य कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे और जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बन जाएगा। बीते वर्षों में अयोध्या का दीपोत्सव गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में ...शेष पृष्ठ 10 पर

## अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मुत्तकी पहुंचे देवबंद

### भारत से संबंध और मजबूत होने की जतायी उम्मीद

जिला संवाददाता

सहारनपुर। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी ने शनिवार को उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भारत-अफगानिस्तान संबंध और मजबूत होंगे।

उन्होंने उत्तर प्रदेश के देवबंद में भव्य स्वागत और लोगों द्वारा दिखाए गए स्नेह के लिए आभार व्यक्त किया। मुत्तकी अपने छह दिवसीय भारत दौरे के दौरान रविवार को आगरा जाएंगे। मुत्तकी ने यहां संवाददाताओं से कहा कि मैं इस भव्य स्वागत और यहां के लोगों द्वारा दिखाए गए स्नेह के लिए आभारी हूं। मुझे उम्मीद है कि भारत-अफगानिस्तान संबंध और मजबूत होंगे। हम नए राजनयिक भेजेंगे और मुझे उम्मीद है कि आप लोग भी काबुल आयेंगे। मुझे भविष्य में और मजबूत संबंधों की उम्मीद है- दिल्ली में जिस तरह से मेरा स्वागत हुआ, उससे निकट भविष्य में ये दौरे और भी ज्यादा हो सकते हैं। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी शनिवार को इस्लामिक मदरसा दारुल उलूम, देवबंद पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। मुत्तकी अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ दिल्ली से सड़क मार्ग से देवबंद पहुंचे। दारुल ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

# बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय ने मनाया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2025 के अवसर पर Healthy Minds, Healthy Lives विषय पर एक विशेष पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक सुदृढ़ता और जीवन में संतुलन के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना था। यह कार्यक्रम बीबीडी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज तथा स्कूल ऑफ एजुकेशन द्वारा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सहयोग से आयोजित किया गया।यह कार्यक्रम बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के प्रेरणा से हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. (डॉ.) एस. के. श्रीवास्तव, कुलपति, बीबीडीयू ने की। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) एस. सी. शर्मा, प्रो-वाइस चांसलर, प्रो. (डॉ.) एस. एम. के. रिजवी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर, डॉ. एस. अहमद अली, निदेशक, प्रो. कनक द्विवेदी, डीन, स्कूल ऑफ एजुकेशन तथा डॉ. नीता पासरिचा, प्राचार्य, बीबीडी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और अतिथियों के पुष्पगुच्छ स्वागत से हुआ। कुलपति एवं प्रो-वाइस चांसलर ने अपने संबोधन में मानसिक स्वास्थ्य को जीवन के हर क्षेत्र में प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य विषय Mental Health Issues and Strategies to Improve Emotional Resilience विषय पर आयोजित पैनल चर्चा में प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉ. अंजलि गुप्ता,प्रमुख, क्लीनिकल साइकोलॉजी विभाग, नूर मंज़िल मनोचिकित्सा केंद्र, लखनऊ, डॉ. एम. अलीम सिद्दीकी प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, मनोचिकित्सा विभाग, ईरा लखनऊ मेडिकल कॉलेज तथा निदेशक, हेल्दी माइंड्स न्यूरोसाइकिएट्री एंड बिहेवियरल साइंसेज, लखनऊ) और विवेक अवस्थी,कार्यकारी निदेशक, उत्तर प्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन शामिल रहे। इस सत्र का संचालन डॉ. श्वेता सिंह ने किया।

चर्चा के दौरान वक्ताओं ने भावनात्मक सुदृढ़ता, तनाव प्रबंधन और मानसिक स्वास्थ्य के व्यावहारिक पहलुओं पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में छात्रों एवं शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए पैनल विशेषज्ञों से प्रश्न पूछे और अनुभव साझा किए। बीबीडीयू के Incubation Cell द्वारा छात्रों की ओर से एक विशेष पहल भी प्रस्तुत की गई, जिसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का समापन डॉ. नीता पासरिचा द्वारा सभी अतिथियों, विशेषज्ञों, शिक्षकों एवं छात्रों को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बीबीडीयू एक ऐसे शिक्षण वातावरण के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है जहाँ मानसिक स्वास्थ्य, सहानुभूति और समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है।




# धर्म व पंथ का भेद नहीं समझ पाये दुनिया के देश : योगी

## बाबा साहेब के संविधान में चुपके से शामिल किया धर्म निरपेक्ष शब्द

- **गाजीपुर में प्रबुद्धजन संवाद संगम में सीएम ने की शिरकत**

**गाजीपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को भुड़कुड़ा सिद्ध पीठ में आयोजित प्रबुद्धजन संवाद संगम कार्यक्रम में कहा कि भारत की सनातन धर्म की परंपरा ने कभी भी उपासना विधि में कट्टरता नहीं दिखाई, और दुनिया आज तक धर्म और पंथ के अंतर को नहीं समझ पाई है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि बाबा साहेब के संविधान में धर्मनिरपेक्ष शब्द चोरी-छिपे डाला गया।

मुख्यमंत्री ने अपने संकल्प को स्पष्ट करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को एक विकसित राज्य बनाया जाएगा, जहां हर हाथ को काम, हर सर को छत, हर खेत में पानी, हर चेहरे पर खुशहाली और हर बेटी व व्यापारी को सुरक्षा मिले। इस विकास के माध्यम से उत्तर प्रदेश भारत की अर्थव्यवस्था का अग्रणी फोर्स बनकर नेतृत्व करेगा।

प्रबुद्धजन संवाद संगम कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भुड़कुड़ा सिद्ध पीठ में पूज्य संत रामाश्रय दास महाराज की भव्य और दिव्य प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने पीठाधीश्वर पूज्य संत शत्रुघ्न दास महाराज, महाविद्यालय परिवार और क्षेत्रवासियों के साथ संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भुड़कुड़ा सिद्ध पीठ भारतीय आध्यात्मिक परंपरा, विशेषकर सतनामी संप्रदाय, से जुड़ा हुआ है। उन्होंने संत रामाश्रय दास महाराज की शिक्षाओं और उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि महाविद्यालय परिसर में उनकी मूर्ति स्थापित करना आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत होगा। उन्होंने भारत की सनातन परंपरा, धार्मिक सहिष्णुता और आध्यात्मिक ज्ञान को वैश्विक संदर्भ में महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि हमने कभी नहीं कहा कि जो मंदिर जाएगा वही हिंदू है और जो नहीं जाएगा वह नहीं। हमारी परंपरा सबको गले लगाती है। उन्होंने संत रामानंद के विचारों को भी उद्धृत किया- "जाति पाति पूछे ना कोई, हरि को भजे सो हरि का होई। मुख्यमंत्री ने गाजीपुर की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक विरासत का उल्लेख करते हुए महर्षि विश्वामित्र और भगवान राम के संबंध को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इसी परंपरा और ज्ञान के आधार पर गाजीपुर में महर्षि विश्वामित्र राजकीय मेडिकल कॉलेज की स्थापना हुई। योगी आदित्यनाथ ने शिक्षकों और छात्रों से आग्रह किया कि वे अनुशासन, गुरु और संतों के प्रति श्रद्धा बनाए रखते हुए शिक्षा और विकास की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि आधुनिक ज्ञान के साथ पारंपरिक आध्यात्मिक ज्ञान को जोड़ना आवश्यक है, ताकि समाज और राष्ट्र का कल्याण हो।

# एक दशक में छह गुना बढ़ा भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र

**लखनऊ।** भारत ने इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। पिछले एक दशक में इस क्षेत्र का उत्पादन लगभग छह गुना बढ़कर इस वित्तीय वर्ष में 11.3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इसी अवधि में निर्यात भी 38,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 3.27 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह वृद्धि भारत की नीति, नवाचार और निवेश आकर्षित करने की क्षमता का प्रमाण है। सरकार की मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी पहलों के साथ-साथ उत्पादन-से संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना ने इस क्षेत्र को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाया है। इन प्रयासों से अब तक लगभग 25 लाख रोजगार सृजित हुए हैं और देश ने 4 बिलियन डॉलर से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित किया है। मोबाइल निर्माण भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स क्रांति का केंद्र बन चुका है। वर्ष 2014-15 में 18,000 करोड़ रुपये का उत्पादन वर्ष 2024- 25 में बढ़कर 5.45 लाख करोड़ रुपये हो गया है। भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निमार्ता है, जहाँ 300 से अधिक इकाइयां सालाना लगभग 33 करोड़ मोबाइल फोन बनाती हैं। मोबाइल फोन निर्यात में भी जबरदस्त उछाल आया है।

# जनशिकायतों के निस्तारण में देवीपाटन मंडल अव्वल

विशेष संवाददाता (vol)

- **मीरजापुर मंडल को मिला दूसरा स्थान**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निगरानी से जन शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया में अभूतपूर्व तेजी आई है। आईजीआरएस की सितंबर माह की रिपोर्ट में देवीपाटन मंडल ने जन शिकायतों के निस्तारण में बाजी मारी है और प्रदेश में एक बार फिर पहला स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह प्रदेशभर में मीरजापुर मंडल ने दूसरा और बस्ती मंडल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। बता दें कि अगस्त माह की आईजीआरएस रिपोर्ट में भी देवीपाटन जनशिकायतों के निस्तारण में पहले स्थान पर था।

देवीपाटन मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जनशिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जा रहा है। इसके लिए देवीपाटन मंडल के जिलों क्रमशः श्रावस्ती, बहराइच, गोंडा और बलरामपुर में जनशिकायतों के पारदर्शी और त्वरित समाधान के लिए कई बिंदुओं पर लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिलों में जनशिकायतों की निस्तारण की रिपोर्ट की लगातार मॉनीटरिंग की जाती है। मंडलायुक्त ने बताया कि वह खुद मंडल के सभी जिलों के जनशिकायतों के निस्तारण के पहलुओं की मॉनीटरिंग करते हैं। इसके साथ ही रेंडम पांच शिकायतकर्ता से मंडलायुक्त कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है ताकि यह पता चल सके कि पीड़ित की शिकायत पर वास्तविकता में एक्शन लिया गया है या फिर रिपोर्ट ही लगायी गयी है। इसके साथ ही हर माह जनशिकायतों के मामलों की विभागीय आख्या की जांच की जाती है। यही वजह है कि देवीपाटन मंडल ने जन शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश भर में एक बार फिर पहला स्थान प्राप्त किया है। दवीपाटन मंडल को पूर्णांक 120 में से 104 अंक प्राप्त हुए हैं और सफलता दर 86.67 प्रतिशत है। आईजीआरएस की सितंबर की रिपोर्ट के अनुसार मीरजापुर मंडल ने जन शिकायतों के निस्तारण में प्रदेशभर में दूसरा प्राप्त किया है। मीरजापुर मंडलायुक्त ने बताया कि सितंबर माह की आईजीआरएस रिपोर्ट में मीरजापुर मंडल को पूर्णांक 120 में से 98 अंक प्राप्त हुए हैं और सफलता दर 81.67 प्रतिशत है। पिछले माह भी आईजीआरएस की अगस्त माह की रिपोर्ट में मीरजापुर मंडल दूसरे स्थान पर था। इसी तरह बस्ती मंडल ने जनशिकायतों के निस्तारण में पूरे प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

बस्ती मंडलायुक्त ने बताया कि सितंबर माह की आईजीआरएस रिपोर्ट में बस्ती मंडल को पूर्णांक 120 में से 97 अंक प्राप्त हुए हैं और सफलता दर 80.83 प्रतिशत है। इसके साथ ही टॉप फाइव मंडल में अलीगढ़ मंडल ने चौथा और वाराणसी मंडल ने पांचवां स्थान प्राप्त किया है।

# भारत-ईएफटीए व्यापार समझौता : 100 अरब डॉलर निवेश और 10 लाख रोजगारों का नया अध्याय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच हुआ व्यापार और आर्थिक साझीदारी समझौता (टीईपीए) भारत की विदेश व्यापार नीति में एक ऐतिहासिक और निर्णायक कदम साबित हुआ है। 10 मार्च 2024 को नई दिल्ली में हस्ताक्षरित यह समझौता 1 अक्टूबर 2025 से लागू हो गया है। यह भारत का चार विकसित यूरोपीय देशों— स्विट्ज़रलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन—के साथ पहला मुक्त व्यापार समझौता है। इस समझौते के तहत अगले 15 वर्षों में 100 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश और 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजन की प्रतिबद्धता की गयी है, जो भारत के आर्थिक इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगा। टीईपीए की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें निवेश और रोजगार सृजन का बाध्यकारी लक्ष्य तय किया गया है। ईएफटीए देशों ने पहले दस वर्षों में भारत में 50 अरब डॉलर और अगले पांच वर्षों में अतिरिक्त 50 अरब डॉलर निवेश करने का संकल्प लिया है। यह निवेश दीर्घकालिक होगा और इसमें विनिर्माण, नवोन्मेष, अनुसंधान तथा प्रौद्योगिकी सहयोग को प्राथमिकता दी जाएगी। फरवरी 2025 से निवेश सुविधा को सरल बनाने के लिए भारत-ईएफटीए डेस्क की स्थापना की गई है, जो संभावित निवेशकों के लिए सिंगल विंडो प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य कर रहा है। समझौते के तहत ईएफटीए ने सीमा शुल्क सूची की 92.2 प्रतिशत उत्पाद प्रविष्टियों पर रियायत दी है, जिससे भारत के 99 प्रतिशत निर्यात को लाभ मिलेगा। बदले में भारत ने 82.7 प्रतिशत उत्पाद प्रविष्टियों पर पहुंच प्रदान की है, जो ईएफटीए के कुल निर्यात का 95.3 प्रतिशत है। डेयरी, सोया, कोयला, फार्मास्यूटिकल्स और कृषि जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को सुरक्षा प्रदान की गई है।



# यूपी में पराली जलायी तो लगेगा जुर्माना

## सेटेलाइट से होगी निगरानी, पराली जलाने की घटनाओं को शून्य किया जाये

विशेष संवाददाता (vol)

- **फसल अवशेष जलाने पर लगेगी पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति, नोडल अधिकारी करेंगे निगरानी**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने कहा है कि अगर कोई व्यक्ति पराली जलाते हुए पकड़ा जा रहा है तो उनसे जुमार्ना वसूला जाए। जांच के लिए 50 से 100 किसानों पर एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है और जनस्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है। इसलिए किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों के प्रति जागरूक किया जाए।

मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में पराली जलाने की घटनाओं को शून्य किया जाए। इस संबंध में शासनादेश के तहत विस्तृत दिशा-निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। सभी जिलाधिकारियों से अपेक्षा की गई है वो सेटेलाइट के माध्यम से पराली जलाने की घटनाओं की लगातार निगरानी करें और संवेदनशील जिलों में विशेष सतर्कता बरती जाए।

जारी निर्देशों के अनुसार, फसल अवशेष जलाने पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाई जाएगी। दो एकड़ से कम क्षेत्र पर 2,500 रुपये, दो से पांच एकड़ तक 5,000 रुपये और पांच एकड़ से अधिक पर 15,000 रुपये का जुर्माना निर्धारित किया गया है। प्रत्येक 50 से 100 किसानों पर एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी जो पराली जलाने की घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से भी इस अभियान में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि संयुक्त प्रयासों से ही स्वच्छ पर्यावरण और प्रदूषण मुक्त प्रदेश का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। निर्देशों के अनुसार, जिलाधिकारियों से कहा गया है कि हॉटस्पाट चिन्हित करते हुए 50 से 100 किसानों पर एक नोडल अधिकारीकी नियुक्ति किया जाए। नोडल अधिकारी को पराली जलाने की घटनाओं को शून्य करने के लिए विशेष हिदायत दी जाए। इसके साथ ही, राजस्व, पुलिस, कृषि, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभागों के जनपद, तहसील, विकासखण्ड एवं क्षेत्रीय कर्मियों के माध्यमसे फसल कटने के समय निगरानी करते हुए, फसल अवषेश जलाने की घटनाओं को शून्य करना है। यदि कोई कृषक फसल अवशेष जलाता हुआ पाया जाता है तो मौके पर उसको रोकना तथा उस पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की धनराषि अधिरोपित करते हुए कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाए।

# रालोद ने लिया लोकहित में संघर्ष का संकल्प

विशेष संवाददाता (vol)



- **जयंती पर किया जयप्रकाश नारायण को याद**

**लखनऊ।** रालोद के प्रदेश कार्यालय में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती बड़े श्रद्धा और सम्मान के साथ मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने की। इस अवसर पर रालोद के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रालोद प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने अपने उद्बोधन में कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण भारतीय लोकतंत्र की आत्मा थे। उन्होंने अन्याय, भ्रष्टाचार और सत्ता के अहंकार के विरुद्ध संघर्ष कर देश को एक नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि आज जयप्रकाश जी के आदर्श पहले से भी अधिक प्रासंगिक हैं। रालोद का प्रत्येक कार्यकर्ता उनके विचारों से प्रेरणा लेकर जनहित और किसानहित के लिए संघर्ष करता रहेगा। जयप्रकाश नारायण ने यह सिखाया कि राजनीति सत्ता पाने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज परिवर्तन का साधन है। आज की राजनीति में अगर पारदर्शिता और नैतिकता लानी है, तो हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलना होगा। डॉ. राय ने आगे कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसानों, युवाओं, व्यापारियों और वंचित वर्गों की आवाज बनकर खड़ा है। रालोद का हर कार्यकर्ता लोकशक्ति ही राष्ट्रशक्ति के सिद्धांत को अपनाते हुए लोकतंत्र की रक्षा के लिए सदैव संघर्षशील रहेगा। उन्होंने कहा कि आज जब शिक्षा, रोजगार और किसानों की समस्याएं दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं, तब हमें जयप्रकाश नारायण जी की संपूर्ण क्रांति की भावना को आत्मसात करना होगा। उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक रालोद कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में सामाजिक न्याय, समान अवसर और पारदर्शी राजनीति के लिए कार्य करें। कार्यक्रम में वक्ताओं ने जयप्रकाश नारायण के जीवन, उनके संपूर्ण क्रांति आंदोलन और समाज में समानता, न्याय और स्वतंत्रता के प्रति उनके दृष्टिकोण पर विस्तार से विचार रखे। सभी ने इस अवसर पर संकल्प लिया कि रालोद संगठन हमेशा जनता की समस्याओं को लेकर सड़क से संसद तक आवाज उठाएगा। रालोद मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य विक्रम सिंह, रजनीकांत मिश्रा प्रदेश महासचिव आरपी सिंह चौहान, अजय सिंह, मनोहर, राजीव कुमार, विश्वनाथ, सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आलमनगर स्टेशन पर 6 निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनें स्थापित




**लखनऊ।** महिला यात्रियों के स्वास्थ्य, सम्मान एवं सुविधा को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल के तहत उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा आलमनगर रेलवे स्टेशन पर कुल 06 निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनों की स्थापना की गई है। ये मशीनें स्टेशन परिसर में स्थित महिला प्रतीक्षालय एवं द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय में स्थापित की गई हैं, जिससे सभी श्रेणियों की महिला यात्रिणियों को यह सुविधा सुगमता से प्राप्त हो सके। यह सुविधा महिला यात्रियों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं के लिए सहज उपलब्धता प्रदान करेगी। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक लखनऊ कुलदीप तिवारी ने कहा कि महिला यात्रियों की सुविधा के लिए किए जा रहे ऐसे प्रयास रेलवे की संवेदनशीलता और सेवा भावना का प्रतीक हैं। भविष्य में भी लखनऊ मंडल ऐसे जनोपयोगी कार्यों को आगे बढ़ाता रहेगा। यह पहल स्वच्छता, सुरक्षा और सम्मान की भावना को सशक्त बनाते हुए भारतीय रेलवे के नारी सशक्तिकरण के संकल्प को और मजबूती प्रदान करती है।

# 92 हजार से अधिक मिनीकिट देकर किसानों को समृद्ध करेगी सरकार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश कृषि विभाग किसानों के लिए निरंतर अनेक प्रोत्साहन योजना व अनुदान कार्यक्रम चला रही है। इसी क्रम में रबी फसल के मद्देनजर योगी सरकार किसानों को 92 हजार से अधिक मिनीकिट देकर समृद्ध करेगी। इसके साथ ही उत्पादन की नई तकनीक से अवगत कराने के लिए कृषि विभाग 8385 किसान पाठशाला भी चलाएगा। गौरतलब है कि रबी फसल में दलहनी फसलों का क्षेत्रफल एवं उत्पादन खरीफ मौसम की अपेक्षा अधिक होता है। साथ ही रबी के मौसम में फसलों पर कीट एवं व्याधि का संक्रमण भी कम होता है, जिससे दलहनी फसलों की उत्पादकता अधिक प्राप्त होने की संभावना होती है। किसानों के लिए कई प्रोत्साहन योजना एवं अनुदान आधारित कार्यक्रम के तहत दलहनी फसलों के निःशुल्क मिनीकिट, एकड़ प्रदर्शन एवं किसान पाठशाला चलाये जा रहे हैं। योगी सरकार किसानों को प्रति एकड़ 4000 रुपये के अनुदान के साथ ही उत्पादन की नवीन तकनीक के प्रसार के लिए किसान पाठशाला भी चला रही है। वर्तमान रबी सीजन में 92518 मिनीकिट, 8385 खंड प्रदर्शन तथा 8385 किसान पाठशाला का लक्ष्य है। इसके अतिरिक्त नेशनल फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रीशन मिशन के अंतर्गत 10 वर्ष से कम अवधि के दलहनी फसलों के बीजों पर 5000 रुपये प्रति कुंतल, 10 वर्ष से अधिक अवधि के दलहनी फसल के बीजों पर 2500 रुपये प्रति कुंतल, क्लस्टर प्रदर्शन पर 9000 रुपये प्रति हेक्टेयर तथा फसल पद्धति प्रदर्शन पर 15000 रुपये प्रति हेक्टेयर के अनुदान की सुविधा है। किसानों को बीजों पर अनुदान एटसोर्स अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रदर्शन का अनुदान चयनित किसानों के खाते में डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से हस्तांतरित किया जायेगा। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को अन्नदाता मानकर उनके उत्थान के लिए निरंतर प्रयत्न कर रही है। इसी क्रम में रबी सीजन में उत्पादन बढाने के लिए किसानों को प्रेरित किया जा रहा है। हाल ही में प्रदेश स्तर पर रबी गोष्ठी भी हुई थी, जिसके माध्यम से हजारों किसानों ने खेती में नवीनीकरण की जानकारी प्राप्त की।

# फतेहपुर जा रहे अजय राय को पुलिस ने रोका, नोक-झोंक



**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय शनिवार को दूसरी बार हरिओम वाल्मीकि के परिवार के साथ संवेदना प्रकट करने और पार्टी की ओर से उनको आर्थिक सहायता देने उनके आवास फतेहपुर जा रहे थे उनको जाने से रोक दिया गया जिस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पुलिस प्रशासन के बीच तीखी नोक झोंक भी हुई। पुलिस ने उन्हें और अन्य पदाधिकारियों को हिरासत में लेकर पुलिस लाइन ले गयी।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को पुलिस ने रोका तो अपनी गाड़ी से उतरकर सड़क पर धरने पर बैठ गए। इस दौरान उनके साथ पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दकी एवं सीतापुर सांसद राकेश राठौर, पूर्व विधायक इंदल रावत, जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष रुद्र दमन सिंह बबलू, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ शहजाद आलम, राजेश जायसवाल साथ रहे। इसके बाद पुलिस प्रशासन द्वारा अजय राय के साथ मौजूद सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर बस के माध्यम से पुलिस लाईन भेजा दिया गया। इस दौरान अजय राय ने कहा कि आज हम लोग मृतक हरिओम वाल्मीकि के परिजनों से मिलने तथा उन्हें आर्थिक मदद देने के लिए उनके घर जा रहे थे लेकिन हमें जाने से रोक दिया गया। योगी सरकार की इस संवेदनहीनता और दलितों के प्रति उनकी मानसिकता पर अपना वक्तव्य देते हुए अजय राय ने कहा कि कहां थी अब तक योगी सरकार? अभी तक सरकार को हरिओम वाल्मीकि के परिजनों की सुध नहीं आई।

# जेपीएनआईसी नहीं बिकने देंगे : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश मुख्यालय लखनऊ समेत जिलों-जिलों में जय प्रकाश नारायण की जयंती मनायी गयी। पार्टी मुख्यालय में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

इस अवसर पर अखिलेश यादव ने कहा कि आज हम सभी लोग लोक नायक जय प्रकाश को उनकी जयंती पर याद कर रहे हैं। समाजवादी सरकार ने जयप्रकाश के नाम पर जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल केंद्र (जेपीएनआईसी) सोशलिस्ट म्यूजियम बनाया। भाजपा सरकार ने जेपीएनआईसी को बर्बाद कर दिया। इसकी दुर्दशा कर दी है। सरकार इसे बेचना चाहती है। समाजवादियों ने संकल्प लिया है कि भाजपा सरकार चाहे जितना छिपाये और पुलिस लगाकर चाहे जितना रोके हम लोग जेपीएनआईसी नहीं बिकने देंगे। समाजवादी सरकार में इस म्यूजियम को और अच्छा बनाएंगे। उन्होंने कहा कि जेपीएनआईसी से समाजवादियों का राजनीतिक और भावनात्मक लगाव है। जब इसका शिलान्यास हुआ था, तब नेताजी मुलायम सिंह यादव, जार्ज फर्नांडीज और सपा के बहुत बड़े-बड़े नेता मौजूद थे। भाजपा सरकार ने इसे बर्बाद करने के साथ ही छिपा दिया है, जिसमें देश की जनता इसे देख न पाए।

अखिलेश यादव ने कहा कि जयप्रकाश नारायण ने सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन लाने तथा समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए अपना पूरा जीवन न्यौछावर कर दिया। उन्होंने सामाजिक और राजनीतिक दिशा को बदलने का काम किया। जय प्रकाश आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों से लड़े, उसके बाद की सरकारों में जो बुराई आयी उसके खिलाफ भी संघर्ष किया और सरकार को जगाने का काम किया। उस समय की सरकार समझती थी कि वह नहीं हटेगी लेकिन जयप्रकाश के सम्पूर्ण क्रांति के आह्वान ने सरकार को हटा दिया। आज भी देश को जेपी के रास्ते की जरूरत है। देश तभी खुशहाल होगा, जब समाजवादी मूल्यों से चलेगा। उन्होंने कहा कि समाजवादियों को विरासत में जो-जो चीजें मिली हैं, हम उसे आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हैं। हम लोग जयप्रकाश जी की तरह जनता को जगाकर इस तानाशाही और अत्याचारी सरकार को हटा देंगे। उन्होंने कहा कि जय प्रकाश ने सम्पूर्ण क्रांति का जो नारा दिया वह आज भी प्रासंगिक है। समाजवादी पार्टी जमीन पर जितना काम करेगी लड़ाई उतना कामयाब होगी इसलिए समाजवादी लोग जमीन पर संघर्ष करें और जनता को जागरूक करें। इस अवसर पर एक सवाल के जवाब में अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादियों का सिद्धांत नहीं बदला है। सिद्धांत कभी नहीं बदलता है। जिन कारणों को लेकर जेपी को उस उम्र में बीमारी की हालत में जनता के बीच आना पड़ा, नौजवानों की बात को रखना पड़ा और सम्पूर्णक्रांति का आह्वान करना पड़ा वही परिस्थितियां आज भी है। महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। सरकार नाकाम है। सरकार जनता से दूर जा रही है।

# हमेशा लोकतंत्र के विरोध में रही है सपा : पाठक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी और उसके अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सपा हमेशा से लोकतंत्र के विरोध में रही है। आज वही पार्टी कांग्रेस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सत्ता पाने की साजिश कर रही है, यह वही कांग्रेस है जिसने देश पर आपातकाल थोपकर लोकतंत्र को कुचला था। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अखिलेश यादव जिस कांग्रेस के साथ मंच साझा कर रहे हैं, उसी कांग्रेस ने जयप्रकाश नारायण जी जैसे लोकतंत्र के प्रहरी को जेल में डाला था। एक तरफ आप जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हैं, दूसरी तरफ उन्हीं को जेल भेजने वालों से गठबंधन करते हैं, यह राजनीतिक पाखंड है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि सपा को लोकतंत्र या संविधान से कोई लेना-देना नहीं, उनका मकसद केवल सुर्खियां बटोरना और सत्ता की कुर्सी पर बैठना है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की राजनीति परिवारवाद और स्वार्थवाद पर आधारित है, जबकि भारतीय जनता पार्टी सर्व समाज की पार्टी है, जो बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के बनाए संविधान के अनुरूप काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश नारायण की जयंती भाजपा पूरे देश और दुनिया में मना रही है, क्योंकि इमरजेंसी के दौरान सबसे अधिक जनसंघ और आरएसएस के कार्यकर्ता जेलों में बंद किए गए थे। वहीं कई समाजवादी भी जेल भेजे गए थे, लेकिन सपा आज उनका त्याग भुलाकर कांग्रेस के साथ मिलकर सत्ता की सौदेबाजी कर रही है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जनता सब जानती है। सपा अब लोकतंत्र की नहीं, केवल सत्ता की पार्टी बन चुकी है।

संक्षेप

## दहेज प्रताड़ना का पति व सास पर मुकदमा

**प्रतापगढ़।** दहेज को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करने के आरोप में पुलिस ने पति व सास के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के तिलक का पुरवा तारापुर गांव की सरिता यादव पत्नी लवकुश यादव का आरोप है कि दहेज की मांग को लेकर उसके पति लवकुश व सास शोभा देवी उसे गाली देते हुए मारते पीटते हैं। आरोपीगण पीड़िता को दहेज की मांग पूरी न होने पर जानलेवा धमकी भी देते हैं। एसओ मनीष त्रिपाठी का कहना है कि जांच के बाद पति व सास के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## डम्पर पलटा, बाल बाल बचा चालक

**प्रतापगढ़।** अनियंत्रित होकर हाईवे पर सड़क किनारे डम्पर पलट गया। दुर्घटना में चालक व खलासी बाल बाल बच गये। कोतवाली लालगंज कस्बे से गुजरे हाईवे से शुक्रवार को भोर में एक डम्पर गिटटी लेकर प्रतापगढ़ की तरफ जा रहा था। हाईवे पर बन विभाग कार्यालय के समीप अचानक अनियंत्रित होकर डम्पर सड़क किनारे पलट गया। दुर्घटना में चालक व खलासी मामूली रूप से चुटहिल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रामा सेण्टर में दोनों का इलाज कराया।

## कृषि सुधारों को लेकर पीएम को सुनने जुटे किसान

प्रतापगढ़। स्थानीय लालगंज विकासखण्ड सभागार में शनिवार को प्रधानमंत्री धनधान्य कृषक योजना को लेकर पीएम के भाषण को सुनने लोगों की भीड़ दिखी। सहकारिता विभाग द्वारा कराए गये लाइव प्रसारण में किसानों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनकर कृषि क्षेत्र में सुधारों के बाबत जानकारियां हासिल की। कार्यक्रम का संयोजन जिला कृषि अधिकारी आरपी सिंह ने किया। इस मौके पर भाजपा नेता पवन वर्मा, हेमन्त पाण्डेय, उदयराज यादव, शैलेन्द्र सिंह, डॉ. संदीप जायसवाल, नेहा यादव आदि रहे। एडीओ पंचायत प्रदीप मौर्य ने स्वागत तथा बीटीएम उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी, सीएम योगी की कल्याणकारी योजनाओं से देश-प्रदेश का किसान खुशहाल

मुकेश कुमार गुप्ता

**मेरठ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसानों तथा पशुपालकों के कल्याण को लेकर समय-समय पर मेलों, गोष्ठी का आयोजन करा कर देश के किसानों की फसलों को नए आयाम दिलाने का काम कर रहे हैं ताकि हमारे हरियाणा के इक्का-दुक्का पशुपालकों के अलावा इस किसान मेले में किसानों ने शिरकत नहीं की जबकि देश तथा उत्तर प्रदेश का किसान प्रधानमंत्री मोदी तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की किसानों के प्रति संचालित की जा रही योजनाओं से काफी खुशहाल है इसके बावजूद किसानो की मेले में उपस्थित नहीं होना प्रदर्शनी तथा तकनीकी जानकारी का आदान-प्रदान होना था। उधर मेरठ के किसानों का कहना है कि इस अखिल भारतीय किसान मेला में ऐसा कुछ नहीं हुआ कहीं ऐसा तो नहीं अखिल भारतीय किसान मेला आयोजक मेले की तैयारी को धरातल पर नहीं उतार पाए हो मेरठ क्षेत्र से जुड़े किसानों का कहना है कि उन्हें इस मेले के आयोजन

- तीन दिवसीय किसान मेले में नहीं बुलाया गया किसानो, पशुपालकों को, पंडाल रहे खाली, किसानों में रोष
- मेरठ के आईआईएमटी विश्वविद्यालय परिसर में तीन दिवसीय हुआ था अखिल भारतीय किसान मेले का आयोजन
- उद्घाटन, समापन पर भी जनप्रतिनिधियों तथा कृषि वैज्ञानिकों तक की रही दूरी
- केंद्र तथा राज्य की सरकारे किसानों, पशुपालकों के कल्याण के लिए करा रही मेला, प्रदर्शनी तथा गोष्ठी का आयोजन, ताकि विश्व पटल पर बने किसानो की पहचान

देश के किसानों का नाम पूरे विश्व के पटल पर दिखाई दे इसी कड़ी के चलते उत्तर प्रदेश के जनपद मेरठ के गंगानगर स्थित आईआईएमटी विश्वविद्यालय में विगत 7 से 9 अक्टूबर तक विश्वविद्यालय परिसर में एक अखिल भारतीय किसान मेले का आयोजन किया गया, इस तीन दिवसीय किसान मेले में टेंट तंबू तो हजारों किसानों की उपस्थिति के लिए लगाए गए, लेकिन इस बात को दशार्ता है कि आखिर अखिल भारतीय किसान मेला अपने किस उद्देश्य से भटक गया जो किसानों के आगमन के बिना असफल तो साबित हुआ ही, लेकिन मेला आयोजकों की ऐसी कौन सी विडंबना रही जो इस अखिल भारतीय किसान मेले में किसानों ने शिरकत नहीं की, जबकि इस अखिल भारतीय किसान मेले में कृषि से संबंधित गंभीर चर्चा, को लेकर कोई जानकारी ही नहीं थी वहीं मेरठ के किसान तथा पशुपालकों का मानना है की विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा भी मेरठ के गांव में इस अखिल भारतीय किसान मेले के आयोजन को लेकर कोई प्रचार प्रसार नहीं किया गया जिसके चलते किसानों को कोई जानकारी ही नहीं मिल पाई और किसान इस अखिल भारतीय किसान मेला मे भाग लेने से चूक गए।




किसानों का कहना है की सरकार किसानों के लिए बहुत कुछ करना चाहती है लेकिन कुछ लोग सरकार की नीतियों को ही धरातल पर मात्र दिखावा कर रहे हैं जिससे किसान तथा पशुपालकों को नुकसान हो रहा है मेरठ क्षेत्र से जुड़े किसान तथा पशुपालकों का कहना है की सबसे बड़ी बात इस अखिल भारतीय किसान मेला में किसानों की भागीदारी जहां सुनिश्चित नहीं की गई वहीं इसके उद्घाटन तथा समापन समारोह में भी किसी जनप्रतिनिधि को या तो बुलाया नहीं गया या फिर जनप्रतिनिधि नहीं पहुंचे इसके पीछे क्या कारण है यह तो आयोजक ही समझ सकते हैं वहीं यदि हम सूत्रों की माने तो ग्राम प्रधान तथा प्रगतिशील किसान को भी मेला आयोजको द्वारा निमंत्रण तक नहीं देने की बात भी सामने आ रही है। वहीं किसानों तथा पशुपालकों का कहना है कि आखिर आयोजित यह मेला किसके हित में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा लगाया गया था इसका वास्तविक उद्देश्य क्या था इसमें किसानों की सहभागिता क्यों नहीं की गई यह सब कुछ एक पर्दे के पीछे छिपा है। सबसे बड़ी विडंबना यह रही कि इतना बड़ा अखिल भारतीय किसान मेले का आयोजन होने के बावजूद कोई भी जनप्रतिनिधि उद्घाटन तथा समापन पर क्यों नहीं पहुंचे, किसानों को दुख है की सरकार मेले के माध्यम से किसानों के कल्याण के लिए बहुत कुछ करना चाहती है लेकिन कुछ चंद लोग किसानों के कल्याण को लेकर दूरियां बनाना चाहते हैं यही कारण है कि कृषि से संबंधित गंभीर चर्चा, प्रदर्शनी, तकनीकी ज्ञान से किसानों को होने वाले आदान-प्रदान से वंचित रखा गया। वही मेरठ से जुड़े किसानों तथा पशुपालकों का कहना है कि इस अखिल भारतीय किसान मेला में कृषि वैज्ञानिकों की उपस्थिति तक नहीं थी, वहीं सोची समझी साजिश तक का आरोप भी क्षेत्र के किसान तथा पशुपालक लगा रहे हैं उनका कहना है कि कहीं एक योजना के तहत तो इस अखिल भारतीय मेले का असफल आयोजन आयोजको द्वारा तो नहीं किया गया।

## डीएम ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 डा0 राजा गणपति आर0 ने कई परीक्षा केंद्र यहां विद्यालयो का निरीक्षण कर न सिर्फ हाल जाना अपितु सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया गया, प्राप्त खबर के अनुसार उ0प्र0 लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) तथा सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रा0) परीक्षा-2025 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचितापूर्ण सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा जनपद में बनाये गये परीक्षा केन्द्र राजकीय महाविद्यालय, पंचमोहनी, रतनसेन महाविद्यालय, बांसी तथा रतनसेन इन्टर कालेज, बांसी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजा



गणपति आर0 द्वारा परीक्षा कक्ष एवं सीसीटीवी कक्ष को देखा गया। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने जिला विद्यालय निरीक्षक अरूण कुमार को निर्देश दिया कि जो भी कमियां है उन्हे आज ही ठीक करा ले। जनपद में 15 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है जिसमें 6144 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

दौरान निरीक्षण उपरोक्त के अतिरिक्त उपजिलाधिकारी बांसी निखिल चक्रवर्ती, पुलिस क्षेत्राधिकारी बांसी मयंक द्विवेदी, विनय कुमार आदि उपस्थित रहे।

## थानाध्यक्ष अभय सिंह ने दीपावली धनतेरस के दृष्टिगत गोष्ठी सम्पन्न



**सिद्धार्थनगर।** थानाध्यक्ष कठेला समय माता अभय सिंह के नेतृत्व में व सब इंस्पेक्टर आनन्द कुमार व गणमान्य नागरिको के उपस्थिति में धनतेरस दीपावली के दृष्टिगत थाना स्थानीय पर थानाक्षेत्र के सरार्फा व्यापारियो के साथ गोष्ठी किया गया। डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण में व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी शोहतगढ के कुशल निर्देशन व थानाध्यक्ष थाना कठेला समय माता श्री अभय सिंह के नेतृत्व में 11. अक्टूबर को आगामी त्यौहार धनतेरस/ दिपावली /लक्ष्मी पूजा के दृष्टिगत थाना क्षेत्र मे पडने वाले सभी स्वर्णकारो की गोष्ठी किया गया। सभी शरार्फा व्यापारियों को शासन द्वारा जारी उच्चाधिकारी गणों के आदेशो व निदेशो से अवगत कराया गया व गोष्ठी मे सभी व्यापारियों को बताया गया कि आपके दुकान पर कोई किसी भी प्रकार का संदिग्ध व्यक्ति आता है तो तत्काल थाना स्थानीय को अवगत करायें साथ ही अपने झअपने शरार्फा दुकान के सभी कैमरो को एक बार जरूर चेक करले व ख ?ाब हुए कैमरे को ठीक कराने के लिये निर्देशित किया गया जिससे होने वाली आपराधिक घटनाओं को रोका जा सके।

## मिशन शक्ति अभियान से बढ़ी महिला जागरूकता



**श्रावस्ती।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत जनपद श्रावस्ती पुलिस द्वारा विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में यह अभियान जनपद के सभी थानों पर प्रभावी रूप से संचालित हो रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम व क्षेत्राधिकारी इकौना भरत पासवान ने थाना सोनवा स्थित मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

इसी क्रम में समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों एवं एंटी रोमियो टीमों द्वारा विद्यालयों, बाजारों, कस्बों, चौराहों व धार्मिक स्थलों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा और आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें गुड टच-बैड टच, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, यातायात नियमों तथा हेल्पलाइन नंबरों (1090, 181, 112, 1930 आदि) की जानकारी दी गई। महिलाओं को किसी भी प्रकार की छेड़खानी या असुरक्षित स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन पर संपर्क करने या नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया। श्रावस्ती पुलिस का यह अभियान महिलाओं को आत्मनिर्भर, सशक्त और सुरक्षित समाज के निर्माण की दिशा में प्रेरित कर रहा है। पुलिस का लक्ष्य है कि जनपद की प्रत्येक महिला भयमुक्त वातावरण में सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर सके।

## समाधान दिवस में अफसरों ने सुनीं शिकायतें, निस्तारण शून्य

**प्रतापगढ़।** थाना समाधान दिवस में लालगंज कोतवाली में बीस शिकायतें आयी। अफसरों ने सुनवाई करते हुए फरियादियों को समाधान का भरोसा दिलाया। यहां सीओ आशुतोष मिश्र ने शिकायतों की सुनवाई की। लीलापुर थाने में जिले के अपर पुलिस अधीक्षक बृजनन्दन राय तथा एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने संयुक्त रूप से शिकायतों की सुनवाई की। यहां पांच शिकायतें आयी। सांगीपुर थाने में सोलह शिकायतें आयी। थानाध्यक्ष मनीष त्रिपाठी ने शिकायतों की सुनवाई की।

## अवैध पटाखों के साथ युवक गिरफ्तार



**प्रतापगढ़।** एसपी के निर्देश पर अवैध पटाखों व आतिशबाजी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार की देर शाम उदयपुर पुलिस को एक घर से अवैध पटाखों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल हुई। उदयपुर के उप निरीक्षक सत्यम तिवारी शुक्रवार की देर शाम पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर से कुम्भीआइमा में एक घर में पटाखों के अवैध कारोबार की सूचना मिली। पुलिस ने छापेमारी करके उस घर से करीब चार सौ पैकेट पटाखा, दो सौ पचास फायर पटाखा तथा बड़े पैमाने पर पटाखा निर्मित में प्रयोग होने वाली सामग्रियों की बरामदगी की। पुलिस ने मौके से पटाखा निर्माण करते आरोपी सलमान पुत्र स्व0 लल्लू को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गयी है।

## तंबाकू मुक्त अभियान से जागरूक होंगे युवा



**श्रावस्ती।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 का शुभारंभ 9 अक्टूबर 2025 से किया गया है, जो आगामी 60 दिनों तक चलेगा। इस विशेष अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों और स्वास्थ्य हानियों के प्रति जागरूक करना है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के तहत जिले के लगभग 400 शिक्षण संस्थानों और 100 ग्राम सभाओं में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों को तंबाकू सेवन के कारण उत्पन्न गंभीर बीमारियों और सामाजिक दुष्प्रभावों से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि तंबाकू सेवन से जनस्वास्थ्य को गंभीर खतरा उत्पन्न होता है, जिससे कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारी जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। हर वर्ष तंबाकू सेवन के कारण हजारों लोगों की असामयिक मृत्यु हो जाती है। नोडल अधिकारी डॉ. डी. के. सिंह ने बताया कि तंबाकू मुक्त युवा अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को तंबाकू जैसे घातक नशे से दूर रखना और उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए खाद्य एवं औषधि विभाग, पुलिस विभाग, पंचायती राज विभाग तथा शिक्षा विभाग का सहयोग लिया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री ने किसानों को दी योजनाओं की सौगात



**श्रावस्ती।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (कअफक्र) से कृषि क्षेत्र के विकास के लिए ?35 हजार 440 करोड़ की दो महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरूआत की। उन्होंने ?11,440 करोड़ की पीएम दाल उत्पादन मिशन योजना और ?24 हजार करोड़ की पीएम धन धान्य कृषि योजना का शुभारंभ किया। इन योजनाओं के शुभारंभ का सजीव प्रसारण जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्र, विधायक रामफेरन पाण्डेय तथा जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की उपस्थिति में किसानों को योजनाओं की जानकारी दी गई तथा मिनीकिट का वितरण भी किया गया। अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्र ने कहा कि कृषि और खेती हमारे विकास की रीढ़ हैं। सरकार लगातार किसानों के हित में नई योजनाएं लागू कर रही है, जिससे खेती अधिक लाभकारी बन सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई ये योजनाएं किसानों की आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगी। विधायक रामफेरन पाण्डेय ने कहा कि देश और प्रदेश सरकार किसानों के उत्थान हेतु निरंतर कार्यरत हैं। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि यह योजना किसानों को आर्थिक राहत देने और कृषि उत्पादन में वृद्धि के उद्देश्य से चलाई जा रही है। इस अवसर पर उपनिदेशक कृषि, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, सहित अन्य जनप्रतिनिधि व किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति की टीम ने चलाया जागरूकता अभियान

**सिद्धार्थनगर।** सेल्फ डिफेंस जागरूकता कार्यक्रम महिला थानाप्रभारी निरीक्षण भाग्यवती पांडेय ने मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण के क्रम में मिशन शक्ति केंद्र स्थापना के उपरांत नारी सुरक्षा एवं स्वालंबन के लिए समर्पित प्रभारी निरीक्षक महिला थाना जनपद सिद्धार्थ नगर श्रीमती भाग्यवती पाण्डेय द्वारा जागरुकता अभियान चलाया गया, पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन ने महिलाओं की सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान ? के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत शौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में 11 अक्टूबर को प्रभारी निरीक्षक श्रीमती भाग्यवती पाण्डेय महिला थाना जनपद सिद्धार्थनगर के ने अथक एवं सार्थक प्रयास करते हुए सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल करौंदा मशीना में मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे बालिकाओ को सेल्फ डिफेंस जैसे कोई गला दबाता है पीछे से चाकू से हमला करता है।

## खेसरहा थाने पर डीएम ने सुनी पीड़ितों की फरियाद

**बांसी सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता में सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, इस अवसर पर एसडीएम बांसी निखिल चक्रवर्ती व सीओ बांसी मयंक द्विवेदी, थानाध्यक्ष अनूप मिश्रा सहित सम्बंधित राजस्व निरीक्षक /लेखपाल के अलावा पुलिस कर्मी मौजूद रहे, विदित हो शासन की मंशा अनुरूप

प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। गत शनिवार थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता में थाना खेसरहा में थाना समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें कुल चार मामले आए और दो मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर आने वाले शिकायतकताओं की समस्याओं को जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा सुना गया। ज्यादातर प्रकरण भूमि विवाद एवं नाली से संबधित था। समस्त राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिया कि भूमि विवाद,



वरासत, बंटवारा आदि के जो प्रकरण हैं उनका मौके पर जाकर सही ढंग से निस्तारण करायें। किसी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाये।

इसके साथ ही जिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिया कि आज और कल मौके पर जाकर नाली का विवाद, चकमार्ग का विवाद व जमीन बटवारा व अवैध कब्जा/पट्टा प्रकरणो को ग्रामवासियों का बयान लेकर निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित कराये। आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल के साथ मौके पर जाये। अधिकतम प्रकरणो को निस्तारण कराकर ही लौटे, प्रकरण लम्बित कदापि न रखा जाये। यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक मार्ग पर अवैध रूप से कब्जा किया है तो उसके विरूद्ध हल्का लेखपाल मुकदमा दर्ज कराये। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस में आये सभी शिकायतकताओं से अपील करते हुए कहा कि आपस में मिलकर रहे।

किसी प्रकार का लड़ाई-झगड़ा न करे। जो भी प्रकरण आये है उसका निस्तारण मौके पर जाकर राजस्व के अधिकारी/कर्मचारी करायेंगे।

## बिजली अव्यवस्था भाजपा शासित राज्यों की सबसे बड़ी नाकामीः प्रमोद तिवारी

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि भाजपा की सरकार में किसान नौजवान तथा युवाओं समेत हर तबके को निराशा हाथ लग रही है। उन्होने कहा कि भाजपा का किसानों की आय दोगुनी करने के बड़े बड़े दावे की असलियत इस समय खाद की कालाबाजारी से उजागर हो गयी है। उन्होने कहा कि सरकार में बैठे मंत्री और अधिकारी अपने पूंजीपति मित्रों की तिजोरी भरने के लिए किसानों को खाद नहीं उपलब्ध करा पा रहे हैं। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि किसानों को जब भी यूरिया की




के क्षेत्र में असफलताओं पर भाजपा सरकारों की जमकर घेराबंदी की। उन्होने कहा कि प्रदेश में मांग के अनुसार बिजली की आपूर्ति करने में भी भाजपा सरकार असफल हो रही

- राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने विद्यालय के शैक्षिक महोत्सव में विधायक मोना की ओर से सौंपी दो लाख की सौगात, मेधावियों के खिले चेहरे

आवश्यकता होती है तो साधन सहकारी समितियों व सरकारी केन्द्रों से यह नदारद मिला करती है। उन्होने कहा कि किसानों को मजबूर होकर बढ़े दाम पर बाजार से कालाबाजारी की पीड़ा के साथ खाद लेनी पड़ती है। शनिवार को रांकी में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने किसानी तथा खेती के साथ बिजली है। उन्होने कहा कि आपूर्ति के तय रोस्टर में भी बिजली की आपूर्ति न होना आम आदमी के लिए तकलीफदेह है। उन्होने कहा कि छात्रों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ व्यापारी वर्ग का कारोबार भी बिजली संकट से अंधकारमय हो उठा है। उन्होने कहा कि आपूर्ति के बदतर हालात में ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर के जरिए अब बिजली का बिल कई गुना अधिक आ रहा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि जर्जर तारों एवं टूटे खम्भों को बदलने में नाकाम सरकार स्मार्ट मीटर के जरिए उपभोक्ताओं पर बिल का बोझ लाद रही है। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने जनसभा में मध्य प्रदेश तथा राजस्थान में खांसी की दवा के नाम पर बच्चों को जहर पिलाने की घटना को भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी की पराकाष्ठा कहा है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा शासित राज्य हरियाणा में एडीजी रैंक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वाई पूरन कुमार को जातीय आधार पर उत्पीड़न और अपमान तथा प्रताड़ना के चलते आत्महत्या करनी पड़ी। उन्होने कहा कि ग्यारह साल में भाजपा के राज में दलित अधिकारी के उत्पीड़न की घटना संविधान में समता के अधिकार का खुला उल्लंघन है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि सरकारी आंकड़े खुद बता रहे हैं कि भाजपा राज में दलित, महिलाओं, गरीब अल्पसंख्यक और अनुसूचित जाति का उत्पीड़न सर्वाधिक हुआ है। उन्होने रामपुरखास के लोगों को विधायक मोना के द्वारा संचालित विकास योजनाओं को समयबद्ध पूरा कराये जाने का भी भरोसा दिलाया। जनसभा की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू व संचालन गंगेश सिंह ने किया। इसके पहले राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी नसीरपुर के स्वतंत्रता सेनानी बृजेशचंद्र कौशिक इण्टर कालेज में हुए शैक्षिक महोत्सव में शामिल हुए। यहां उन्होने शैक्षिक परिवेश की मजबूती को लेकर विधायक मोना की ओर से शिक्षण कक्ष के लिए विधायक निधि से दो लाख रुपए की सौगात दिये जाने की घोषणा की। दीवानगंज में आयोजित श्रीमदभागवत कथा में भी शामिल हुए। लालगंज बाजार में रवीसंयोजन में आयोजित कार्यक्रम में भी सांसद प्रमोद तिवारी ने व्यापारियों को कारोबारी के क्षेत्र में सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

## पुलिस व आबकारी की संयुक्त टीम ने 2 क्विंटल महुआ लहन किया नष्ट



**इंटवा सिद्धार्थनगर।** मिश्रौलिया थाने की पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा थानाक्षेत्र में करीब 02 क्विंटल लहन नष्ट किया गया। पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में शुभेंदु सिंह क्षेत्राधिकारी इटवा के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष मिश्रौलिया नारायन लाल श्रीवास्तव मय टीम व आबकारी टीम की संयुक्त कार्यवाही में 11 अक्टूबर को थानाध्यक्ष बृजेश सिंह मय पुलिस बल, विशेष प्रवर्तन दल के कामाख्या राय व आबकारी निरीक्षक इटवा ऋतिक वर्मा मय फोर्स शराब की बिक्री, निष्कर्षण के रोकथाम के लिये सोनौली नानकार आदि जगहों पर दबिश दी गयी। दबिश के दौरान 200 कि0ग्रा0 महुआ लहन नष्ट किया गया।

संक्षेप

## गर्म दाल से झुलसी मासूम की इलाज के दौरान मौत

**ऊसराहार, इटावा।** क्षेत्र के महुआ गांव में हुए दर्दनाक हादसे में दो वर्षीय मासूम अनुष्का की मौत हो गई। पांच दिन पूर्व घर में खेलते समय गर्म दाल से झुलसने के बाद उसे सैफई पीजीआई में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान शनिवार को उसकी मृत्यु हो गई। महुआ निवासी धर्मबीर की पत्नी पुष्पा देवी चूल्हे पर दाल पका रहीं थी। खाना तैयार होने के बाद उन्होंने दाल से भरे कुकर को नीचे रख दिया और सामान लेने चली गईं। तभी खेलते-खेलते उनकी अनुष्का ने गर्म दाल से भरे कुकर को अपने ऊपर उलट लिया। अचानक चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर मां दौड़ी तो देखा कि अनुष्का बुरी तरह झुलस चुकी थी। परिजन तुरंत उसे आयुर्विज्ञान संस्थान लेकर पहुंचे, जहां डाक्टरों ने उसे गंभीर हालत में भर्ती कर लिया। पांच दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद शनिवार को मासूम ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## प्रधान प्रतिनिधि के खिलाफ केस दर्ज

**चकरनगर, इटावा।** डीएपी खाद न मिलने से परेशान जनता के सहयोग में बंसरी के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सोनू परिहार ने पांच अक्टूबर को प्रशासन को ताला तोड़कर खाद बांटने की चेतावनी देते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया था।इस दौरान एक वृद्ध के साथ धक्का मुक्की हो गई थी। जिसमें पीड़ित तहसीलदार पुत्र जगन्नाथ निवासी बिडौरी की तहरीर के मुताबिक पुलिस ने सोनू परिहार पुत्र इंद्रपाल सिंह के खिलाफ मारपीट सहित जान से मारने की धमकी में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस बात की प्रभारी निरीक्षक बिठौली राजेंद्र विक्रम सिंह के द्वारा पुष्टि की गई है।

## बिना आग के खाना पकाने की प्रतियोगिता

**इटावा।** ज्ञानस्थली विद्यालय में बिना आग के खाना पकाने की प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की प्रातः सभा के बाद किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि की भूमिका में उपस्थित विद्यालय समिति के उपाध्यक्ष वाइस चेयरमैन विनीत यादव व उनकी धर्मपत्नी ने सभी अभिभावक माताओं का कार्यक्रम में स्वागत किया। सभी माताओं ने




अपनी कार्यकुशलता के आधार पर कई प्रकार की व्यंजन तैयार किए। इस प्रकार की प्रतियोगिता से रसोई में नए लोगों और बच्चों को भी कम उम्र से ही खाना पकाने की कुशलता प्राप्त होने में मदद मिलेगी। बिना आग के खाना पकाना, जिसे फ्लेमलेस कुकिंग भी कहते हैं, बिना किसी ऊष्मा स्रोत के खाना पकाने की एक विधि है। बिना आग के खाना पकाने की कई रेसिपीज तैयार की गई।, जिनमें रायता, भेलपुरी, चना मसाला फ्रूट रायता, कई प्रकार के व्यंजन तैयार किए गए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य अंशुल तिवारी ने सभी माताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रमुख शिवमंगल, नीरज त्रिपाठी तथा खेल विभाग प्रमुख वासिफ खान व विद्यालय परिवार के सभी अध्यापकगण मौजूद थे।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी पुत्री के स्कूली अभिलेखों व उसके जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटिवश मेरा नाम BRIJESH KUMAR (ब्रिजेश कुमार) दर्ज है जबकि मेरा सही नाम VRIJESH KUMAR (व्रिजेश कुमार) है जो मेरे आधार कार्ड में दर्ज है। मेरी पुत्री के स्कूली अभिलेखों व उसके जन्म प्रमाण पत्र में मेरा सही नाम ही दर्ज किया जाये।
**व्रिजेश कुमार पुत्र बाबू राम नि.- म.नं. 196, कहलोन गार्डेन सिटी, सेक्टर-12, वृन्दावन योजना रायबरेली रोड, लखनऊ।**

# ब्रह्मपुर ब्लॉक में मनरेगा में धांधली

## नहीं बन रही नाली फिर भी पोर्टल पर फोटो अपलोड



- फोटो में तीन, पर मनरेगा पोर्टल पर दस मजदूरों का फोटो अपलोड
- विकास खंड ब्रम्हपुर के ग्राम सभा रानापार का है मामला

उमाशंकर शुक्ल

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** कारण चाहे जो भी हो,मनरेगा की धांधली विकास खंड ब्रम्हपुर की पहचान बनती जा रही है।बार बार खबरें प्रकाशित होने के बाद भी जिम्मेदारों द्वारा कार्यवाही न होना, भ्रष्टाचारियों का मनोबल बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रहा है।

बताते चलें कि विकास खंड ब्रम्हपुर के ग्राम सभा रानापार में मनरेगा के तहत नाली निर्माण कराने का फोटो मस्टरोल संख्या 2520 पर दिनांक 11अक्टूबर 2025 को अपलोड किया गया है। जिसमें रामजनम पाल के घर से प्रमोद यादव के घर तक नाली निर्माण कार्य दशार्या गया है। अपलोड फोटो में मात्र तीन मजदूर दिखाई पड़ रहे हैं।जिनकी उम्र भी मजदूरी कार्य में बाधक मानी जा सकती है।जबकि पोर्टल पर भोरिक,सीताबी,भगौतिया, राजेश इन्दू देवी, अवधेश, रामाशंकर, मनोज देवी, रामाशंकर, रमाकांत कुल दस मजदूरों का नाम अंकित है। अपलोड फोटो में मात्र तीन पुरुष मजदूर ही दिखाई दे रहे हैं।यह अपलोड फोटो मनरेगा में की जा रही भ्रष्टाचार की बखिया उधेड़ने में काफी है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि ग्राम प्रधान के पति/प्रतिनिधि राजाराम का कहना है कि रामजनम पाल के घर से प्रमोद यादव के घर तक जगह के अभाव के कारण नाली निर्माण नहीं हो पायेगा ।उनका कहना है कि 11अक्टूबर 2025 को उक्त जगह पर नाली निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है। फोटो गलत डाला गया है। प्रधान के पति/प्रतिनिधि राजाराम ने बताया कि कार्य आर पी यादव ठीकेदार द्वारा कराया जाता है।इस संबंध में बतायें गये ठीकेदार आर पी यादव के नंबर पर संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि इस समय कोई नाली निर्माण नहीं कराया जा रहा है। पन्द्रह दिन पहले ही कराया गया था। ग्राम प्रधान पति/प्रतिनिधि तथा प्रधान द्वारा नियुक्त ठीकेदार के विरोधाभास बयान ब्रम्हपुर ब्लाक में हो रहे मनरेगा में भ्रष्टाचार की पोल खोलने के लिए काफी है। भ्रष्टाचार भी क्यों नहीं होगा।जब ग्राम प्रधान मनरेगा कार्य स्वयं न कराकर कार्य कराने के लिए ठीकेदार रखा है। आखिर ठीकेदार की मजदूरी भी तो मनरेगा मजदूरों की मजदूरी से ही निकालनी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भ्रष्टाचारियों का मनोबल यहां के जिम्मेदारों द्वारा बढ़ा दिया गया है। इस संदर्भ में डीडीओ रघुनाथ सिंह का कहना है कि मनरेगा में कोई ठीकेदारी की व्यवस्था नहीं है। मैं स्वयं जांच कराउंगा।तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# करवाचौथ : चांद का दीदार कर सुहागिनों ने मांगा अखंड सौभाग्य

**गोरखपुर।** जिले में हर जगह करवाचौथ की धूम रही। करवाचौथ पर शुक्रवार की सुबह से ही निर्जला व्रत रखी सुहागिनों ने शाम होते ही सोलह श्रृंगार के साथ सजधज कर चांद का दीदार कर अखंड सौभाग्य की कामना किया। और चांद को अर्ध्य देकर उनकी आरती-पूजन किया। कार्तिक मास कृष्ण पक्ष चतुर्थी तिथि शुक्रवार को सुहागिन महिलाओं के अखंड सौभाग्य का प्रतीक ₹करवाचौथ₹ का दिन खास रहा। सुबह से ही निर्जल व्रत से थकी महिलाएं शाम होते ही सजने संवरते हुए सोलह श्रृंगार किया तो इनका श्रृंगार देखते ही बन रहा था। परम्परा के अनुसार घरों की छतों पर एकत्रित व्रती महिलाओं ने पारंपरिक लोक गीत गाए तो वहीं बुजुर्ग महिलाओं ने करवाचौथ की परंपरागत कथा सुनाई। लगभग आठ बजकर पांच मिनट पर चांद की एक झलक पाते ही सुहागिनों के चेहरे खिल उठे। और फिर विधि विधान से पूजन अर्चन के बाद सुहागिनों ने छलनी की ओट से चांद का दीदार कर पतियों के लम्बी उम्र की कामना किया।

**सेलीब्रेटियों की पत्नियों ने भी रखा निर्जला व्रत**

केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान, गोरखपुर सांसद रविकिशन शुक्ल, बांसगांव विधायक डा विमलेश पासवान, मानव शिक्षा सेवा संस्था के अध्यक्ष व जिपंस आलोक गुप्ता, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी एडवोकेट केएम मंझवार, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नवनीत राय, आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी व वरिष्ठ पत्रकार गोपाल त्रिपाठी व घनश्याम कसौधन की पत्नियों समेत महिला अधिकारियों ने भी विधि विधान से व्रत रखकर अखण्ड सौभाग्य की कामना किया।

**महिलाओं ने चांद का दीदार कर अखंड सौभाग्य की कामना**

गोला, गोरखपुर। करवाचौथ का क्षेत्र में धूमधाम रहा। करवाचौथ पर शुक्रवार की सुबह से ही निर्जला व्रत रखी सुहागिनों ने शाम होते ही सोलह श्रृंगार के साथ सजधज कर चांद का दीदार कर अखंड सौभाग्य की कामना किया। और चांद को अर्ध्य देकर उनकी आरती-पूजन किया। उपनगर गोला के वार्ड संख्या-19 की मंजू कसौधन, बबीता देवी, रानी कसौधन, सुनीता, श्वेता, चिकनियां गांव की सीमा दूबे, बेवरी की पूनम यादव, रानीपुर की मीना यादव, बनवारपार की सीमा पांडेय आदि व्रती महिलाओं ने कहा कि यह व्रत पति-पत्नी के बीच प्रेम संबंध को और प्रगाढ बनाता है। तथा एक-दूसरे को समर्पण का भाव सीखाता है।

# सपा कार्यालय में जयप्रकाश नारायण की जयंती मनायी गयी



**इटावा।** पार्टी कार्यालय पर समाजवादी नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती के मौके पर सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण के चित्र पर माल्यार्पण किया, तत्पश्चात विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला, उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को जयप्रकाश जी की आदर्श पर चलने के लिए प्रेरित किया। विचार गोष्ठी को पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, वरिष्ठ नेता लाखन सिंह जाटव, जिलाउपाध्यक्ष अनवार हुसैन, वरिष्ठ नेता उदयभान सिंह यादव, जिला प्रवक्ता विकास गुप्ता विक्की, विधानसभा अध्यक्ष उमेश राजपूत डुलले, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष किशन यादव ने संबोधित किया। गोष्ठी में जिलासचिव प्रवीण कुशवाहा, जिलासचिव देवेंद्र भदोरिया, सीताराम कश्यप, मनोज राणा बाल्मीकि, बृजेश यादव पप्पू, संतोष राजपूत, अरविंद यादव, गौरव यादव, सत्यम सिंह, कार्यालय प्रभारी जयचंद यादव, अंकुर यादव, सेक्टर प्रभारी दिनेश यादव, अमित कठेरिया, सपा नेत्री नम्रता सिंह दोहरे, कैलाश नारायण गुप्ता, राजेश यादव, संतोष यादव बल्ले, राणा प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## अवैध मौरंग परिवहन में ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

**चकरनगर, इटावा।** एमपी से दिन दहाड़े अवैध मोरंग खनन कर परिवहन के लिए बिठौली थाना क्षेत्र से सहसों क्षेत्र में लाई जा रही एक मोरंग भरी ट्रैक्टर ट्राली को सहसों पुलिस ने पकड़ कर सीज कर दिया। जिससे एक बार फिर से मोरंग परिवहन होने की पुष्टि के साथ अवैध मोरंग कारोबारियों में खलबली मची है। ट्रैक्टर ट्राली एमपी की बताई गई है। एममी के नया गांव थाना क्षेत्र के द्वार घाट से अवैध मोरंग खनन कर यूपी के बिठौली थाना क्षेत्र से होते हुए सहसों थाना के गांव कुंअरपुर कुर्छा में शुक्रवार दोपहर समय लगभग 11 बजे ओवरलोड़ ट्रैक्टर ट्राली से मोरंग परिवहन के लिए ले जाई जा रही थी। इसी दौरान हनुमंतपुर चैकी इंचार्ज घनश्याम राजपूत ने मुखबिर की सूचना पकड़ लिया और लाकर सहसों थाने पर खड़ा करा दिया। जिसके बाद उक्त अवैध मोरंग की ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दिया गया और खनन विभाग व एआरटीओ को भी कार्रवाई के लिए सूचित किया गया। दिन दहाड़े अवैध मोरंग परिवहन की ट्रैक्टर ट्राली पकड़ने से मोरंग परिवहन का कारोबार होने की पुष्टि हो रही है। उक्त कर्रवाई से अवैध खनन परिवहन के कारोबारियों में खलबली मची है। रामदवन मौर्य, सीओ चकरनगर ने बताया कि एक मोरंग भरी ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी गई है, जिसे सीज कर दिया गया है और खनन व एआरटीओ को भी कार्रवाई के लिए बताया गया है।

## जेल में महिला बंदियों ने मनाया करवाचौथ

**इटावा।** जिला कारागार में शनिवार को करवा चैथ का पावन पर्व उल्लास और आस्था के साथ मनाया गया। जेल की दीवारों के भीतर भी परंपरा, विश्वास और पति की दीघार्यु की कामना का सुंदर संगम देखने को मिला। जेल में निरुद्ध 9 महिला बंदियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार व्रत रखा और विधिपूर्वक करवा चैथ की पूजा की। कारागार प्रशासन ने सभी महिला बंदियों के लिए व्रत की संपूर्ण व्यवस्था की थी। उन्हें करवा, कैलेंडर, फूल मालाएं, दीपक, पूजा सामग्री और विशेष भोजन उपलब्ध कराया गया। प्रशासन की पहल से महिला बंदियों के बीच उत्साह का माहौल रहा। सबसे विशेष दृश्य उस समय देखने को मिला जब 9 महिला बंदियों में से 4 ऐसी बंदियां थीं जिनके पति भी उसी जेल में निरुद्ध हैं। कारागार प्रशासन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए इन चार दंपतियों को एक साथ पूजा करने की अनुमति दी। शाम को चांद निकलने के बाद महिला बंदियों ने अपने पतियों के दीघार्यु की कामना करते हुए व्रत खोला। जेल अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि करवा चैथ का पर्व पति-पत्नी के बीच समर्पण और स्नेह का प्रतीक है। जेल में निरुद्ध महिला बंदियों के लिए भी यह दिन विशेष होता है। प्रशासन ने उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए पूजा-पाठ से लेकर भोजन तक की पूरी व्यवस्था की। सभी बंदियों ने खुशी और अनुशासन के साथ यह पर्व मनाया। पूरे दिन महिला कारागार परिसर में धार्मिक और भावनात्मक माहौल रहा।

## हर बूथ पर अध्यक्ष नियुक्त होंगे : पूर्व विधायक

**इटावा।** किसान नौजवान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व विधायक रविंद्र सिंह तोमर के नेतृत्व में मिशन चंबल घाटी अभियान को नई दिशा मिल गई है। मंच ने नारे गरीबी हटाओ, रोजगार बढ़ाओ, चलो गांव की ओर के साथ ग्रामीण अंचलों में जनजागरण की लहर शुरू कर दी है। इस मिशन के तहत अब हर बूथ पर अध्यक्ष नियुक्त किए जा रहे हैं, ताकि गांव-गांव तक विकास और आत्मनिर्भरता का संदेश पहुंचे। किसान नौजवान मंच का मिशन चंबल घाटी अब तेजी




से धरातल पर उतर रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र सिंह तोमर के निर्देशन में 20 बूथों पर अध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। तोमर ने बताया कि हर बूथ अध्यक्ष का लक्ष्य ग्रामीण युवाओं को रोजगार से जोड़ना, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ चंबल क्षेत्र के विकास को रफ्तार देना और आत्मनिर्भर चंबल का सपना साकार करना होगा। उन्होंने कहा कि किसान नौजवान मंच का यह आंदोलन केवल नारा नहीं, बल्कि चंबल क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक क्रांति का प्रारंभ है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष क्षेत्रपाल सिंह, एसके सिंह, उपेन्द्र भदौरिया, मनोज दिवाकर, संतोष पांडेय, नीरज शाक्य, अनिल राजपूत, सौरभ ठाकुर, कृपाराम राजपूत, मनोज राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# सपाइयों ने मनायी सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि

**गोला,गोरखपुर।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व रक्षा मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री पद्म विभूषण नेता जी मुलायम सिंह यादव की तीसरी पुण्यतिथि गोला में पूर्व जिपंस घनानंद यादव के नेतृत्व में सपा कार्यकताओं ने मरीजों में फल वितरित कर मनाया। सपा कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। तथा उनके सिखाए पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।

- सेवा व समाजवाद की प्रतिमूर्ति थे नेता जी मुलायम सिंह : घनानंद

नेता जी की पुण्यतिथि पर सपाइयों ने पूर्व जिपंस घनानंद यादव के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला मरीजों के बीच जाकर फल वितरण किया। पूर्व जिपंस श्री यादव ने कहा कि धरती पुत्र, किसानों के हमदर्द, नौजवानों के प्रेरणास्त्रोत और गरीबों के सच्चे मसीहा, मुलायम सिंह यादव जी केवल एक नेता नहीं, बल्कि संघर्ष, सेवा और समाजवाद की जीवंत प्रतिमूर्ति थे। गाँव, गरीब, किसान, मजदूर और पिछड़ों की आवाज बनकर अपना पूरा जीवन समर्पित किया। मुख्यमंत्री के रूप में विकास को गाँवों तक पहुँचाया, और रक्षामंत्री के रूप में देश की सुरक्षा व सैनिकों के सम्मान को सर्वोपरि रखा। उनकी सादगी में अपनापन था, विचारों में दृढ़ता थी, और नेतृत्व में जनसेवा का गहरा संकल्प था। वे उस धरती के सच्चे पुत्र थे, जिन्होंने दिखाया कि नेतृत्व का अर्थ कुर्सी नहीं, बल्कि जिम्मेदारी, त्याग और जनहित होता है। आज भी उनकी सोच, उनके सिद्धांत और यादव समाजवादी विचारधारा नई पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शन का दीपक है। इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष सरोज आलम उर्फ मुन्ना हाशमी, सपा नेता डॉ. हरदेव यादव, संतोष तिवारी, हरेंद्र यादव, किशन कुमार, सदानन्द यादव, नीरू यादव, महन्थ यादव, राजेश यादव, उमेश यादव, अविनाश यादव सहित भारी संख्या में लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर संगोष्ठी आयोजित



**चरगांवा, गोरखपुर।** फातिमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, गोरखपुर में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर ₹सेवाओं तक पहुंच, आपदाओं और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य₹ विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत भाषण से हुई, जिसे सुश्री अलीशा, फातिमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने प्रस्तुत किया। इसके पश्चात प्रो. डॉ. एस्पिन आर., प्राचार्य, फातिमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने संबोधन में आपदाओं के समय मानसिक स्वास्थ्य सहायता की महत्ता पर प्रकाश डाला और नर्सिंग छात्रों को इस दिशा में जागरूक रहने का संदेश दिया।

निदेशक का संबोधन फा. डॉ.संतोष सेबास्टियन, निदेशक, फातिमा हॉस्पिटल द्वारा दिया गया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक होनी चाहिए, विशेषकर तब जब समुदाय आपदाओं और संकटों का सामना कर रहा हो। विशेष व्याख्यान डॉ. अमिल एच. खान, एम.डी. (मनोचिकित्सा), सहयोगी प्राध्यापक, बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने आपदाओं के दौरान मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की चुनौतियों और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की।

इसके बाद इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने मानसिक स्वास्थ्य और आपात स्थितियों से जुड़े सवाल रखे। फातिमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग के सहयोगी निदेशक रेव. फादर शिजो ऑगस्टीन, ने अपने विचार साझा किए और विशेषज्ञ वक्ता के उपयोगी विचारों की सराहना किया। कार्यक्रम के समापन से पूर्व आगंतुकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम पर बीएससी नर्सिंग छठे सेमेस्टर की छात्रा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले और फीडबैक फॉर्म जमा करने वाले सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। संगोष्ठी में कॉलेज के प्राध्यापकों, विद्यार्थियों और स्वास्थ्य पेशेवरों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर ने फातिमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को एक बार फिर सशक्त किया।

# भाषा के बिना शिक्षा की कल्पना अधूरी : प्रो. रामदेव शुक्ल

**गोरखपुर।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा तथा पत्रकारिता विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. रामदेव शुक्ल ने कहा है कि भाषा के बिना शिक्षा की कल्पना अधूरी है। मातृभाषा के माध्यम से ज्ञान का संवहन ही भारतीय शिक्षा की आत्मा है। प्रो. शुक्ल शनिवार को महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर के हिंदी विभाग एवं हिंदुस्तानी अकादमी, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे। ह्लराष्ट्रीय शिक्षा नीति भाषायी संदर्भ : चुनौतियां एवं समाधानह्व विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रो. शुक्ल ने कहा कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन करने के उद्देश्य से बनाई गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारतीय भाषाओं के उन्नयन पर जोर दे रही है। इसमें मातृभाषाओं के साथ त्रिभाषा फामूर्ला के उन्नयन के अनेक प्रावधान सन्निहित हैं, जो भली-भांति अपने उद्देश्यों की पूर्ति हेतु सतत क्रियाशील हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में बहुभाषावाद को भी प्रोत्साहित कर रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के भाषाई संदर्भ पर यदि विचार करें, तो यह प्रत्येक विद्यार्थी को तीन भाषाएं सीखने को प्रेरित कर रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति वास्तव में मातृभाषा सहित बहुभाषावाद को बढ़ावा देने और भारतीय भाषाओं को जीवंत बनाए रखने का महनीय कार्य कर रही है। देश का शीर्ष नेतृत्व इसके लिए साधुवाद एवं प्रशंसा का पात्र है।

**मातृभाषा में शिक्षा से अधिक सशक्त और रचनात्मक : प्रो. जंगबहादुर पाण्डेय**

राष्ट्रीय संगोष्ठी में उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय, रांची के हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. जंगबहादुर पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 केवल एक शैक्षणिक दस्तावेज नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और भाषा की पुनर्स्थापना का माध्यम है। शिक्षा मातृभाषा में मिलेगी तो विद्यार्थी का व्यक्तित्व अधिक सशक्त और रचनात्मक बनेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मातृभाषा के महत्व को बहुविध स्वीकार किया गया है और स्कूली शिक्षा में एक अहम बदलाव के रूप में मातृभाषा को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि भाषा केवल किसी व्यक्ति की अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं है, अपितु वह किसी देश की अस्मिता की पहचान भी है। विशिष्ट अतिथि केंद्रीय हिंदी संस्थान, दिल्ली के प्रो. धनजी ने कहा कि भाषा राष्ट्र की पहचान है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बहुभाषिकता की अवधारणा भारत की विविधता को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है। राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में स्वागत संबोधन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने किया। उन्होंने कहा कि यह महाविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों को अपनाने में आगे और संवेदनशील रहा है। संगोष्ठी की संयोजिका डॉ. आरती सिंह ने प्रस्ताविकी प्रस्तुत की।

उद्घाटन सत्र के बाद प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के पूर्व आचार्य प्रो. रामदरश राय ने की। विषय विशेषज्ञ के रूप में डीसीएस खंडेलवाल पीजी कॉलेज, मऊ के प्राचार्य डॉ. सर्वेश पांडेय उपस्थित रहे। प्रथम तकनीकी सत्र में डॉ. राणा तिवारी, ज्ञानेंद्र पांडेय, राहुल यादव, निमिष सिंह सहित 7 लोगों ने अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। सत्र का संचालन महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. वेंकट रमन पांडेय तथा प्रतिवेदन भूगोल विभाग की सहायक आचार्य डॉ. शालू श्रीवास्तव ने किया। द्वितीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विवि , गोरखपुर के प्राचीन इतिहास ,पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग के आचार्य एवं पूर्व अध्यक्ष प्रो.राजवंत राव ने की। सत्र में विषय विशेषज्ञ के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विवि गोरखपुर के हिंदी विभाग के आचार्य प्रो. दीपक प्रसाद त्यागी भी उपस्थित रहे।

## विधायक ने नव निर्मित सड़क का किया उद्घाटन

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** विधानसभा चौरी चौरा विधायक ई. सरवन निषाद ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र के डुमरी खास बसंत टोला में 32.24 लाख रुपए से नव निर्मित आधा किलोमीटर सड़क का फीता काटकर उद्घाटन किया ।और ग्रामीणों को सड़क समर्पित किया। विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में मेरे जनता दर्शन में या किसी भी तरीके से कोई भी सड़क की समस्या बताता है, तो तत्काल उसे संबंधित विभाग से वार्ता करके बजट आवंटित करवाकर सड़कों को दुरुस्त कराता हूं। मेरी विधानसभा में एक भी सड़क जर्जर नहीं छूटेगा यह मेरा वादा है। उन्होंने कहा कि लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। चौरी चौरा विधानसभा क्षेत्र को विकसित क्षेत्र बनाना ही मेरी प्राथमिकता है। विधानसभा क्षेत्र में लगातार सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है और विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश के साथ साथ विकसित चौरी चौरा भी बनाना है।

## मृत युवक की हुई पहचान

**इकदिल, इटावा।** आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर गुरुवार देर रात 11 बजे मानिकपुर मोड़ के पास ट्रक का पहिया चढ़ने से 40 वर्षीय युवक की मौत हो जाने के बाद पुलिस ने उसकी शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया लेकिन उसकी शिनाख्त नही हो सकी थी जिसके बाद दूसरे दिन मृतक के भाई और बेटे श्रीचन्द्र ने पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंच कर अपने पिता सुरेंद्र मांझी पुत्र महावीर निवासी गांव निवाड़ी थाना रूपाऊ जिला नवादा प्रांत बिहार के रूप में हुई है। मृतक युवक अपने पत्नी पातो देवी और दो बेटियों व पांच बेटे समेत बिहार से शहर इटावा में ईंट भट्टे पर मजदूरी करने की लिए आया था उसके भाई दूसरे भट्टे पर चले गए और वह अपने परिवार को लेकर मानिकपुर मोड़ के तरफ दूसरे भट्टे पर चलगे गई गुरुवार शाम की आय जिसके बाद गुमटी बनाकर हाइवे के तरफ घुसने गया था तभी रोड पार करते वक्त ट्रक का पहिया चढ़ने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

# डीएम-एसएसपी ने सुनीं जनता की शिकायतें

**भरथना, इटावा।** डीएम व एसएसपी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए थाना समाधान दिवस में 11 फरियादियों ने अपनी समस्या से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किये। जिनमें से 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हो सका। शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारियों को सौंप जल्द निस्तारण के आदेश दिये गये। माह के दूसरे शनिवार को स्थानीय थाना व कोतवाली में डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ला व एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव की मौजूदगी में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 11 फरियादियों ने विभिन्न विभागों से संबन्धित अपनी-अपनी समस्याओं के प्रार्थना पत्र अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किये। जिनमें से 4 शिकायती प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण हो सका। डीएम व एसएसपी ने शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों व



कर्मचारियों को सौंप जल्द से जल्द निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह के अलावा राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## आयीं 11 शिकायतें

**बकेवर, इटावा।** थाना समाधान दिवस में बकेवर थाना पर 11 शिकायतें आयी। सभी शिकायतें जमीन सम्बन्धी होने के कारण एक का भी निस्तारण नहीं हो सका। शनिवार को थाना समाधान दिवस में तहसीलदार भरथना दिलीप कुमार व थानाध्यक्ष बकेवर विपिन मलिक ने जनता की शिकायतों को सुना। ग्राम चटोरपुरा निवासी नेत्रपाल सिंह ने बताया कि उनकी जगह पर विपक्षी कब्जा दखल नहीं होने दे रहे हैं प्रशासन को कब्जा दखल दिलाए जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है कस्बा बकेवर पटेल नगर निवासी दयाल बाबू ने उनकी जगह पर शेरपुर के गांव के कुछ लोगों की कब्जा किए जाने की शिकायत की कुमारी संध्या ने उनकी जमीन को जबरन कब्जा कर उन्हें जोतने नहीं दे रहे हैं इस मामले की शिकायत की। लखना नहर पर निवासी मीना ने मकान पर कुछ लोगों के द्वारा किए जाने की शिकायत की। गोपियापुर गाँव निवासी निहारिका ने अपनी भूमि पर जमीन पर कब्जा किए जाने की शिकायत की। कस्बा लखना के काहरान मुहाल निवासी इंद्रपाल ने उनकी जगह पर कुछ विपक्षियों के कब्जा किए जाने की शिकायत की। इकघरा गांव निवासी लाली देवी ने नाली में मिट्टी डालकर पानी रोकने की शिकायत की है ग्राम नसीरपुर बोझा निवासी वर्षा ने मिट्टी डालकर चकरोड बनाए जाने के कारण उनके खेत कम होने की शिकायत की है कस्बा आदर्श नगर नगला बनी निवासी राम अमन रामविलास घनश्याम ने एक व्यक्ति चकमार्ग की जगह में नींव भर दी है। जिसके कारण आवागमन में समस्या हो रही। इसकी शिकायत की।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (ईएनएचएम एण्ड डीएम) लखनऊ के द्वारा ई टेंडर संख्या **31-EnHM-AMC-HREBEMCO-25** के अंतर्गत एकल निविदा आमंत्रित की जाती हैं। जिसके बंद होने की तिथि व समय **03.11.2025, 15:00** है जो उसी दिन **15:30** बजे वैबसाइट पर खोले जाएगे। इस टेंडर के अन्तर्गत मैनुअल आफर स्वीकार्य नहीं होंगें। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। टेंडेरर ध्यान दें कि निविदा मूल्य (जैसा **IREPS** पर प्रावधान हो) का भुगतान वह केवल **through online payment mode** जो की **IREPS** पर उपलब्ध है जैसे की नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ही स्वीकार्य है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रशीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं है ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | कम्प्रेहेन्सिव एनुअल मेन्टेनेन्स कान्ट्रैक्ट आफ बेम्को मेक हायड्रोलिक री–रेलिंग इक्युपमेन्ट वन सेट ईच ऐट ए.आर.टी. लखनऊ एण्ड टूल वैन वाराणसी आफ लखनऊ डिवीजन फार द पीरियड आफ फाइव इयर्स। | | |
| निविदा टाइप | एकल निविदा | बिडिंग स्टाइल | सिंगल बिड सिस्टम |
| निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय | 03.11.2025<br>15:00 बजे | अपलोडिंग दिनांक | 13.10.2025 |
| प्री बिड येस/नो | नो | प्री बिड कुएरी डेट टाइम | नाट अप्लीकेबल |
| एडवरटाइज्ड वैल्यू (₹) | 77,20,757.70<br>(Including GST) | टेण्डरिंग सेक्शन | टेन्डर ओएफ (ईएन एचएम एण्ड डीएम) |
| बिडिंग स्टाइल | सिंगल रेट फार ईच शिडयूल आइटम | बिडिंग यूनिट | % एज अबव / बिलो / एट पार |
| धरोहर राशि (₹) | 1,54,500.00 | आफर की वैधता | 45 दिन |
| निविदा मूल्य (₹) | 0.00 | कार्य की अवधि | 60 माह |
| बिडिंग स्टार्ट डेट | 20.10.2025 | | |

No: 31-EnHM-AMC-HREBEMCO-25 दिनांक: 11.10.2025
3153/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

## अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो जख्मी

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों के घायल हो जाने पर इलाज के लिए मोहम्मदी सी एच सी पर भर्ती कराया गया डॉक्टर ने जांच के दौरान हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया है। क्षेत्र में शनिवार को स्टेट हाईवे पर मोहल्ला बबौरी के पास गांव धर्मपुर निवासी विकास अपनी बाइक से समान की खरीदारी करने मोहम्मदी दिया रहा था।एक वाहन मैं लगे प्रेशर हॉर्न अचानक बजने से बाइक चालक चौक गया जिससे उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पडने से पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली का पहिया उसके ऊपर से निकल जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है वहीं दूसरी घटना नेशनल हाईवे पर गांव शाहपुर जागीर के पास कोलवाजार निवासी हीरालाल अपनी बाइक से रामपुर बाजार सामान खरीदने जा रहे थे तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने कुचल दिया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए थे इलाज के लिए मोहम्मदी सी एच सी पर भर्ती कराया गया था डॉक्टरों ने दोनों घायलों की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर किया है। आरोपी वाहन चालक मौका पाकर भाग निकले हैं।

## सड़क हादसे में एक युवक की मौत, दो घायल

गोला गोकर्णनाथ ,खीरी।वीओएल। नीमगांव थाना क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमें से एक की मौत हो गई। हादसे में शाहजहांपुर जिले के कांट निवासी रमेश दीक्षित (35 वर्ष), रमाकांत (28 वर्ष) पुत्र ब्रह्मप्रकाश, तथा हरदोई जिले के शाहाबाद निवासी सचिन (26 वर्ष) पुत्र सर्वेश गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी गोला पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने रमेश दीक्षित को मृत घोषित कर दिया। सचिन और रमाकांत की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# कोतवाली सदर में डीएम-एसपी ने सुनीं समस्याएं



जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने थाना कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे, जहां उन्होंने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी।

समाधान दिवस में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। डीएम-एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, सीओ सिटी विवेक तिवारी, प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## मॉडर्न स्कूल सोहना में महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत थाना चंदन चौकी की महिला शक्ति टीम द्वारा एकलव्य मॉडर्न स्कूल सोहना में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया।

महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत थाना चंदनचौकी की महिला शक्ति टीम द्वारा अभियान चलाकर ,महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति एवं साइबर सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, सम्मान व बच्चो की सुरक्षा के उद्देश्य से जागरूक करते हुये अपराधों से उनकी सुरक्षा और उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रमुख कानूनो एंव गरिमा के विरूद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी देते हुये विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु हेल्पलाइन नम्बरो के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।



## डीएम के संज्ञान में आते ही छोटे राठौर तक पहुंची मदद

लखीमपुर खीरी। प्रदेश सरकार की संवेदनशीलता और प्रशासन की तत्परता का उदाहरण शनिवार को तहसील मितौली के ग्राम औरंगाबाद में देखने को मिला। मोहल्ला कटरा कुआं निवासी छोटे राठौर नामक गरीब व्यक्ति की दीन-हीन स्थिति की सूचना जैसे ही प्रशासन को मिली, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने तत्काल संज्ञान लेते हुए राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। डीएम के निर्देश पर एसडीएम मितौली मधुसूदन गुप्ता के नेतृत्व में राजस्व टीम (राजस्व निरीक्षक और लेखपाल) मौके पर पहुंची और परिवार को तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराई। टीम ने 50 किलो गेहूं, 50 किलो चावल के साथ सब्जी, आलू, दाल, नमक, तेल जैसी आवश्यक वस्तुएं परिवार को प्रदान कीं ।जानकारी के अनुसार आधार कार्ड न बनने के कारण यह परिवार अब तक सरकारी योजनाओं से वंचित था। इस पर एसडीएम मितौली मधुसूदन गुप्ता ने बताया कि परिवार के आवश्यक दस्तावेज एकत्र कर लिए गए हैं और आधार कार्ड एवं राशनकार्ड बनवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, ताकि परिवार को आगे से सभी योजनाओं का लाभ नियमित रूप से मिल सके। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई भी परिवार भूखा या बेसहारा न रहे। जरूरतमंदों को तत्काल सहायता पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## अवैध रूप से आतिशबाजी रखने पर शफीक पर किया गया अभियोग पंजीकृत



पलियाकलां खीरी। आज थाना क्षेत्र पलिया के ग्राम बड़ागाँव में पतवारा रोड पर सफीक पुत्र छोटकऊ द्वारा अवैध रूप से रखी गई सामग्री आतिशबाजी सामग्री उप जिलाधिकारी डॉ. अवनीश कुमार की उपस्थिति में की गई जब्त। तथा अवैध रूप से आतिशबाजी सामग्री रखने पर थाना पलिया में अभियोग पंजीकृत कराया जा रहा है।

## विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक



गोला गोकर्णनाथ ,खीरी।वीओएल। उत्तर प्रदेश एड्स नियंत्रण सोसाइटी के निर्देशानुसार युवा जागरूकता सत्र अभियान के तहत शनिवार को गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महिला चिकित्सालय, लखीमपुर खीरी की पीपीटीसीटी परामर्शदाता सोनम सक्सेना द्वारा किया गया। सत्र के दौरान एचआईवी/एड्स, स्वच्छ जीवनशैली, क्षय रोग (ट्यूबरक्लोसिस) तथा सामान्य स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सौरभ दीक्षित सहित सभी शिक्षकों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य डॉ. सौरभ दीक्षित द्वारा अतिथियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद शाखा गोला के कोषाध्यक्ष रवि सक्सेना, राम सनेही, डॉ. राजेश कुमार, आमिर हुसैन, नागेश वर्मा, तेजराम गंगवार, श्रीश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## श्रीराम कथा में रामराज्य की महिमा का वर्णन




गोला गोकर्णनाथ ,खीरी। वीओएल। ग्राम सुहेला स्थित हनुमान मंदिर में चल रही श्रीराम कथा के समापन दिवस पर कथा व्यास अजयानंद महाराज ने लंका दहन, मेघनाद और कुम्भकर्ण वध, रावण मरण तथा राम राज्याभिषेक प्रसंग का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि रामराज्य में कोई दुखी नहीं था, न ही किसी को अकाल मृत्यु का भय था। यही कारण है कि आज भी रामराज्य की परिकल्पना की जाती है। उन्होंने बताया कि रामराज्य की विशेषता थी कि सभी लोग अपने वर्ण और आश्रम के धर्म का पालन करते थे तथा वेदमार्ग पर आचरण करते हुए सदा सुखी रहते थे। यही रामराज्य की वास्तविक सार्थकता है।

इस अवसर पर महेंद्र त्रिपाठी, डॉ. वी.के. वर्मा, दुर्गा प्रसाद मिश्र, राकेश शुक्ल, ज्ञानेंद्र मिश्र, रमेंद्र वाजपेयी, राजेश्वर शुक्ल, आनंद त्रिवेदी, वेद प्रकाश अग्निहोत्री, जया अग्निहोत्री, राकेश अवस्थी, सतीश वर्मा, हरिशंकर त्रिवेदी, नरेंद्र अग्निहोत्री, जयप्रकाश अवस्थी, आनू कुमार, राजकुमार, वेदपाल वर्मा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## विराट कवि सम्मेलन आज

गोला गोकर्णनाथ,खीरी।वीओएल। श्री हनुमान मंदिर सुहेला में आयोजित षष्ठम वार्षिकोत्सव के अवसर पर रविवार की रात्रि आठ बजे से विराट कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में प्रदेश और देश के प्रसिद्ध कवि अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को भावविभोर करेंगे ।कार्यक्रम में डॉ. गंगा प्रसाद शर्मा ह्यगुणशेखर, डॉ. नागेश पांडेय ह्यसंचल, चक्रधर शुक्ला और शशिवाल आदि मौजूद रहेंगे। आमंत्रित कविगण में राजकुमार सचान, संदीप मिश्र ह्यसरसह्ल, जय प्रकाश प्रजापति, डॉ. उदनारायण उदय, शिव प्रताप सिंह चौहान, शिवेश राजा, अवनीश त्रिवेदी अभय, रोहित विश्वकर्मा और गौरव गुप्ता शामिल हैं। आयोजक डा0वेदप्रकाश अग्निहोत्री ने कार्यक्रम को सफल बनाने की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली हैं।

## बाल साहित्यकार संतकुमार बाजपेई का निधन



गोला गोकर्णनाथ ,खीरी। वीओएल। मोहल्ला भारत भूषण कॉलोनी निवासी वरिष्ठ बाल साहित्यकार एवं पब्लिक इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य संतकुमार बाजपेई संत (75 वर्ष) का शुक्रवार की देर शाम लगभग 9 बजे निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों, साहित्यकारों और शिक्षाविदों ने गहरा शोक व्यक्त किया। सभी ने उन्हें एक उत्कृष्ट शिक्षक, संवेदनशील साहित्यकार और बच्चों के प्रिय रचनाकार के रूप में याद किया। शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए लोगों ने कहा कि संतकुमार बाजपेई संत के निधन से साहित्य जगत को अपूर्णीय क्षति हुई है। उनके योगदान को लंबे समय तक स्मरण किया जाएगा। शनिवार को उनका अन्तिम संस्कार मुक्तिधाम में कर दिया गया है।

# क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



गोला गोकर्णनाथ,खीरी।वीओएल। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत ह्लमेरा युवा भारत लखीमपुर खीरी के तत्वावधान में तरूणोदय यूथ क्लब द्वारा दो दिवसीय क्लस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कृषक समाज इंटर कॉलेज, गोला में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन जिला युवा अधिकारी संकल्प शुक्ला के निर्देशन में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि 1969 के नेशनल चैंपियन अटवाल, विद्यालय के उपप्रधानाचार्य लखपत भारती, एडवोकेट आनंद और डॉ. अनिल कुमार उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि अटवाल ने कहा कि हेल्दी माइंड के लिए हेल्दी बॉडी का होना अत्यंत आवश्यक है और यह केवल नियमित खेलकूद से ही संभव है। उन्होंने कहा कि खेल शरीर को तंदुरुस्त और मन को प्रसन्न रखते हैं। वहीं उपप्रधानाचार्य लखपत भारती ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जीत और हार खेल के दो पहलू हैं, परंतु प्रयास करने वाला खिलाड़ी कभी हारता नहीं। प्रतियोगिता के परिणामों में बालक वर्ग 400 मीटर दौड़ में अयान बेग प्रथम, अभिषेक कुमार द्वितीय तथा रामानुज तृतीय स्थान पर रहे। वहीं बालिका वर्ग 200 मीटर दौड़ में लवी शर्मा ने प्रथम, सृष्टि वर्मा ने द्वितीय और शिफा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद बालक वर्ग में शिवम कुमार प्रथम, अविनाश कुमार द्वितीय और अभिषेक कुमार तृतीय स्थान पर रहे। बैडमिंटन बालिका वर्ग में शिफा विजेता एवं रिंकी उपविजेता रहीं। कबड्डी बालक वर्ग में कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला विजेता तथा गोला क्लब गोला उपविजेता रहा। बालिका वर्ग में रन स्पोर्ट अकैडमी गोला विजेता और कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला उपविजेता रही। निर्णायक मंडल में कपिल वर्मा, सरोज वर्मा, सुमित कुमार यादव, मनीषा, रागिनी एवं आबिद ने अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संयोजन युवा स्वयंसेवी संदीप कुमार वर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि आज का युवा वर्ग तनावग्रस्त जीवन जी रहा है, ऐसे में खेल ही ऐसा माध्यम है जो युवाओं को मानसिक संतुलन बनाए रखने और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने में मदद करता है। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। सभी विजेता खिलाड़ी आगामी 16 अक्टूबर को लालपुर स्टेडियम, लखीमपुर में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर युवा मंडल के सदस्य अखिलेश कुमार, विनय वर्मा सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर चमियानी में पथ संचलन

जिला संवाददाता(vol)



पुरवा, उन्नाव। सैकड़ों स्वयंसेवकों ने पथ संचलन में अनुशासन का संदेश दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को चमियानी में भव्य पूजन एवं पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर चमियानी का माहौल संघ गीत से ओतप्रोत नजर आया।

कार्यक्रम में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने गणवेश में अनुशासनबद्ध पंक्तियों में सहभागिता की। सुबह से ही नगर के विभिन्न भागों से स्वयंसेवक शाखा स्थल पर पहुंचने लगे थे कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत एवं संघ प्रार्थना के साथ किया गया। शस्त्र पूजन के दौरान स्वयंसेवकों ने पारंपरिक विधि से अपने दंड, लाठी एवं शस्त्रों का पूजन किया। सर्वप्रथम जिला संघ संचालक द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संघ की स्थापना, उद्देश्य और शताब्दी यात्रा पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि संघ अपने 100 वर्षों की यात्रा में समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण और संस्कार निर्माण की मजबूत नींव बन चुका है। चमियानी खंड के सभी क्षेत्र एवं ग्रामों से स्वयंसेवक बड़ी संख्या में पहुंचे स्वयंसेवकों की अनुशासित पंक्तियाँ आकर्षण का केंद्र बनीं। पथ संचलन में आगे बैंड दल और ध्वजवाहक स्वयंसेवक चल रहे थे। ह्यभारत माता की जयह्ल और ह्यवंदे मातरमह्ल के जयघोष से पूरा चमियानी गूंज उठा नगरवासियों ने जगह-जगह फूल बरसाकर स्वयंसेवकों का स्वागत किया महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग छतों से पुष्पवर्षा करते दिखाई दिए। चमियानी की मुख्य सड़कों से गुजरते हुए संचलन ने ग्राम में एकता का संदेश दिया शांतिपूर्ण और अनुशासित पथ संचलन ने लोगों का मन मोह लिया कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज और भगवा पताकाओं की छटा देखते ही बनती थी स्थान-स्थान पर नागरिक समितियों ने स्वागत की व्यवस्था की। स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात की समुचित व्यवस्था की थी संपूर्ण मार्ग पर पुलिस बल और स्वयंसेवक व्यवस्था में लगे रहे। कार्यक्रम स्थल पर जनसैलाब उमड़ पड़ा वक्ताओं ने कहा कि शस्त्र पूजन केवल परंपरा नहीं बल्कि राष्ट्ररक्षा का प्रतीक है यह आयोजन भारत की सांस्कृतिक चेतना और गौरव का परिचायक है संघ के अधिकारियों ने कहा कि शताब्दी वर्ष संघ के लिए आत्ममंथन और नवऊर्जा का समय है उन्होंने युवाओं से देशहित में संगठित होने का आह्वान किया।

## पैरामेडिकल और मेडिकल स्टाफ को हृदय रोग का प्रशिक्षण दिया

पुरवा, उन्नाव। शनिवार को स्थानीय सीएचसी सभागार में सभी मेडिकल एवं पैरामेडिकल स्टाफ को हृदय रोग से सम्बंधित प्रशिक्षण दिया गया। जिसमे जिले से एसडीएमओ डॉ जय राम सिंह एवं अधीक्षक डॉ दिनेश कुमार की उपस्थिति में डॉ तपन गुप्ता द्वारा प्रशिक्षण दिया गया ।उन्होंने बताया कि एसटीईएमआई का मतलब है एसटीएलिवेशन मायोकार्डियल इन्फार्क्शन। जिसे हिंदी में ष्एसटी-खंड उन्नयन मायोकार्डियल रोध गलनष कहते हैं। यह एक गंभीर और जानलेवा प्रकार का हार्ट अटैक है ।जिसमें हृदय की एक प्रमुख धमनी पूरी तरह से अवरुद्ध हो जाने से हृदय की मांसपेशियों को ऑक्सीजन युक्त रक्त नहीं मिल पाता ।इसका निदान ईसीजी (इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम) पर एसटी खंड के ऊपर उठने से होता है। स्टेमी का मतलब और पहचान मायोकार्डियल इन्फार्क्शन यह हार्ट अटैक का चिकित्सा नाम है। इसका अर्थ है हृदय की मांसपेशी (मायोकार्डियम) को होने वाला नुकसान जो रक्त प्रवाह रुक जाने के कारण होता है। एसटी एलिवेशन की पहचान ईसीजी (इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम) परीक्षण से होती है ।सामान्य ईसीजी में एसटी खंड सपाट होता है ।लेकिन स्टेमी में यह ऊपर की ओर उठा हुआ दिखाई देता है ।जो एक पूर्ण रुकावट का संकेत देता है। पूर्ण रुकावट स्टेमी में धमनी 100 प्रतिशत अवरुद्ध होती है। जबकि अन्य प्रकार के हार्ट अटैक (एनस्टेमी) में धमनी आंशिक रूप से अवरुद्ध हो सकती है ।स्टेमी क्यों खतरनाक है ।यह एक जानलेवा स्थिति है ।जिसके लिए तत्काल चिकित्सा की आवश्यकता होती है। हृदय की मांसपेशियों को क्षतिरू रक्त प्रवाह की तत्काल बहाली के बिना, हृदय की मांसपेशियां स्थायी रूप से क्षतिग्रस्त या मृत हो सकती हैं ।वहीं उपचार न होने पर, यह हृदय गति रुकने का कारण बन सकता है। जिससे मृत्यु हो सकती है ।किसी स्टेमी पीड़ित को तुरंत आपातकालीन सेवा के नंबर पर कॉल करें। प्रशिक्षण में डॉ यूके सिंह, डेंटल हाइजेनेस्ट एहसान अली, डॉ मनीष कुमार डॉ रजनी अवस्थी, नेत्र परिक्षण अधिकारी अनिल कुमार व एलटी अंबरीश कुमार आदि लोग रहे।



# किसानों ने सुना पीएम का उद्बोधन

लखीमपुर खीरी। देश के किसानों के लिए शनिवार का दिन ऐतिहासिक रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधान मंत्री धन-धान्य कृषि योजना के शुभारंभ के साथ किसानों को 42 हजार करोड़ रुपये की सौगात दी। इस अवसर पर मंझरा स्थित भा.कृ.अनु.प.कृषि विज्ञान केन्द्र-क्क (भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ) में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। जिले के 338 किसानों ने केंद्र के सभागार कक्ष और व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से कार्यक्रम में सहभागिता की।

यह योजना 11 मंत्रालयों की 36 केंद्रीय योजनाओं का एकीकरण है। प्रधानमंत्री ने इस दौरान दलहन आत्मनिर्भरता मिशन की शुरूआत के साथ कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन व खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की 1100 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

कार्यक्रम का आयोजन भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के निदेशक डॉ. दिनेश सिंह के मार्गदर्शन में किया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र-क्क के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार सिंह ने सभी कृषकों का स्वागत किया और उन्हें मौसम के अनुरूप फसलों एवं पशुओं की देखभाल के लिए उपयोगी सुझाव दिए। उन्होंने खुरपका-मुंहपका और गलाघोंटू रोगों से बचाव हेतु समय पर टीकाकरण कराने की अपील की। उद्यान विशेषज्ञ आर्य देश दीपक मिश्रा ने फलों, फूलों और सब्जियों की वैज्ञानिक खेती पर विस्तार से जानकारी दी, जबकि पादप संरक्षण विशेषज्ञ डॉ. विवेक कुमार पांडेय ने कीटनाशकों और रोगनाशकों के सुरक्षित एवं प्रभावी प्रयोग पर विस्तृत व्याख्यान दिया।

कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान महेंद्र यादव (देवकली) और अरविंद सिंह (निघासन) ने अपने अनुभव साझा किए। इस मौके पर किसानों को चारा उत्पादन हेतु 150 कृषकों में जई के बीजों का निःशुल्क वितरण किया गया। प्रक्षेत्र प्रबंधक संजीव कुमार सिंह ने किसानों को प्रक्षेत्र भ्रमण कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शुभम गुप्ता, अमरेन्द्र प्रताप सिंह और अनूप शर्मा का विशेष योगदान रहा। अंत में केंद्र प्रमुख ने सभी कृषक बंधुओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## अश्लील कमेंट करने वाला शातिर को मिशन शक्ति टीम ने पकड़ा

मथुरा। थाना कोतवाली की मिशन शक्ति टीम द्वारा सार्वजनिक स्थानो पर आने जाने वाली महिलाओं व लडकियों पर अश्लील कमेन्ट करने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है। थाना कोतवाली की म0उ0नि0 कंचन की मिशन शक्ति टीम ने सार्वजनिक स्थानो पर आने जाने वाली महिलाओं व लडकियों पर अश्लील कमेन्ट करने वाले देवेन्द्र पुत्र भीष्म निवासी उपरला पडौस चुरियाना मौहल्ला बाल्मिकी बस्ती बाल्मिकी बाटिका जंक्शन रोड के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपित के विरूद्ध थाना कोतवाली पर मु0अ0स0 645/2025 धारा 296 बी0एन0एस0 पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

## अपनी मांग सुहागन हो, संग हमेशा साजन हो...

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। पति की लंबी आयु और उस पर आने वाली हर विपदा को टालने की कामना कर सुहागिनें हर साल करवा चौथ व्रत करती हैं। इसको लेकर लंबे समय से व्रत कर रही महिलाओं से ज्यादा उत्साहित नवविवाहिताएं होती हैं। वहीं अच्छा वर पाने की कामना कर कन्याएं भी यह व्रत करती हैं। शाम से ही जैसे सभी सुहागिन महिलाओं की निगाहें आसमान में चांद को निहार रहीं थीं। अब तो पत्नी के साथ पति के व्रत रखने का भी चलन बढ़ रहा है। शाम के धुंधले अंधेरे में जैसे ही चांद के दीदार हुए सुहागिनों के साथ-साथ उनके पति के चेहरे भी खिल उठे। पति-पत्नी ने एक साथ चांद का दीदार किया और पूरे दिन का निर्जल व्रत खोला। इससे पहले सुहागिन महिलाओं ने मंदिरों में जाकर व्रत की कहानी सुनी।

शुक्रवार की सुबह महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखा और दिन में करवा चैथ से जुड़ी कहानियां मंदिरों व एक दूसरे के घरों में जाकर सुनीं। सभी घरों में पकवान बनाए गए। जैसे ही शाम को आसमान में चांद चमका। सुहागिनों ने अपने जीवन साथी के साथ चांद का दीदार किया और दिन भर की उम्मीदों को मूर्त रूप दे दिया। चांद को अर्घ दिया और सजना ने अपने हाथ से सजनी को पानी पिलाकर व्रत खुलवाया। इस दौरान सभी छतों पर महिलाएं दिखाई दीं। इससे पूर्व दिन भर सुहागिनों ने अपने सजना की दीघार्यु की कामना को रखे जाने वाले करवा चौथ के व्रत को पूरी श्रद्धा के साथ रखा। नव विवाहिताएं हों या फिर अधेड़, सभी में अपने पति की दीघार्यु की कामना की। इसके लिए सभी में समान रूप से उल्लास दिखाई दिया। हर ओर सोला श्रृंगार कर सजी संवरी महिलाएं दिखाई दी। अपने श्रृंगार व सजने में किसी ने कोई कोताही नहीं बरती। पुरुषों ने भी अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए अपनी जीवन संगिनी को तोहफे भेंट किए। साथ ही सातों जन्म के लिए अपने सजना-सजनी का साथ मांगा।

# विद्या निकेतन में मना अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस, बेटियों को दी नयी प्रेरणा



गोला गोकर्णनाथ ,खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को विकास के अवसर प्रदान करना, समाज में उनका सम्मान और अधिकार सुनिश्चित करना, तथा उन्हें पने अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ गरिमा अखिलेश वर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष प्रधानाचार्या मधु त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा अध्यक्ष मंजुलता, महिला आयोग सदस्य सुजीता कुमारी, मोना भसीन, सौरभ वर्मा, खदीजा खातून तथा सारलेस वर्मा उपस्थित रहीं। इस वर्ष की थीम बालिकाएँ का नेतृत्व और उनकी स्वतंत्र पहचान रही। अपने उद्बोधन में अति विशिष्ट अतिथि गरिमा अखिलेश वर्मा ने कहा कि बालिकाएँ केवल भविष्य की आशा नहीं हैं, बल्कि आज बदलाव लाने की असली शक्ति हैं। हर बालिका में समाज को दिशा देने की क्षमता है, बस उसे पहचान और अवसर की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित छात्राओ मल्लिका गुप्ता (भारतीय सांख्यिकीय सेवा), अनुष्का वर्मा (चार्टर्ड लेखाकार), प्रज्ञा वर्मा (चिकित्सा प्रवेश परीक्षा), तान्या पटेल (चिकित्सा प्रवेश परीक्षा) एवं अनुष्का वर्मा (चिकित्सा प्रवेश परीक्षा) को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन पूजा पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में शिक्षकों, अभिभावकों एवं छात्राओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

संक्षेप

## सर्पदंश से युवक की मौत

आजमगढ़। जनपद के मेंहनगर थाना क्षेत्र के गंजेर गांव में शुक्रवार रात एक दुखद घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। जयप्रकाश यादव के इकलौते 22 वर्षीय पुत्र आदित्य यादव की सर्पदंश से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, और गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी। मिली जानकारी के अनुसार, आदित्य शुक्रवार रात करीब 8 बजे गांव के पश्चिमी सिवान में बने मकान के बरामदे में सोने की तैयारी कर रहे थे। मच्छरदानी उठाते समय वहां पहले से मौजूद सांप ने उन्हें डस लिया। परिजनों ने तुरंत उन्हें मेंहनगर कस्बे के गुप्ता होमियोहाल ले जाकर इलाज करवाया, जहां डॉक्टर ने दवा दी और आदित्य ने खुद को ठीक होने की बात कही। हालांकि, शनिवार तड़के 4 बजे आदित्य ने पेट दर्द की शिकायत की, और परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मेंहनगर ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मेंहनगर पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर विधिक कार्रवाई पूरी की और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मर्चरी हाउस भेज दिया। क्षेत्रीय लेखपाल पंकज कुमार भी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की। इस हृदयविदारक घटना ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया है।

## सपा नेता पर दलित को पीटने का आरोप

जौनपुर। जफराबाद में शुक्रवार देर शाम एक दलित ट्रैक्टर चालक की पिटाई का मामला सामने आया है। आरोप है कि सपा नेता निजामुद्दीन अंसारी और उनके दो साथियों ने लाठी-डंडों से प्रमोद कुमार नामक चालक को पीटा। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद तीन आरोपियों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। यह घटना नगर पंचायत कजगांव के पानी टंकी के पास हुई। लाइनबाजार क्षेत्र के तहरपुर परियावा गांव निवासी प्रमोद कुमार ने अपना ट्रैक्टर सड़क पर एक दुकान के सामने खड़ा किया था। आरोप है कि दुकानदार ने उन्हें तुरंत ट्रैक्टर हटाने को कहा, जिस पर विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ने पर सपा के मल्हनी विधानसभा अध्यक्ष निजामुद्दीन अंसारी, उनके पुत्र नवी अहमद और सेजर आलम ने प्रमोद कुमार को गाली देते हुए लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। प्रमोद जब ट्रैक्टर लेकर जाने के लिए ड्राइविंग सीट पर बैठे थे, तब भी उन पर हमला किया गया। प्रमोद जब ट्रैक्टर लेकर जाने के लिए, ड्राइविंग सीट पर बैठे थे, तब भी उन पर हमला किया गया प्रमोद की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट की धाराओं और एससीएसटी एक्ट की धारा 3(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष का कहना है कि यह घटना ट्रैक्टर हटाने को लेकर हुए विवाद के कारण हुई। उन्होंने पुष्टि की कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## समाधान दिवस पर 16 प्रार्थना पत्रों में 3 का निस्तारण

लालगंज, मीरजापुर। थाना परिसर में समाधान दिवस पर एडीएम नमामि गंगे विजेता के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। फरियादियों द्वारा कुल 16 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 3 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष बचे हुए प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस टीम गठित कर निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। एडीएम नमामि गंगे विजेता ने राजस्व एवं पुलिस टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मन्शा है कि फरियादी को बार-बार तहसील एवं थाने का चक्कर न लगाना पड़े और एक ही समस्या कई बार पटल पर आना यह खेद का विषय है। उन्होंने कहा कि फरियादी की समस्या को प्रमुखता से लेते हुए मौके पर जाकर फरियादी से मिलकर दो गवाहों की फोटोग्राफी कराते हुए फरियादी की समस्या गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण कर समय के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करें कहा कि फरियादी की समस्या निस्तारण करने में यदि किसी भी प्रकार की शिथिलता पाई जाती है तो संबंधित टीम के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। एडीएम नमामि गंगे के कड़े तेवर को देखते हुए टीम फरियादी की समस्या निस्तारण करने में लगे रहे। इस अवसर पर थाना प्रभारी अभय कुमार सिंह, दीवान पंचम यादव समेत पुलिस स्टाफ और राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश उपाध्याय, लेखपाल संघ पूर्व अध्यक्ष अनूप कुमार पांडे, मनोज सिंह, अरुण कुमार तिवारी, अनुराग तिवारी, कन्हैयालाल आदि फरियादी मौजूद रहे।

# अंतर्जनपदीय चोरी गिरोह का पर्दाफाश

**103 चोरी के टायर, अवैध तमंचा और दो कार बरामद**
**गिरोह बनाकर करते थे दुकानों से चोरी**

जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। जनपद के निजामाबाद थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अन्तर्जनपदीय चोरी गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने 5 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया, जिनके कब्जे से 103 चोरी के मोटरसाइकिल टायर, एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, दो कारें, 5 मोबाइल फोन और 2,620 रुपये नकद बरामद किए गए। बरामद माल की अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख रुपये है। पुलिस के अनुसार, जनपद आजमगढ़ के विभिन्न थाना क्षेत्रों में टायर चोरी की घटनाएँ लगातार हो रही थीं। इनमें निजामाबाद, सरायमीर और कोतवाली थानों में दर्ज मामले शामिल हैं, जिनमें दुकानों से टायर, रिम और अन्य सामान चोरी किए गए थे। घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष अभियान चलाया।

10-11 अक्टूबर की रात को थाना प्रभारी हीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर गन्धुवई कोल्ड स्टोर के पास दो कारों (मारुति अल्टो और रेनॉल्ट क्विड) में सवार 5 संदिग्धों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने कबूल किया कि वे 6 लोगों का गिरोह बनाकर दुकानों के ताले तोड़कर चोरी करते थे और सामान को सस्ते दामों में बेच देते थे। गिरोह का एक अन्य सदस्य सुधीर चौहान फरार है, जिसकी तलाश जारी है। गिरफ्तार अभियुक्तों में गोपाल चौहान (19), संदीप कुमार (23), राहुल चौहान (27), अभिषेक चौहान (19) और रोहित चौहान (24) शामिल हैं। रोहित चैहान के पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। रोहित का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है, जिसमें आजमगढ़, मऊ और अम्बेडकर नगर में चोरी और आर्म्स एक्ट के 14 मामले दर्ज हैं। अन्य अभियुक्तों का भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। पुलिस ने अभियुक्तों की निशानदेही पर 103 चोरी के टायर बरामद किए। इस ऑपरेशन में थाना प्रभारी हीरेन्द्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सविन्द्र राय, उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, उपनिरीक्षक दिलीप आनंद और स्वाट टीम प्रभारी राजकुमार सिंह की टीम शामिल थी। मामले में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमे दर्ज किए गए हैं, और फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## आधुनिक साइबर थाने का शुभारंभ



जौनपुर। साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से शनिवार को एक आधुनिक साइबर थाने का विधिवत शुभारंभ किया गया।

राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव, जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र और पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद थाने का भूमि पूजन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर सीओ गोल्डी गुप्ता, सीओ साइबर शुभम वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन सहित पुलिस विभाग और प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद रहे। यह थाना नवीनतम तकनीकी संसाधनों और प्रशिक्षित पुलिस कर्मियों से सुसज्जित है। यहां पीड़ित अपनी शिकायतें ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से दर्ज करा सकेंगे। थाने में तैनात तकनीकी सेल के विशेषज्ञ और पुलिस पदाधिकारी साइबर धोखाधड़ी से जुड़े मामलों का वैज्ञानिक और डिजिटल तरीके से अनुसंधान करेंगे, जिससे अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी में तेजी आएगी। शिकायत दर्ज होते ही प्रशिक्षित टीम साइबर अपराधियों तक पहुंचने के लिए डिजिटल ट्रैकिंग, डेटा एनालिसिस और अन्य अत्याधुनिक तकनीकों का प्रयोग करेगी। इसका लक्ष्य पीड़ितों को समय पर न्याय सुनिश्चित करना है। साइबर थाना अपराध की रोकथाम के लिए जिले भर में लगातार जागरूकता अभियान भी चलाएगा। लोगों को ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, बैंक फ्रॉड और सोशल मीडिया पर धोखाधड़ी जैसी गतिविधियों से बचने के तरीके बताए जाएंगे। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि यह साइबर थाने का उद्देश्य केवल अपराधियों को पकड़ना नहीं है, बल्कि लोगों को इतना जागरूक करना है कि वे ठगी के जाल में फंसें ही नहीं।

## यज्ञ से होता है जनमानस का कल्याण



आजमगढ़। नगर के करतालपुर, ब्रह्मस्थान स्थित रामजानकी दुर्गा मंदिर पर 11 से 19 अक्तूबर तक आयोजित श्री हरिहरात्मक महायज्ञ का शनिवार को भव्य कलश यात्रा से शुभारंभ हुआ। श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर श्री रामकृष्णदास जी महाराज के नेतृत्व में निकली कलश यात्रा में शामिल हजारों श्रद्धालुओं के मुखारविंद से देवी देवताओं के जयकारे और हर-हर महादेव के उद्घोष से संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा में हाथी, घोड़ा, रथ, नगाड़ा के साथ साधु संत, हजारों कन्याएं, महिलाएं, श्रद्धालुजन यज्ञस्थल से अतलश टैंक होते हुए राजघाट तमसा तट पर पहुंचे, जहां नदी का पूजन करने के उपरांत जल लेकर यज्ञ स्थल पर आये। इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्ति के सागर में डूब गया। काशी के यज्ञाचार्य पं. कपिलदेव शर्मा ने मुख्य यजमान डा. एस. सी. गुप्ता के हाथों वैदिक रीति से कलश पूजन संपन्न कराया।

स्वामी रामकृष्ण दास जी महाराज ने कहा कि यज्ञ से जनमानस का कल्याण होता है। उन्होंने बताया कि हरिहरात्मक महायज्ञ के दौरान भगवान विष्णु और शिव की पूजा करने से कई जन्मों के पापों का अंत होता है, जीवन की विपत्तियों का नाश होता है और आध्यात्मिक विकास होता है। हरिहरात्मक महायज्ञ इतना शक्तिशाली है कि यह जीवन के सभी दुखों को मिटा देता है और जीवन में आश्चर्यजनक परिणाम देता है। कार्यक्रम के बारे मे जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि प्रतिदिन सायं रामेश्वरानंद महाराज और सुधीर दास का प्रवचन होगा एवं दिन में हवन-पूजन होगा। कलश यात्रा में संत सेवा संगठन के अध्यक्ष पंडित सुभाष चंद्र तिवारी कुंदन, संघ के विभाग कार्यवाह सुरेश शुक्ला, डा. पारिजात बरनवाल, संजय कुमार पाण्डेय सरस, राममूरत यादव पहलवान, संजय दास महाराज, उपेन्द्र दास, मंगल दास, रणविजय सिंह, राजेश रंजन, कुलभूषण सिंह, सुरेश पांडेय, सुभाष श्रीवास्तव, संजय सिंह, दिनेश विश्वकर्मा, अजय पांडेय, शरद गुप्ता, श्रीमती किरण सिंह सहित हजारों की संख्या में भक्तगण शामिल रहे।

## डीएम ने थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की सुनी समस्याएं

मीरजापुर। शासन के निदेर्शानुसार जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल मनीष कुमार मिश्रा द्वारा थाना चील्ह पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। जिलाधिकारी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आने वाले फरियादियों से विनम्र व्यवहार रखते हुए उनकी समस्याओं को सुनते हुए त्वरित न्याय दिलाए जिससे लोगो में पुलिस के प्रति अच्छा संदेश जाए। उन्होंने कहा कि आगामी त्यौहारो को देखते हुए पुलिस अधिकारी क्षेत्रो में भ्रमणशील रहते हुए पेट्रोलिंग करे। थाना दिवस के उपरान्त जिलाधिकारी ने थाना में ही बनाए गए मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बनाए गए रजिस्टर का अवलोकन तथा पुलिस अधिकारियों से वार्ता कर जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि स्कूलो में कार्यशाला का आयोजन करते हुए स्कूली बच्चियों को जागरूक किया जाए कि कैसे वे अपनी सुरक्षा स्वंय कर सकें तथा बनाए हेल्प लाइन नम्बर का पोस्टर, पम्पप्लेट के माध्यम से प्रचार प्रसार करते हुए महिलाओं व बालिकाओं में जागरूकता लाई जाए। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी व नायब तहसीलदार द्वारा थाना को. शहर पर, उपजिलाधिकारी द्वारा थाना को. कटरा, लालगंज, ड्रमण्डगंज व अदलहाट पर, नगर मजिस्ट्रेट द्वारा थाना विन्ध्याचल पर, क्षेत्राधिकारी सदर व तहसीलदार द्वारा थाना को देहात पर, नायब तहसीलदार द्वारा थाना कछवां पर, तहसीलदार द्वारा थाना पड़री व हलिया पर, अपर जिलाधिकारी व नायब तहसीलदार द्वारा थाना जिगना पर, उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी चुनार द्वारा थाना चुनार पर सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण व राजस्व विभाग के द्वारा थाने पर आने वाले आमजन की समस्याएं सुनकर मौके पर निस्तारण कराया गया तथा शेष मामलों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर रवाना किया गया।

## ट्रेन से कट मरा युवक

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के धरौरा गांव निवासी 18 वर्षीय किशन यादव पुत्र राजेंद्र यादव का गाजीपुर जनपद के नोनहरा थाना क्षेत्र के खालिसपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में हड़कंप मच गया।

आनन फानन में परिजन शव लेने शुक्रवार की रात गाजीपुर पहुंचे। किशन यादव परिजनों से बिना बताए घर से कही चला गया देर शाम घर नहीं पहुंचने पर आस-पास तलाशी की गई मगर कही कोई पता नहीं चल सका। तत्पश्चात अमन यादव कोतवाली पहुंच तहरीर देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाई। शुक्रवार को जब अमन यादव कोतवाली पहुंचा तो सिपाही द्वारा बताया कि गाजीपुर में एक अज्ञात शव मिला है जिसकी पहचान नहीं हो सकी। जिसके बाद सिपाही ने मृतक की फोटो दिखाया। मृतक का फोटो देखते ही अमन के पैरों तले से जमीन खिसक गई और चीखने चिल्लाने लगा, घटना की जानकारी परिजनों को होते ही परिवार में हड़कंप मच गया। मृतक किशन यादव 12वीं का छात्र था, वह तीन बहनों में इकलौता था और बड़ी बहन की शादी हो चुकी है और पिता घर राजेंद्र यादव ऑटो चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता है। घर का इकलौता चिराग बुझ जाने से पिता और पूरा परिवार सदमे में है।

## लक्ष्मण को शक्ति लगते ही राम सेना शोक में डूबी



जौनपुर। सिरकोनी ब्लाक के अंतर्गत कचगांव क्षेत्र के गोपीपुर गांव में बुढ़वा बाबा रामलीला समिति के तत्वावधान में शुक्रवार की रात को अंतिम दिन रामलीला में लक्ष्मण शक्ति, कुम्भकरण वध, मेघनाथ वध व अहिरामण युद्ध का भावपूर्ण मंचन किया गया।

रामलीला का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ0 उत्तम गुप्ता व ने फीता काटकर किया डॉक्टर गुप्ता ने कहा कि प्रभू राम के आदर्शों को हर व्यक्ति को अपने अन्दर उतारना चाहिए तभी रामलीला सार्थक होगा। विवेक श्रीवास्तव ने रामलीला कार्यक्रम आयोजन समिति को धन्यवाद ज्ञापित किया। रामलीला समिति के संरक्षक रविन्द्र बहादुर सिंह पप्पू, दीपक सिंह अध्यक्ष प्रधान आरती अखिलेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष विपिन सिंह पिंटू, प्रबंधक संतोष सिंह दादा उप प्रबंधक अमित सिंह डायरेक्टर पप्पू महाजन, उप डायरेक्टर सूर्यभान सिंह, संगठन मंत्री अनुज सिंह, पूर्व प्रधान मनोज सिंह, अजय सिंह, महामंत्री शिवशंकर सिंह, बचानू, व सतपाल सिंह सत्तू ने माल्यार्पण कर अतिथियों का स्वागत किया। रामलीला के शुरूआत मे रोशन श्रीवास्तव व सिकंदर बादशाह द्वारा किया गया नृत्य पर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। शुक्रवार रात की रामलीला के मंचन के अंतिम दिन लक्ष्मण शक्ति के दृश्य में मेघनाथ द्वारा लक्ष्मण को शक्ति बाण लगने पर रामादल में खलबली मच जाती है। राम सेना शोक में डूब जाते हैं। प्रभू राम ने हनुमान को सुषेन वैध द्वारा बताए गये द्रोणागिरी पर्वत से संजीवनी बूटी लाने को कहते हैं। राम का विलाप देख दर्शकों के आंखों से आंसू छलक गये एवं लोग भाव-विभोर हो गये। हनुमान के संजीवनी बूटी लेकर लौटते ही रामादल में खुशी की लहर छा गयी। फिर सुषेण वैद्य के उपचार के बाद लक्ष्मण को होश आ जाता है और रामा दरबार में खुशी की लहर दौड़ जाती है। लोग श्री राम का जयकारा लगाने लगते हैं जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है। राम की भूमिका प्रदीप सिंह बल्लू, लक्ष्मण हर्ष सिंह, सीता नवरतन, हनुमान बिरजू सिंह, मेघनाथ अखिलेन्द्र सिंह, कुंभकरण घुमंतू सिंह, विभीषण इंदु प्रकाश सिंह, रावण की भूमिका पप्पू महाजन ने निभाया। रामलीला का संचालन कामरेड जयप्रकाश सिंह व अमित सिंह जुगनू ने किया।

## पत्नी को अपशब्द बोलना लगा नागवार तो लगा दिया हमेशा के लिए ठिकाने

जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। पिछले दिनों विंध्याचल की पहाड़ी पर कुएं में मिली लाश का पुलिस ने राजफाशकरते हुए युवक की हत्या व साक्ष्य छिपाने की घटना से सम्बन्धित 3 लोगों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त अपाचे बाइक तथा मृतक का बीन, आधार कार्ड सहित अन्य सामान बरामद कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक प्रयागराज जनपद के जज्जी का पूरा लोहगरा, थाना बारा निवासी अन्तुनाथ पुत्र कंचन नाथ सपेरा 40 वर्ष कुछ वर्षों से विंध्याचल में रहकर सपेरे का काम करता था। बीते 15 सितंबर 2025 को सायंकाल वह कहीं चला गया था। दो दिनों तक कोई पता न होने पर 17 सितंबर को उसके पिता कंचननाथ ने विंध्याचल थाना पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी?। इसी दरम्यान 8 अक्टूबर को थाना विंध्याचल क्षेत्रांतर्गत काली खोह की झाड़ियों के बीच स्थित कुएं से अन्तुनाथ का शव बरामद हुआ था। मामले में पुलिस छानबीन कर ही रहीं थीं कि 11 अक्टूबर को शिवपुर ओवर ब्रिज के पास से नीरज कुमार चौहान व सुनील कुमार चौहान पुत्रगण रामआसरे चौहान, किशन कुमार चौहान उर्फ सोहित पुत्र विक्रम चौहान निवासीगण बड़ा बगीचा शिवपुर थाना विन्ध्याचल को पुलिस ने गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू किया तो हत्या का खुलासा हो गया। पुलिस के मुताबिक हत्या अभियुक्त सुनील की पत्नी को अपशब्द कहें जाने की बात को लेकर अपाचे बाइकि से ले जाकर काली खोह में हत्या कर शव को पास झाड़ियों के बीच स्थित कुएं में साक्ष्य छिपाने के आशय से फेंकने की बात बतायी गयी। जिनकी निशानदेही पर झाड़ियों में छिपाकर रखा हुआ एक बण्डल में बीन, प्लास्टिक की बाल्टी व स्टील का कडब्बा, मृतक का आधार कार्ड, 200 नगद तथा घटना में प्रयुक्त अपाचे को पंचायत भवन बड़ा बगीचा शिवपुर से बरामद किया गया है।

बताया गया है कि मृतक अन्तुनाथ (सपेरा) विगत कई वर्षों से विन्ध्याचल में रहकर सांप पकड़ने का काम करता था तथा सांप दिखाकर जीविकोपार्जन करता था। वह आरोपी सुनील के घर के बगल में दुकान पर रहता था। जहां नीरज कुमार चौहान, सुनील कुमार चौहान व किशन कुमार चौहान साथ-साथ खाते पीते थे। 15 सितंबर को खाते-पीते समय सुनील व अन्तुनाथ के बीच कहासुनी व झगड़ा हो गया। जहां अन्तुनाथ ने सुनील की पत्नी को अपशब्द बोले थे, जिसपर सुनील ने उसे मारपीटा था। इसके बाद अन्तुनाथ रेलवे स्टेशन की तरफ जा रहा था तभी किशन कुमार चौहान अपाचे लेकर आया। जिसपर सुनील और किशन दोनों साथ हो लिए तथा पटेंगरा नाला से अन्तुनाथ (मृतक) को अपाचे पर बैठा लिए तथा काली खोह ले गये। सुनील द्वारा उसके अण्डकोश पर पैर से मारा गया जिससे वह बेहोश हो गया तब उसका बाल पकड़ कर पत्थर से लड़ा दिये तथा शर्ट खोलकर दोनों हाथ पीछे से बांध दिये। उसको वहीं छोड़कर पुनः वापस आये और नीरज को मोबाइल सहित प्रकाश के लिए लेकर वहां गये और साक्ष्य छिपाने के आशय से तीनों मिलकर उसे कुएं में डाल दिये थे।

## जेल अधीक्षक के साथ 35 लाख की धोखाधड़ी

जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। जिला कारागार से एक सनसनीखेज वित्तीय घोटाला सामने आया है, जिसमें रिहा कैदी रामजीत यादव उर्फ संजय ने जेल अधीक्षक के फर्जी हस्ताक्षर कर सरकारी खाते से 35 लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की। इस मामले ने जेल प्रशासन और बैंक की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जांच में बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत की भी आशंका जताई जा रही है। जेल अधीक्षक आदित्य कुमार सिंह ने कोतवाली आजमगढ़ में रामजीत यादव सहित चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का मुकदमा दर्ज कराया है।

मिली जानकारी के अनुसार, रामजीत यादव को जेल में रहते हुए कामकाज की जिम्मेदारी दी गई थी। इस दौरान उसने बैंक चेक और हस्ताक्षर की प्रक्रिया को समझ लिया। 20 मई 2024 को जमानत पर रिहा होने के बाद उसने जेल अकाउंटेंट के कमरे से केनरा बैंक की चेकबुक चुरा ली। इसके बाद 21 मई 2024 को 10 हजार रुपये, 22 मई को 50 हजार रुपये और फिर 1.40 लाख रुपये निकाले। 18 महीनों तक वह लगातार खाते से पैसे निकालता रहा, लेकिन जेल प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं लगी। 22 सितंबर 2025 को 2.60 लाख रुपये की निकासी के बाद बैंक स्टेटमेंट की जांच में घोटाला उजागर हुआ। रामजीत ने अपनी पत्नी नीतू यादव के खाते में 2.40 लाख, मां सुदामी देवी के खाते में 3 लाख और अपने खाते में करीब 30 लाख रुपये ट्रांसफर किए। जेल अधीक्षक ने रामजीत यादव, पूर्व कैदी शिवशंकर उर्फ गोरख, वरिष्ठ सहायक मुशीर अहमद और चैकीदार अवधेश कुमार पांडेय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। रामजीत बिलरियागंज का रहने वाला है और 2011 में पत्नी की हत्या के मामले में जेल जा चुका है। 2017 में जमानत पर रिहा होने के बाद उसने नीतू से दूसरी शादी की थी, लेकिन 2023 में दोबारा सजा काटने जेल गया। लखनऊ के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस मामले में जेल प्रशासन की लापरवाही पर कड़ी फटकार लगाई और दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई के संकेत दिए हैं। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## गोली मारकर युवक ने की आत्महत्या



जौनपुर। बक्शा थाना क्षेत्र के अगरौरा गांव में शुक्रवार की रात अवैध पिस्टल से गोली मार युवक ने आत्महत्या कर ली। शनिवार सुबह पुलिस ने असलहा को कब्जे में ले लिया। थाना क्षेत्र के अगरौरा गांव निवासी सुनील पाठक का 30 वर्षीय पुत्र कनिष्क उर्फ शिशिर पाठक गांव के बच्चों के साथ रामलीला मंचन से पूर्व होने वाले रिहर्सल स्थल पर गया था। रात्रि करीब साढ़े नौ बजे के बाद शिशिर मोबाइल पर बात करतें हुए रिहर्सल स्थल से करीब 50 मीटर दूर कुर्सी पर बैठ गया। थोड़ी देर बाद तेज आवाज सुन लोग भागकर मौके पर पहुँचे तो युवक खून से लथपथ दिखा। सीने के नीचे लगी गोली देख मौजूद लोग शिशिर के घर पर सूचना दी। परिजन आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुँचे जहां उसे ट्रामा सेंटर वाराणसी भेज दिया गया। परिजनों के अनुसार भर्ती होने के कुछ ही देर बाद देररात्रि युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पीएम हेतु भेज दिया गया। उधर घटना की सूचना मिलते ही रात्रि में थानाध्यक्ष ट्रामा सेंटर पहुँच घटना की जानकारी ली। थानाध्यक्ष के अनुसार सुबह मृतक युवक के घर घटनास्थल पर पहुँच झाड़ी में फेंका गया अवैध असलहा बरामद कर लिया गया है। घर पर मिली डायरी में मृतक शिशिर ने सुसाइड नोट में अपने से जुड़े लोगों को परेशान न करने की बात लिखी है। शिशिर ने पत्र में अपनी मां से माफी मांगा है।

## सड़ रहा लाखों का टैबलेट और लैपटाप

आजमगढ़। जनपद के जीजीआईसी विद्यालय के एक कमरे में लाखों रुपये की लागत से खरीदे गए टैबलेट और लैपटॉप धूल-मिट्टी में दबकर सड़ रहे हैं। इन उपकरणों को बच्चों की शिक्षा के लिए खरीदा गया था, लेकिन अब ये कबाड़ में तब्दील हो चुके हैं। मामले का खुलासा तब हुआ, जब विद्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी इन्हें चोरी-छिपे हटाने की कोशिश कर रहे थे। कर्मचारियों ने बताया कि यह कार्य विद्यालय के बाबू के निर्देश पर हो रहा था। जैसे ही कैमरे की नजर पड़ी, मौके पर मौजूद लोग खिसक गए। अनुमान है कि मिट्टी के ढेर में दबे इन उपकरणों की संख्या हजारों में है, जिनकी कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। जीजीआईसी की प्रधानाचार्या रूबी खातून ने पहले कैमरे पर सवाल उठाने की कोशिश की, लेकिन बाद में बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) के निर्देश पर परीक्षा के लिए कमरे की सफाई की जा रही थी। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी ने किसी भी बयान पर रोक लगा रखी है। वहीं, डीआईओएस उपेंद्र कुमार ने कहा कि वे परीक्षा कार्य में व्यस्त हैं और उन्हें टैबलेट-लैपटॉप के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने मामले में नोटिस जारी कर जांच की बात कही। संयुक्त शिक्षा निदेशक नवल कुमार ने आश्वासन दिया कि यदि जनपद में इस तरह की घटना हुई है, तो जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में सपा प्रवक्ता ने सवाल उठाया की आजमगढ़ के जीजीआईसी में हजारों की संख्या में टैबलेट्स और लैपटॉप्स रखे रखे सड़ गये इसे सरकार द्वारा छात्र छात्राओं को वितरित करने के लिए रखा गया था जो वितरित नहीं हो पाए जब सरकार का एजेंडा छात्र छात्राओं नौजवानों के बीच धर्मांधता बाँटने का हो ताकि वो योगी सरकार और भाजपा के नफरती एजेंडे को आगे बढ़ा सकें तो वो सरकार लैपटॉप और टैबलेट कैसे बाँट सकती है। कहा की जब सपा सरकार के लैपटॉप डिस्ट्रिब्यूशन योजना से लाखों की संख्या में छात्र छात्राएं लाभांवित हुए उनकी पढाई से लेकर कॅरिअर बनाने में इसका इस्तेमाल किये हमारी सरकार की नकल तो योगी सरकार ने की लेकिन धरातल पर अमल में नहीं ला सकी क्योंकि धर्मांधता नफरत बाँटने वाली सरकार लैपटॉप टैबलेट कैसे बांटेंगे।

## जाली नोट और नकली सोने के बिस्कुट के साथ दो गिरफ्तार

जौनपुर। थाना जलालपुर व स्वाट की संयुक्त टीम द्वारा दो अन्तर्जनदीय ठग को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से जाली नोट के 27600रु0 जाली पीली धातु विस्केट व वस्तुएं व एक्सयूीव गाड़ी आदि बरामद किया है। पुलिस के अनुसार थाना जलालपुर व स्वाट की संयुक्त टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर काकोरी नहर पुलिया के पास हाइवे से .अजय सिंह उर्फ पिन्टू पुत्र लाल बिहारी सिंह निवासी इजरी थाना जलालपुर ,अरविन्द पुत्र स्व अलगू सिंह निवासी ग्राम पटईल रत्नूपुर थाना चन्दवक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्तगण के पास से 1. तीन चूड़ी रंग पीली धातु . दो कंगन पीली धातु , चार बिस्कुट पीली धातु , .एक कलर पिन्टर , . एक्सयूवी 700 ,6. दो मोबाईल , सत्ताइस हजार छः सौ रूपया जाली नोट , 8.सात कार्ड आदि बरामद हुआ, 5 धारा 318(2), 318(4), 179, 180, 181 बीएनएस थाना जलालपुर पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तों ने बताया कि बेरोजगार लोगों को रोजी रोजगार के नाम पर गाड़ी देने के नाम पर, प्रापर्टी आदि खरीदवाने के नाम पर छल व कपट करके पैसा ले लेते हैं तथा आम लोगों को प्रलोभन देकर नकली सोना देकर, असली के रुप मे बेंच देते है तथा जाली नोट को आम लोगों को विश्वास में लेकर दुगुना करने के नाम पर दे देते है तथा बाजार में भी जाली नोटों को चला देते हैं। जरुरत पड़ने पर प्रिंटर से जाली नोट को छाप लेते हैं। हम लोगों द्वारा इसी कमाई से अपना घर , मकान, गाड़ी, जीवन यापन का सामान खरीदा गया है तथा जो गाड़ी पकड़ी गयी है वह भी इसी कमायी से खरीदी गयी है।

## प्रचार-प्रसार के अभाव में फीका दिखाई दे रहा स्वदेश मेला

मीरजापुर। शासन के निर्देश के क्रम में राजकीय इंटर कॉलेज महुवरियां में आयोजित स्वदेशी मेला के दूसरे दिन खरीदारों की भीड़ होने का दावा किया गया, हालांकि अपेक्षाकृत भीड़ नदारद रही है। उपयुक्त उद्योग दयाशंकर सरोज ने बताया कि पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना, बच्चों के खिलौने, जीएसवी सेवा समिति के द्वारा उत्पादित बागवा अन्य सामान, खिलौने, राधिका मिजार्पुरी अचार, बालिकाओं के कपड़े, दीपावली के अवसर पर घरों की सजावट आदि से संबंधित दुकान लगाए गए। जैकेट व लोअर दुकान ओडीओपी के पीतल व कालीन लगाई गई जिस पर खरीदारों की का दावा किया गया। बताया गया कि यह मेला 9 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ है और 18 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। वहीं संयुक्त आयुक्त उद्योग वीरेंद्र कुमार ने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि राजकीय इंटर कॉलेज महुवरिया में आयोजित स्वदेशी मेला में पहुंचकर दीपावली के अवसर पर जनपद से निर्मित दीपावली से संबंधित सामानों को सस्ते दर पर खरीदारी सुनिश्चित कर लाभ उठाएं। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय लोकगीत कजली गायिका का उषा गुप्ता व सुरेश मौर्य के द्वारा स्वदेशी मेला पर आयोजित गीत व देवी गीत प्रस्तुत किया गया। संयुक्त आयुक्त उद्योग ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को सम्मानित भी किया। गौरतलब हो कि स्वदेशी मेला में उद्घाटन के बाद पहले दिन ही सन्नाटा देखने को मिला है। कई स्टाल पर खरीददारों के न दिखाई देने पर जहां दुकानदार मायूस नजर आएं हैं तो वहीं चर्चा रहीं हैं कि प्रचार-प्रसार में बरती गई मनमानी और खाऊं कमाऊं नीति के चलते स्वदेशी मेला मजाक बनकर रह गया है।

## डेढ़ लाख का पटाखा बरामद, मालिक फरार

जौनपरु। शाहगंज थाने की पुलिस द्वारा बीती रात्रि में चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में पटाखा बरामद किया गया। जिसकी कीमत ढेड़ लाख बतायी गयी है। मौके से पटाखा मालिक सकरी गलियों का फायदा उठाते हुए खिसक गये। पुलिस के अनुसार बरामदगी के आधार पर धारा-9(ख) विस्फोटक अधिनियम 1884 बनाम मो0 सगीर पुत्र अली अहमद निवासी एराकियाना थाना शाहगंज पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही किया जा रहा है। बताया गया है कि रोल कैप्स 160 पीस, फूलझरी(इलेक्ट्रिक स्पार्कल्स ) 1000 पीस, फूलझरी(इलेक्ट्रिक स्पार्कल्स ) 800 पीस , मोरी गोल्ड( बिजली क्रैकर) 200 पीस ,कलर स्पार्कल्स (फूलझरी) 220 पीस , फुलझरी ग्रीन 680 पीस , रोल कैप्स 160 पीस , रोल कैप्स 160 पीस , मोरी गोल्ड( बिजली क्रैकर) 240 पीस, मोरी गोल्ड( बिजली क्रैकर) 240 पीस ,. फुलझरी इलेक्ट्रिक 720 पीस कुल कीमती करीब क लाख पचास हजार रुपया) बरामदगी करने वाली पुलिस टीम मेंप्रभारी निरीक्षक के0के0 उ0नि0 अशोक कुमार सिंह व अन्य पुलिस सहयोगी रहें।



संक्षेप

## बेनेट क्लब के निर्वाचित पदाधिकारियों ने लिया शपथ

कुशीनगर। दी बेनेट क्लब कसया कुशीनगर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को बेनेट क्लब के परिसर में सम्पन्न हुआ। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। विशिष्ट अतिथि के रूप में बार कौंसिल सदस्य विनोद कुमार पाण्डेय, पूर्व जिला जज बिहार उपेंद्र भूषण मिश्र, पूर्व जिला जज बिहार संतोष कुमार श्रीवास्तव, उत्तर प्रदेश बार कौंसिल प्रत्याशी सदस्य धीरेन्द्र कुमार द्विवेदी रहें शपथ ग्रहण समारोह को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक श्री त्रिपाठी ने कहा कि किसी भी संगठन की मजबूती के लिए संगठित ताकत का होना आवश्यक है उन्होंने आगे कहा कि क्लब हित में सदैव मैं तत्पर रहूँगा, जहाँ भी हमारी आवश्यकता होगी मैं निःसंकोच अधिवक्ताओं के लिए खड़ा रहूँगा। नव निर्वाचित अध्यक्ष बद्री नारायण दूबे ने कहा कि क्लब हित हमारे लिए सर्वोपरि है।

# राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा केंद्रों का एसपी ने किया निरीक्षण

बहराइच। उ.प्र. लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा 12 अक्टूबर 2025 को जनपद के 11 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होने वाली सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा तथा सहायक वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा-2025

**● सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराये जाने के दिये गये निर्देश**

को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा व जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदा नन्द के साथ परीक्षा केन्द्रों स्वर्गीय ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय तथा पं. वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज का निरीक्षण कर परीक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी की स्थिति, फ्रिस्किंग प्वाइंट, बैठने की व्यवस्था, कंट्रोल रूम की सक्रियता, प्रवेश एवं निकास मार्ग के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए केडीसी के केन्द्र व्यवस्थापक प्राचार्य प्रो. विनय सक्सेना व गांधी इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य जसवन्त सिंह को निर्देशित किया गया कि परीक्षा की शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जाय। परीक्षा हेतु निर्धारित समयसारिणी का कड़ाई के साथ अनुपालन भी सुनिश्चित कराया जाय। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हों, परीक्षा के दौरान उन्हें शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जाए। उल्लेखनीय है कि परीक्षा के लिए 11



परीक्षा केन्द्रों में से 10 परीक्षा केन्द्रों राजकीय इण्टर कालेज, महाराज सिंह इण्टर कालेज, आजाद इण्टर कालेज, पं. वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज, किसान डिग्री कालेज ब्लाक-ए, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, राजकीय पॉलीटेक्निक आसाम चैराहा, किसान डिग्री कालेज ब्लाक-बी, राजकीय पॉलीटेक्निक, मोहम्मदपुर, नानपारा रोड बहराइच, महाराजा सुहेल देव स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय बहराइच पर 384-384 तथा महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय 480 कुल 4320 परीक्षार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। जनपद में 12 अक्टूबर 2025 को (दो पालियों/सत्रों पूर्वान्ह 09.30 बजे से 11.30 बजे तक व अपरान्ह 02.30 बजे से 04.30 बजे) तक परीक्षा सम्पन्न होगी।

## स्वच्छ छठ, सुखी छठ का संकल्प ले करें श्रमदानः राकेश

कसया, कुशीनगर। आगामी छठ महापर्व के सुंदरीकरण और सुरक्षा के मद्देनजर नगरपालिका परिषद कुशीनगर अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल ने नपा के विभिन्न वार्डों में स्थित छठ घाटों का निरीक्षण किया और घाटों की साफ - सफाई, वेदियों के निर्माण और बेहतर व्यवस्था के निर्देश दिए। शनिवार को नपाप अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री राकेश ने नपा के वार्ड नंबर एक एकडेरवा और नरकटिया में छठ घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य व्रतधारियों, विशेषकर महिलाओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा समग्र सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाना है। श्री जायसवाल ने कहा कि छठ महापर्व आस्था का संगम है, जहां लाखों व्रतधारी सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित करने घाटों पर पहुंचते हैं। दैनिक सफाई प्रक्रिया वशिष्ट-वार सफाईकर्मी प्रत्येक घाट पर तैनात किए गए हैं।

## पीड़िताओं की सुरक्षा एवं उनके अधिकारों का संरक्षण किया जाये : अपर जिला जज

देवरिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के तत्वावधान में वन स्टाप सेण्टर में पीड़िताओं के सुरक्षा व उनके अधिकारों हेतु अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया मनोज कुमार तिवारी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा बताया गया कि पीड़िताओं के सुरक्षा एवं उनके अधिकारों का संरक्षण किया जाना चाहिये। समाज को उनके सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया द्वारा वन सेंटर में आवासित 06 संवासिनियों से वार्ता कर भोजन, पानी, स्वच्छता व अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। उनके द्वारा कार्मिक उपस्थिति रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर और अन्य अभिलेखों का निरीक्षण कर उनको व्यवस्थित करने हेतु निर्देशित किया गया। सचिव द्वारा वन स्टाप सेण्टर के केन्द्र प्रबन्धक नीतु भारती को विशेष दिशा- निर्देश देते हुए कहा गया कि जिन महिलाओं को विधिक सहायता की आवश्यकता हो, उनके मामले को चिन्हित कर अधिक से अधिक संख्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के कार्यालय में संदर्भित करें, ताकि उनको विधिक सहायता दी जा सकें।

## सिंगाडा, पटाखा और पटसन, नगदी बरामद, दो गिरफ्तार



बहराइच। पुलिस अधीक्षक महोदय बहराइच द्वारा अवैध पटाखे बनाने के सम्बन्ध में चलाये जा रहे सघन चेकिंग अभियान के सम्बन्ध में दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय (ग्रामीण) श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी मिहीपुरवा श्रीमती हर्षिता तिवारी के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम जुर्म जरायम को रोकने हेतु थानाध्यक्ष आनन्द कुमार चौरसिया के कुशल नेतृत्व में गठित टीम द्वारा दिनांक 10.10.2025 को थाना क्षेत्र के गायघाट से दो अभियुक्ता 1.जुमनी पुत्री अमीर हसन उम्र 47 वर्ष, 2. नसीमुन पुत्री अमीर हसन उम्र 44 वर्ष निवासीगण गायघाट थाना मोतीपुर जनपद बहराइच को 240 बन्डल अवैध मुर्गा/ सिंगाडा पटाखा तथा 5 किग्रा पटसन तथा 2 किग्रा पटाखा बनाने हेतु कटिंग किया गया कागज तथा 554500/- रुपये (भारतीय नोट) के साथ गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 502/2025 धारा 9(इ) विस्फोटक अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

## ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना प्रतियोगिता का उद्देश्यः शशांक मणि



देवरिया। शनिवार, विधानसभा रामपुर कारखाना क्षेत्र के अशोक इंटर कालेज डुमरी में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के तत्वाधान में सांसद/विधायक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन सदर सांसद शशांक मणि ने किया। इस प्रतियोगिता में कबड्डी, वालीबाल, तथा दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रतिभागियों ने भाग लिया। सदर सांसद ने खेल में उम्दा प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं और बच्चों को खेल के माध्यम से फिट रखना और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर देना है, जिसमें छात्रवृत्ति का भी प्रावधान है। यह प्रतियोगिता गांव, ब्लॉक, तहसील, जिला और लोकसभा स्तर तक आयोजित की जाएगी। श्री मणि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और बच्चों को खेल के माध्यम से आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाना, ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देना है। कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति, मेडल, नकद पुरस्कार और सर्टिफिकेट दिए जाएंगे जिससे उनका मनोबल बढ़ेगा। इस अवसर पर सांसद खेल स्पर्धा के जिला संयोजक पवन कुमार मिश्रा, भाजपा नेता अजीत सिंह, देवेंद्र नाथ तिवारी, पुरुषोत्तम पांडे, संतोष राय, सत्यम मिश्रा, गौरव शुक्ला, सुमंत चतुर्वेदी सहित युवा कल्याण विभाग के अधिकारी और कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष का आगमन 15 को

बहराइच। उपाध्यक्ष (उपमंत्री स्तर प्राप्त), उ.प्र. राज्य महिला आयोग श्रीमती अपर्णा यादव का 15 अक्टूबर 2025 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. उपाध्यक्ष 15 अक्टूबर 2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे बहराइच पहुंचकर महिला चिकित्सालय, पूर्वान्ह 10:30 बजे महिला बन्दीगृह, पूर्वान्ह 11:00 बजे वृद्धाश्रम एवं वन स्टाप सेन्टर का भी निरीक्षण करेंगी। उपाध्यक्ष श्रीमती यादव पूर्वान्ह 11:30 बजे लो.नि.वि. निरीक्षण भवन, बहराइच में महिला कल्याण विभाग व अन्य जनपदीय अधिकारियों के साथ महिला उत्पीड़न की समस्याओं के सम्बन्ध में आयोजित बैठक में भाग लेंगी तथा महिला जनसुनवाई करेंगी तथा मिशन शक्ति अन्तर्गत पोषण उपलक्ष्य में आयोजित गोद भराई, अन्नप्रासन व कन्या जन्मोत्सव किट कार्यक्रम में प्रतिभाग कर अपरान्ह 02:30 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेंगी।

## अभियान में हर नागरिक की भागीदारी अहम : संतराज

देवरिया। शनिवार, क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की जिला बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता जिला प्रभारी संतराज यादव ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल नारा नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक मजबूत संकल्प है। इसमें हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी, स्वभाषा और स्वभूषा की त्रिवेणी के बल पर ही भारत आत्मनिर्भर बनेगा। सदर सांसद शशांक मणि ने कहा कि प्रधानमंत्री के इस फैसले से आम आदमी को राहत मिलेगी और बाजार में मांग बढ़ेगी। जीएसटी कटौती से व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा देश आर्थिक क्षेत्र में सशक्त और आत्मनिर्भर होगा। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत पहली बार हर जनपदों में एक साथ इतना बड़ा स्वदेशी मेला लगाया जा रहा है। यह मेला प्रधानमंत्री की वोकल फार



लोकल मंत्र को बढ़ावा देने के लिए है। इसमें खादी एवं ग्रामोद्योग, माटी कला बोर्ड, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, रेशम, ग्रामीण आजीविका मिशन, सीएम युवा, ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान से संबंधित विभागों, हस्त शिल्पियों, कारीगरों एवं उद्यमियों द्वारा रोजगार परक योजनाओं एवं उत्पादों को प्रदर्शित किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन अभियान के जिला संयोजक व जिला महामंत्री प्रमोद शाही ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे, संजय सिंह एडवोकेट, अजय शाही, गंगा सिंह कुशवाहा, अभियान के सह संयोजक अभय नाथ तिवारी, जिला मंत्री डा हेमंत मिश्रा, निर्मला गौतम, महेश मणि, संजय पांडे, दुर्गेशनाथ त्रिपाठी, कृष्णनाथ राय, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, सुबोध जायसवाल, कृष्णानंद गिरी, मारकंडे गिरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष कमलेश सिंह, सहित सभी मंडलों के संयोजक और पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना के शुभारंभ

देवरिया, रोटरी सभागार, देवरिया में आज प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया। शासन से प्राप्त निदेशों के अनुसार, राष्ट्रीय गोकुल मिशन अंतर्गत अन्य कार्यक्रमों की लाइव स्क्रीनिंग भी की गई। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 31 मैत्रियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, पशुचिकित्सा अधिकारी (नोडल गोकुल मिशन), उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला मत्स्य अधिकारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गंगा सिंह कुशवाहा, भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन मिश्रा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सम्मानित मैत्रियों में कृपासागर धर द्विवेदी, उमेश कुमार यादव, अभिषेक कुमार, दीपक कुमार, सचिन कुमार, अमित कुमार गुप्ता, मलबाबू यादव, शशिभूषण सिंह, अमित गौर, रामकिशुन प्रसाद, मुहम्मद यासिन, अश्वनी कुमार, राजन कुमार, विनोद कुमार शर्मा, कन्हैया लाल पासवान, आकाश कन्नौजिया, ज्ञानेश्वर गौड़ एवं रीता देवी शामिल रहे। इसके साथ ही 1962 एम्बुलेंस टीम के उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉ. अंकित यादव (पशुचिकित्सक), विनोद कुमार (एम.टी.एस.) एवं राम (वाहन चालक) को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

## कृषकों को प्रमाण पत्र व कृषि यंत्र वितरित



कुशीनगर। भारत सरकार द्वारा नई दिल्ली से प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा किया गया। कार्यक्रम के क्रम में राष्ट्रीय गोकुल मिशन अंतर्गत मैत्री प्रमाण पत्र वितरण एवं अन्य कार्यक्रमों के साथ-साथ जनपद कुशीनगर में कृषि विभाग की ओर से भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय कुमार दूबे रहे, जिन्होंने पशुपालन विभाग के अंतर्गत जनपद के 23 उत्कृष्ट मैत्रियों को प्रमाण पत्र तथा 09 नई मैत्रियों को कृत्रिम गभार्धान यंत्र वितरित किए। इस अवसर पर कृषि विभाग की ओर से लल्लन सिंह, बकराखुर्द फार्मर को ह्लमिशन ऑन एग्रीकल्चर मेकनाइजेशनह्व योजना के तहत चारा काटने की मशीन वितरित की गई। प्रधानमंत्री धन धान्य योजना के अंतर्गत दलहन फसलों के प्रोत्साहन के लिए जनपद के विभिन्न राजकीय बीज भंडारों पर चना, मटर एवं मसूर के बीज का सामान्य वितरण के साथ-साथ निःशुल्क मिनी किट का वितरण भी किया जा रहा है। जो किसान मिनी किट प्राप्त करना चाहते हैं, वे राजकीय भंडारों पर बुकिंग कर सकते हैं। इस संबंध में आवश्यक जानकारी जिला कृषि अधिकारी कुशीनगर द्वारा प्रदान की गई है। कार्यक्रम में सांसद विजय कुमार दूबे के साथ मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी रवींद्र प्रसाद, उप कृषि निदेशक अतिंद्र सिंह एवं जिला कृषि अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस में 109 शिकायतें मिलीं, 17 का निस्तारण

जिला संवाददाता

देवरिया। देवरिया के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समस्त थानों पर राजस्व के अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहकर उनके द्वारा जनता की समस्याओं को सुना

**● शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें गठित की गयीं**

गया एवं संयुक्त रूप से राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर कई समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया।

पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री सुमन के निर्देशन में जनपद में बेहतर जनसुनवाई पुलिस के उत्तरदायित्व निर्धारण करने, संवेदनशीलता बढ़ाने, एवं बेहतर पारदर्शिता बढ़ाने के लिए थाना दिवस पर डेस्क सिस्टम के तहत समस्त थानों पर हल्का प्रभारी व बीट पुलिस अधिकारी द्वारा अपने-अपने हल्का/ग्राम/बीट की डेस्क लगाकर जनसमस्याओ को सुना गया और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण भी कराया गया। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आनन्द कुमार पाण्डेय द्वारा थाना बघौचघाट पर फरियादियों की समस्याये सुनी गयी जिसमें कुल 04 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसके निस्तारण हेतु थाने से राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम रवना की गयी है।

इस अवसर पर पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त थानों पर *कुल 109* प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें *17 प्रार्थना* पत्रों का निस्तारण किया गया शेष प्रार्थना पत्रों के I हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें गठित की गयीं।

## सपाइयों ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती मनायी



देवरिया। सपा कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव की अध्यक्षता व जिला महासचिव मंजुर हसन के संचालन मे भारतरत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती मनायी गयी। उपस्थित पार्टी नेताओं व कार्यकताओं ने लोकनायक के चित्र पर पुष्प चढाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा की लोकनायक जयप्रकाश नारायण का सम्पूर्ण जीवन संघर्षों से अटा पटा है। स्वतंत्रता आंदोलन से संपूर्ण क्रांति के शंखनाद तक उनके जीवन का कोई ऐसा क्षण नहीं रहा जिसमे लोकमानस की चिंता न किये हों। श्री यादव ने कहा की लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने बताया की जब सत्ता निरंकुश हो जाती है तो जन आंदोलन के माध्यम से सत्ता का नकेल कैसे कसा जाता है। श्री यादव ने उपस्थित जनों का अह्वान करते हुए कहा की समय की मांग है की जैसे लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने घोषित आपातकाल के खिलाफ संघर्ष का ऐलान किया वैसे हि हमे अघोषित आपातकाल के खिलाफ भी संघर्ष का शंखनाद करना होगा क्योंकी आज सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी का फेसबुक पेज सस्पेंड करना संविधान मे हमारे अभिव्यक्ति की आजादी का अतिक्रमण है और अघोषित आपातकाल की निशानी है।

## हिंसक वन्य जीव के मुंह से मामी ने छुड़ाया ली अपनी 4 वर्षीय भांजी मेनका की जान



बहराइच। भेड़िया प्रभावित इलाका मौजा मझारा तौकली ग्राम बहराइचिन पुरवा में दिन में लगभग 1 बजे मेनका पुत्री हेमराज की बच्ची पर पीड़ित ने बताया कि भेड़िया ने हमारे बच्चे पर हमला कर घसीटते हुए भाग रहा था, तभी हम भी बच्चे को बचाने के लिए भेड़िया से भिड़ गये तभी भेड़िया भांजी मेनका को छोड़कर भाग खड़ा हुआ मेरी बच्ची बहुत घायल हो गयी जिसका इलाज बहराइच के मेडिकल कालेज में चल रहा है वहीं दूसरी एक ही दिन में घटना मझारा तौकली के ग्राम कोल्हापुर में 7 वर्षीय पुष्पा पाल पुत्री प्रमोद कुमार धनगण के ऊपर गर्दन पर हमला कर घायल कर दिया जिसको गम्भीर हालत में बहराइच के मेडिकल कालेज में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां से गम्भीर रूप से घायल बच्चे को इलाज के लिए पुष्पा को लखनऊ भेज दिया गया है वन्य जीव भेड़िया का हमला लगातार दूसरे दिन जारीबहराइच जनपद में वन्य जीव का हमला नहीं ले रहा है थमने का नाम कब रूकेगा हमला वन विभाग लगातार हिंसक हो चुका नरभक्षी को पकड़ने में अभी तक कामयाब नही हो पाया है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभी हाल ही में वन्य जीव भेड़िया के प्रभावित इलाके का दौरा कर घायलों को 50 हजार व मृतक के परिवार को 5 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा के साथ साथ वन्य जीव हमलें भेडियो अब रात तो क्या दिन दहाड़े ही हमलावर हो गये इलाके में इस कदर भेड़ियों का आतंक है कि बच्चे अब स्कूल नहीं जा पा रहे हैं अभी इस वर्ष वन्य जीव के हमले से 4 बच्चों सहित 2 बुजुर्ग दम्पतियो की जहां जान ले चुके हैं वहीं पर अभी तक 2 दर्जन के आस पास लोगों को घायल कर चुके हैं

## नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावंबन थीम का अभियान चला



बहराइच। आज दिनांक 11.10.2025 को मिशन शक्ति 5वें चरण अभियान कार्यक्रम के तहत पुलिस अधीक्षक महोदय बहराइच द्वारा व अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) महोदय, श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी महसी, श्री डी.के श्रीवास्तव द्वारा थाना हरदी मिशन शक्ति टीम के साथ मिशन शक्ति 5.0 *नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन थीम *जागरुकता कार्यक्रम अभियान के उद्देश्यों के संबंध में तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्राम बहोरीकपुर स्थित बालिका हाई स्कूल थाना हरदी जनपद बहराइच में छात्राओं को विस्तृत जानकारी देते हुए विभिन्न बिंदुओं पर जागरूक किया गया तथा महिला संबंधी अपराधिक घटनाओं व समस्याओं के समाधान हेतु विभिन्न टोल फ्री नंबर 1090 ,1098 ,1076, 112 ,181, 108.... आदि व 1930 (साइबर संबंधित अपराध) साथ ही साथ सरकारी योजनाएं *जैसे कन्या सुमंगला योजना, पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना, मातृ वंदना योजना, वृद्धा पेंशन योजना, आयुष्मान प्रधानमंत्री, उज्जवला योजना आदि के बारे में विस्तृत जानकारियां देते हुए पंपलेट वितरित किए गए व बालिकाओं से उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ की गई।

# मानसिक स्वास्थ्य के लिए ऐसे शिविर निरंतर लगें: सांसद

कुशीनगर। स्वशासी मेडिकल कालेज के परिसर में शनिवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जिला सँयुक्त चिकित्सालय द्वारा किया गया। विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद विजय कुमार दुबे द्वारा फीता काटकर किया गया। ततपश्चात सीडीओ गुंजन द्विवेदी के

**● शिविर में 452 मरीजों का पंजीकरण कर उनका उपचार किया गया**

साथ शिविर में लगे स्टालों का निरीक्षण भी किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये सांसद ने कहा कि भौतिकवादी युग की भागदौड़ में ज्यादातर लोग मानसिक तनाव से गुजर रहे है और उनके स्वयं पर ध्यान न देने से यह अवसाद का रूप ले रहा है। जिसके कारण वह व्यक्ति तथा उसका परिवार प्रभावित हो रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग द्वारा उस व्यक्ति की नियमित रुप से कॉउंसिल के साथ उसे उपचारित कर उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने में अपनी महती भूमिका निभा रहा है। मैं जनपद में कार्यरत



मानसिक स्वास्थ्य की पूरी टीम को साधुवाद देता हूँ। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों का आयोजन एक विशेष दिवस पर न होकर बल्कि नियमित अंतराल पर पूरे जनपद में लगाया जाये जिससे मानसिक रूप से पीड़ित व्यक्ति इसका लाभ उठाकर वह स्वस्थ हो सके। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये सीएमओ डॉ चंद्रप्रकाश ने कहा कि जनपद में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम द्वारा जनपद के 52 इंटर कॉलेजों में लगभग 35000 बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर परीक्षा के समय होने वाले तनाव से बचने के उपाय बताये गये। इनके द्वारा 480 बच्चों की काउंसलिंग प्रदान की गयी। विभिन्न कार्यस्थलों पर लगभग 350 कर्मचारियों को तनाव प्रबंधन के विभिन्न तकनीकों की जानकारी दी गयी। उन्होंने ने कहा कि हम जनपद के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर मानसिक शिविर लगाकर ऐसे मरीजों को लाभान्वित करते है। शिविर में कुल 452 मरीजों का पंजीकरण कर उनका उपचार किया गया।

कार्यक्रम को क्लीनिकल साइकोलिस्ट अमृता कुमारी एवं मनोरोग सामाजिक कार्यकत्री योगिता कुशवाहा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में मानसिक रूप से विकलांग दो बच्चों को विकलांगता प्रमाण पत्र दिया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सक एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जिसमें मानसिक रोग चिकित्सक डॉ स्नेह कुमार, डॉ यशराज श्रीवास्तव, अमृता कुमारी, योगिता कुशवाहा, बृज किशोर, अमित आदि प्रमुख रहे। कार्यक्रम का शानदार संचालन युवा कवि एवं शिक्षक अनूप मिश्र ने किया। अतिथियों का स्वागत प्रधानाचार्य डॉ आरके शाही तथा आभार ज्ञापन कार्यक्रम के नोडल एसीएमओ डॉ एस.एन.त्रिपाठी ने किया। इस दौरान सदर विधायक मनीष जयसवाल, सीएमएस डॉ दिलीप कुमार, भाजपा नेता रामानुज मिश्र, चमन यादव, चिंटू शुक्ला, प्रधान संघ के अध्यक्ष सन्तोष तिवारी, निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र, नलिन सिंह, अजय तिवारी, फिजिशियन डॉ उपेंद्र चौधरी, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ सतीश यादव, इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर, जनरल फिजिशियन डॉ शुभम प्रसाद, आयुष फार्मासिस्ट रविन्द्र, योग प्रशिक्षक रंजना सिंह, आईसीटीसी गौतम शर्मा, खुशबू शुक्ल काउंसलर, फार्मासिस्ट पुष्कर पाठक आदि उपस्थित रहे।

## गाना बुवाई के लिए 50% अनुदान पर 10 कुंतल बीजःअधिशासी अध्यक्ष

कुशीनगर। चीनी मिल ढाढा अपने गेट परिक्षेत्र में शरद कालीन करना बुबाई के लिए जिन कषको के पास गन्ना बुवाई के लिए बीज गन्ना नहीं है उन्हें 50% अनुदान पर 10 कुंतल गन्ना बीज दिया जाएगा।

उक्त जानकारी चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष आरके गुप्ता ने ग्राम पटनी में आयोजित शरदकालीन गन्ना गोष्ठी में दी। अधिशासी अध्यक्ष ने बताया की गेट क्षेत्र में गन्ना विकास करना, समय से गन्ना मूल्य भुगतान करना, किसनो की आय बढ़ाना हमारी पहली प्राथमिकता है। श्री गुप्ता ने कहा कि मिल द्वारा शरद कालीन गन्ना बुवाई के लिए गांव-गांव में विशेष प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में उप्र गन्ना विकास संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक गन्ना विशेष ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि अक्टूबर नवंबर में श्ररदकालीन में गन्ना बोने से 20 से 25% अधिक उपज प्राप्त होगा अधिक उपज देने वाली प्रजातियां को 0118 कोश 13235 कोलक 14201 को 15023 आदि की 4 फीट पर बुवाई करें साथ आलू तोरिया गेहूं लहसुन गोभी टमाटर आदि की सैह फसली खेती करें।

सहायक उपाध्यक्ष गाना मनोज बिश्नोई ने कहा तोरिया तथा गेहूं का बीज 50% अनुदान पर दिया जा रहा है। बताया कृषकों को जानकारी देने के लिए अक्टूबर माह में 20 गांव में प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा। कषको ने 6 एकड़ गन्ना बोने के लिए नाम नोट कराया है। गोष्ठी में ज्योति शंकर, आनंद, पन्नालाल, विनोद मणि, राम प्रकाश, चंद्रभान, उपेंद्र उपस्थित थे। उप पबंधक नागेंद्र राणा ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

संक्षेप

## कार सवार लोगों ने किसान को पीटकर किया घायल

ऊसराहार, इटावा। धान बेंचकर लौट रहे किसान के साथ कार सवार लोगो ने बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया युवक ने रूपए व जंजीर लूटने का आरोप लगाया है वही पुलिस ने लूट की बात से साफ मना करते हुए केवल मारपीट की घटना बताई है। कस्बा ऊसराहार निवासी गौतम पुत्र जगदीश शुक्रवार को अपना धान बेंचने भरथना गया था शाम को धान बेंचकर लौटा तो वह कस्बे से अपने मामा को छोड़ने जैसिंगपुर चला गया लौटते समय उसके साथ चाचा प्रवीण भी थे वह अभी ऊसराहार थाना क्षेत्र के बदकन शाहपुर के समीप लगे नलकूप पर पहुचा था कि एक ब्रीजा कार सवार लोगो ने उसे रोक लिया लाठी डंडो से उसकी बुरी तरह पिटाई की जिससे उसके शरीर पर काफी चोटे आई गौतम ने बताया कार सवार लोगो ने गले मे पहने जंजीर और पच्चीस हजार रूपए लूट लिये गौतम के भाई अभिषेक ने थाने मे दो लोगो को नामजद व तीन चार अज्ञात के विरूद्ध तहरीर दी गौतम ने बताया शुक्रवार को पुलिस ने उन्हे इलाज के लिए सरसईनावर भेजा अगले दिन जब वह थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराने पहुचा तो पुलिस ने दूसरी तहरीर देने के लिए कह दिया गौतम के मुताबिक पुलिस ने उससे दूसरी तहरीर ले ली जिसमे चैन लूटने की जगह चैन का गिर जाना दिखा दिया है इस संबंध में थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया सडक पर दोनो के बीच विवाद हुआ है जिसमे गौतम के साथ मारपीट हुई है लूट की घटना हुई ही नही है पैसे और चैन छीनने की बात गलत है।

## चौथे दिन भी रामलीला देखने की भरी भीड़ रही

देवरिया। श्री रामलीला समिति के तत्वावधान में चल रहे रामायण मंचन के चौथे दिन लीला का मंचन गणेश वंदना एवं हनुमान चालीसा के बाद प्रारंभ होता है सांस्कृतिक संगम सलेमपुर के कलाकारों द्वारा मंचन के प्रथम दृश्य में प्रभु श्री राम लक्ष्मण किष्किंधा की ओर जाते हैं सुग्रीव जी की खोज में जहां दूर से देखते हुए हनुमान जी गुप्तचर बन कर जाते हैं जहां उनकी मुलाकात श्री राम जी से होती है फिर हनुमान जी ने किष्किंधा ले जाते हैं या राम सुग्रीव की मित्रता होती है सुग्रीव अपने आप बीती सुनते हैं फिर राम जी ने बालि का वध करेंगे अगले दृश्य में सुग्रीव बाली की प्रथम युद्ध होती है जहां सुग्रीव परास्त होकर भागते हैं राम जी से अपनी शिकायत करते हैं राम जी बोलते तुम दोनों भाई एक जैसे हो मुझे पहचानने में और सुविधा हो रही थी राम जी सुग्रीव को एक माला पहनाते हैं अपना युद्ध के लिए भेजते हैं यहां राम जी बाली का वध करते हैं अगले दृश्य में माता सीता की खोज के लिए वानर सेना जाती है जहां उन की मुलाकात संपत्ति से होती है जो अपनी दूर दृष्टि से सीता जी को लंका में देखकर बताता है फिर जामवंत जी द्वारा हनुमान जी को गूगल का याद दिलाया जाता है जिससे वह लंका जाते हैं लंका में उनका लंकिनी से संवाद होता है उनका में उनकी मुलाकात विभीषण जी से होती है विभीषण जी बताते हैं कि माता सीता अशोक वाटिका में है जहां पर हनुमान जी अशोक वाटिका पर जाते हैं और एक वृक्ष के पीछे छुप जाते हैं जब सारे लोग सो जाते हैं तो हनुमान जी माता सीता को प्रणाम करते हैं और राम जी का दिया हुआ देते हैं फिर माता-पिता को भरोसा दिलाते हैं कि प्रभु श्री राम जल्द ही उनको लेने आएंगे और माता से आज्ञा लेकर अशोक वाटिका में कुछ खाने के लिए जाते हैं जहां पर का युद्ध रावण के पुत्र अक्षय कुमार से होता है इससे क्रोधित होकर रावण मेघनाथ को भेजते हैं ब्रह्मपास से मेघनाथ हनुमान जी को बांधकर रावण के पास ले जाते हैं जहां हनुमान जी रावण संवाद होता है फिर हनुमान जी की पूछ में रावण आग लगाने को बोलता है जिसे हनुमान जी पूरे लंका का दहन करते हैं और आज के दिन की लीला का विराम होता है फिर आरती होती है इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार बरनवाल मंत्री निखिल कुमार सोनी कोषाध्यक्ष कमलेश मित्तल शिवकुमार वर्मा राजेंद्र जायसवाल हीरालाल वर्मा कैलाश वर्मा नवनीत बरनवाल कंचन बरनवाल नरेंद्र बरनवाल डॉ सौरभ श्रीवास्तव सुभाष मद्धेशिया मद्धेशिया कपिल सोनी नित्यानंद पांडे अमरनाथ कृष्ण मोहन गुप्ता बालेन्दु मणि जितेंद्र पांडे आदि लोग उपस्थित रहे।

# महिला सशक्तीकरण व जागरूकता रैली को सीओ ने दिखायी झंडी



जिला संवाददाता(vol)

दुद्धी, सोनभद्र। शनिवार को मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत दुद्धी कस्बे में महिला सशक्तिकरण एवं जन जागरूकता रैली का दुद्धी सीओ राजेश कुमार राय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।मिशन शक्ति कार्यक्रम की शुरूआत राजकीय कन्या इंटर कॉलेज से शुरू हुई जिसमें लड़कियां साईकिल पर मिशन शक्ति से संबंधित विभिन्न नंबरों एवं स्लोगन के साथ नगर भ्रमण करते हुए तहसील तिराहा, म्योरपुर रोड, बस स्टैंड होते हुए पुनः कन्या इंटर कॉलेज जाकर समाप्त हुई।

मिशन शक्ति महिला सशक्तिकरण जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाते हुए सीओ राजेश कुमार राय ने कहा कि शासन ने महिलाओं के विभिन्न प्रकार की योजनाएँ चलायी है। महिलाओं से सम्बंधित उत्पीड़न एवं अपराधों को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह गंभीर है। ऐसे किसी भी अपराध की शिकायतें महिलाएं बेहिचक कर सकती है, इसमें उनका नाम पता गोपनीय रखते हुए सख्त कार्यवाही की जाती है। महिलाएं एवं लड़कियां जरूरत पड़ने पड़ने पर सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1090, 1076, 112, 181 सहित अन्य नंबरों की सहायता ले सकती है। उन्होंने कहा कि दुद्धी महिला थाना में महिलाओं के लिए स्पेशन शक्ति केंद्र की स्थापना की गई है तथा म्योरपुर रोड तिराहे पर महिला सहायता केंद्र पिंक बूथ की स्थापना की गई है, जहाँ महिलाओं की सहायता के महिला पुलिस कर्मी मौजूद रहती है। इस मौके पर महिला थाना प्रभारी संतु सरोज, जीजीआईसी प्रभारी प्रधानाचार्या रीतिका श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस व शक्ति संवाद कार्यक्रम आयोजित

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। महिला कल्याण विभाग जिला सोनभद्र द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी के निदेर्शानुसार मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत पूर्ववासी ग्रामीण उत्थान विकास सेवा समिति द्वारा संचालित बाल गृह बालिका में अंतर राष्ट्रीय बालिका दिवस व शक्ति संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



केंद्र प्रशासक दीपिका सिंह द्वारा बालिकाओं को संवाद के दौरान उनको विशेष रूप से सुरक्षित रहने के लिए विभाग द्वारा संचालित योजना और टोल फ्री न0 की जानकारी प्रदान करते हुए कैसे उपयोग करे कि जानकारी प्रदान की गई, जेंडर एक्सपर्ट साधना मिश्रा द्वारा बालिका दिवसह्ण के अवसर पर बालिकाओं द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा, बाल श्रम के तहत कला प्रतियोगिता कराया गया, और प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग से वन स्टॉप सेंटर दीपिका सिंह, हब टीम जेंडर एक्सपर्ट साधना मिश्रा, चाइल्ड हेल्पलाइन से सीमा शर्मा केस वर्कर, सुधा गिरि सुपरवाइजर, पीरामल फाउंडेशन से सयानी बोस अधीक्षिका नीलम सिंह समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# डीआरएम का निरीक्षण, भाजपा नेता ने दिया मांग पत्र



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। डीआरएम सुनील कुमार वर्मा द्वारा अमृत योजना के तहत सिटी स्टेशन का निरीक्षण के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता रामसेवक यादव ने उन्हे एक मांग पत्र सौंपा। जिसमें गाजीपुर से चलकर नई दिल्ली जाने वाली सुहेलदेव एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 22419 ..22420 पटना से चलकर कोटा जाने वाली पटना कोटा एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 13239.. 13240 का स्टॉपेज सिटी स्टेशन पर करने की मांग की। बताया कि सिटी स्टेशन के सामने जो जाम लगता है सड़क का चैड़ीकरण कराया जाय और मां शीतला के नाम से एक नई गाड़ी जौनपुर से मुंबई के लिए जाय यहां के लोगों की यह प्रबल मांग है।

डीआरएम ने मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विसार कर पूरा करने का आस्वासन दिया। ज्ञात हो कि सकुर्लेटिंग एरिया स्टेशन मास्टर ऑफिस शौचालय जिसका उद्घाटन अभी तक नहीं हुआ है पार्किंग वेटिंग रूम प्लेटफॉर्म 1 2 3 खाने पीने कैटीन इन सभी का निरीक्षण किया । इस अवसर पर सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी उपमुख्य अभियंता एस सी यादव सिटी स्टेशन स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार उपाध्याय आरपीएफ चौकी इंचार्ज प्रर्वेंद्र तोमर जीआरपी के समस्त स्टाफ आदि मौजूद थे।

# चेकिंग अभियान में युवक से आतिशबाजी बरामद



बकेवर, इटावा। कानपुर के आतिशबाजी में विस्फोट के बाद बकेवर पुलिस अवैध रूप से आतिशबाजी बनाने वालों व बेचने वालों के विरुद्ध अभियान चेकिंग अभियान चला रही है। थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में एक युवक से आतिशबाजी बरामद की है। युवक अहेरीपुर क्षेत्र में उस आतिशबाजी को चोरी से बेच रहा था। पकड़े युवक के विरुद्ध बरामद आतिशबाजी को लेकर पुलिस मामला दर्ज करने की कार्यवाई कर रही थी।

थानाध्यक्ष विपिन कुमार मलिक ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर बिना परमिशन के आतिशबाजी बनाने बेचने वालों की थाना क्षेत्र में चैकिंग की जा रही थी। शनिवार को अहेरीपुर चैकी इंचार्ज धीरज कुमार को अहेरीपुर क्षेत्र से निकले राजवाह के पास एक मन्दिर के पास एक व्यक्ति के आतिशबाजी काफी मात्रा में रखे होने की सूचना मिली। इस सूचना पर पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचे कर छापा मारा तो राजवाह के पास एक व्यक्ति काफी मात्रा में अवैध रूप से आतिशबाजी को रखे मिला। आतिशबाजी सहित पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम बीटू उर्फ बिजेंद्र पुत्र आत्मप्रकाश निवासी ग्राम इकघरा थाना बकेवर बताया। पुलिस बरामद आतिशबाजी सहित युवक को थाना पर लाकर मामला दर्ज करने की कार्यावई कर रही थी।

## सनातन के गौरव प्रेमानन्द महाराज जी दीर्घायु हों: संत समाज

मथुरा। आज वृंदावन में राधा नंद गिरी महा मंडलेश्वर के आश्रम में संत समाज की बैठक हुई। श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष दिनेश फलाहारी महाराज ने कहा कि प्रेमानंद महाराज जी सभी सनातनी हिंदुओं के गौरव हैं, ये दीर्घायु होने चाहिए। महामंडलेश्वर रामदास महाराज ने कहा कि सभी भक्तों को प्रेमानंद महाराज के स्वस्थ होने के लिए मंदिरों में पूजा और आराधना करनी चाहिए। महंत मधुसूदन दासजी ने कहा कि हम प्रेमानन्द जी के लिए हनुमान जी से प्रार्थना करेंगे। साध्वी इंदुलेखा ने कहा कि सभी बॉलीवुड वालों को उनके स्वास्थ्य लाभ की मनोकामना के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। साध्वी दिव्या देवी ने कहा कि सभी युवाओं को अच्छे मार्ग पर महाराजजी ने लाने का प्रयास किया है, उनके पूर्ण ठीक होने के लिए भगवान से प्रार्थना करेंगे।

# किशोरी से बलात्कार करने का आरापित गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

मथुरा। थाना नौहझील क्षेत्र में अनुसूचित जाति की एक किशोरी से दुष्कर्म के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मुख्य आरोपी हसन मोहम्मद को गिरफ्तार कर लिया है। किशोरी बुधवार देर रात आरोपी हसन की दुकान से सामान लेने गई थी। आरोप है कि दुकानदार हसन ने उसे नशीला पदार्थ सुंघाकर बंधक बना लिया और दुष्कर्म किया। किशोरी के घंटों बाद होश में आने और रोने-चिल्लाने की आवाज सुनकर ग्रामीण दुकान के पास जमा हो गए। पुलिस की मौजूदगी में किशोरी को बदहवास हालत में दुकान से बाहर निकाला गया था। हालांकि इस दौरान आरोपी हसन मौके से भागने में सफल रहा।

घटना की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो विशेष टीमें गठित की गईं, जो लगातार संभावित स्थानों पर दबिश दे रही थीं। पुलिस की सक्रियता के चलते आरोपी हसन को बाजना रोड से गिरफ्तार कर लिया गया। सीओ आशीष शर्मा ने बताया कि आरोपी हसन को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# उधर्वांचल जोन की क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता संपन्न

करमा, सोनभद्र। मां विंध्यवासिनी इंटर कॉलेज पापी करकी माइनर में उधर्वांचल जोन की क्षेत्रीय खेल कूद प्रतियोगिता सकुशल सम्पन्न हुई। प्राप्त जानकारी अनुसार स्थानीय विकास खण्ड खेल प्रतियोगिता का आयोजन मा विंध्वासिनी इंटर कॉलेज पापी में शनिवार को किया।

मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के अध्यक्ष कृपा शंकर सिंह विशिष्ट अतिथि राजेंद्र कुमार कोऑर्डिनेटर जिला मनरेगा सोनभद्र के द्वारा ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। उद्घाटन में 800 मीटर सीनियर बालक वर्ग के रेस से किया गया इसमें वीरेंद्र यादव मां विंध्यवासिनी इंटर कॉलेज से प्रथम स्थान राजाराम यादव हंस वाहिनी इंटर कॉलेज कसया से द्वितीय स्थान अनुराग जय ज्योति इंटर कॉलेज चुर्क से तृतीय स्थान प्राप्त किया वही 800 मी बालिका सीनियर में सीमा राजा नरेंद्र इंटर कॉलेज कुरहुल प्रथम मुस्कान मां विंध्यवासिनी इंटर कॉलेज पापी द्वितीय काजल राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रावटसगंज तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालक वर्ग में 800 मी रमेश बद्रीनाथ इंटर कॉलेज गोरी प्रथम अरविंद यादव मां विंध्यवासिनी इंटर कॉलेज पापी द्वितीय रंजीत पाल लोकनाथ इंटर कॉलेज बघनारी तृतीय वहीं बालिका वर्ग में साजिया मां विंध्यवासिनी इंटर कॉलेज पापी प्रथम निधि यादव मां विंध्यवासिनी इंटर कॉलेज पापी द्वितीय निशा राजा नरेन्द्र सिंह इंटर कॉलेज पूरा फुल तृतीय स्थान प्राप्त किया सब जूनियर बालापुर का 600 मीटर में नीरज हंसते इंटर कॉलेज प्रथम मनीष मां विंध्यवासिनी इंटर कॉलेज पार्टी सोनभद्र द्वितीय अमन मां विंध्यवासिनी इंटर कॉलेज पापी सोनभद्र तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में अंशु यादव माँ मोती रानी सिरसिया द्वितीय और आरुषि मां विंध्यवासिनी इंटर कॉलेज पापी द्वितीय निधि मां विंध्यवासिनी तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मी सीनियर बालक वर्ग में विष्णु जय ज्योति इंटर कॉलेज चुर्क प्रथम वीरेंद्र यादव मां विंध्यवासिनी इंटर कॉलेज पापी द्वितीय अमरजीत बद्रीनाथ चैहान इंटर कॉलेज गौरई तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं बालिका वर्ग में अंशिका यादव हंस वाहिनी इंटर कॉलेज कसया प्रथम सृष्टि जायसवाल, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज राबट्र्सगंज द्वितीय, अंजलि राजा नरेंद्र सिंह इंटर कॉलेज मारकुंडी तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य सरोज कुमार, प्रबंधक सर्वजीत कुशवाहा, मुबारक, चंद्रकांत मिश्रा, वसीम अकरम, मुस्तकीम अहमद, जगदंबा प्रसाद, वीरेंद्र बहादुर यादव, सुरेंद्र कुमार, जियाउद्दीन, जय हिंद सिंह चौहान, राजेश कुमार मौर्य मुन्नालाल आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# अपना दल ने पंचायत चुनाव में लड़ने का दिया मंत्र



जिला संवाददाता(vol)

इटावा। सदस्य एससी एसटी आयोग उत्तर प्रदेश, विधानसभा प्रभारी रमेश चन्द्र कुंडे का जिले में आकस्मिक दौरा में हुआ। कुंडे ने सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में देर सांय को अपना दल एस के कार्यकर्ताओं के साथ मासिक समीक्षा बैठक की।

पंचायत चुनाव में अपना दल एस के बढ़-चढ़ कर भागीदारी करने और अपने प्रत्याशियों को जिताने के लिए समीक्षा बैठक की, सभी उपस्थित कार्यकताओं को निर्देश दिए कि पंचायत चुनाव में जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान अधिक से अधिक संख्या में अपना दल एस से जीतकर ज्यादा से ज्यादा आने चाहिए इसलिए इस मुहिम में अभी से सभी कार्यकर्ताओं को एक जुट करना है।

विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. हरीशंकर पटेल ने कांशीराम के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सभी को उनके बताये रास्ते पर चलना चाहिए तभी समाज तथा राष्ट्र का विकास होगा साथ ही जनपद इटावा में वृहद रूप से सदस्यता अभियान चलाकर पंचायत चुनाव की तैयारी में जुटेंगे। अध्यक्षता हरीओम सिंह चौहान कार्यवाहक जिलाउपाध्यक्ष अपना दल एस ने की मुख्य अतिथि रमेश चंद्र कुंडे प्रभारी विधानसभा का स्वागत कर्ता में डा. सुधीर सविता जिलासचिव, राजेश पोरवाल, बृजेश पोरवाल, अनुपम वर्मा, रवीन्द्र सिंह जाटव, इं. राजेश वर्मा, वीरेन्द्र पटेल उर्फ मुन्ना पूर्व सभासद, संदीप पाल, डा. जसवीर सिंह, अमित चौरसिया एडवोकेट, मनोज शंखवार एडवोकेट, अन्शू चौरसिया, विजय कुमार सिंह, राजेश कुमार, रमेश चौधरी ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# 1962 पर कॉल करायें अपने बीमार पशु का इलाज



शाहगंज/सोनभद्र। सुबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पशुपालकों के लिए निःशुल्क सरकारी एंबुलेंस सेवा की शुरूआत 2023 में किया गया। जनपद के सुदूर ग्रामीण अंचलों के लिए पशु एंबुलेंस सेवा किसी वरदान से कम नहीं है, कस्बे में ही निवास करने वाले पशुपालक वैभव ने अपने बीमार पशु के इलाज हेतु निःशुल्क एंबुलेंस सेवा 1962 पर कॉल किया। परिणाम स्वरूप बीमार पशु को देखने के लिए पशु चिकित्सक डॉ अखिलेश कुमार सिंह एवं फार्मासिस्ट अंजनी पांडेय तत्काल पशुपालक के घर पहुंचते हुए, तुरंत बीमार पशु का उपचार शुरू कर दिया।

डॉक्टर अखिलेश सिंह ने बताया कि जल्द ही जनपद में दो और सरकारी एम्बुलेंस प्राप्त होने वाला है ऐसे में जनपद के ग्रामीण अंचलों के लिए पशुपालकों के पशुओं का इलाज और तीव्र गति से किया जा सकेगा फार्मासिस्ट अंजनी पांडेय ने बताया कि यह सरकारी सुविधा प्रातः 9 बजे से लेकर शाम 7 बजे तक 1962 पर कॉल करके प्राप्त किया जा सकता है। इस सुविधा को और बेहतर बनाने के लिए कुछ पशुपालकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से 1962 कॉल सेंटर पर कार्य करने वाले कर्मियों की संख्या को बढ़ाने के लिए भी अपील किया है।

# जाति प्रमाण पत्र के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे गोंड समाज के युवा

मीरजापुर। जिले के सदर तहसील क्षेत्र में गोंड समाज के युवाओं बच्चों का भविष्य दांव पर लगा हुआ है। गोंड समाज के लोगों को अनुसूचित जाति का जाति प्रमाण पत्र जारी न किए जाने से उन्हें विभिन्न योजनाओं से जहां वंचित होना पड़ जा रहा है तो वहीं बच्चों के स्कूल में दाखिला से लेकर अन्य में भी जलालत झेलनी पड़ जा रही है। गोंड समाज के लोगों को अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र जारी करने को लेकर पूर्व में धरना-प्रदर्शन किए जाने के बाद भी जाति प्रमाण पत्र जारी करने में हीलाहवाली करने का आरोप लगाते हुए समाज के लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है। सदर तहसील क्षेत्र के बरियारपट्टी (भोरसर) गांव निवासी पत्रकार बृजेश कुमार गोंड ने बताया कि वह पिछले महीने से जाति प्रमाण पत्र के लिए तहसील का चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अभी तक उन्हें कोई सफलता नहीं मिली है। पिछले दिनों उन्होंने पुनः उप जिलाधिकारी गुलाब चन्द से मिलकर अपनी फरियाद सुनाई है। उन्होंने बताया कि वह अपने बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिये लगभग 4 माह से प्रतिदिन तहसील सदर का चक्कर काट रह हैं, लेकिन उन्हें तमाम जांच और जरुरी औपचारिकता पूरी करने के बाद भी दौड़ाया जा रहा है ?। उन्होंने आरोप लगाया है कि जब-जब जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करते हैं तो तब-तब इलाकाई लेखपाल द्वारा साक्ष्य संलग्न करने का हवाला देत हुए उसे निरस्त कर दिया जाता है। कि जबकि उनके द्वारा आवेदन के साथ नागरिक रजिस्टर की छायाप्रति, परिवार रजिस्टर की छाया प्रति, पूर्व के 1986, सन 2000 एवु 2014, 2018 का जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति भी संग्नलन किया गया है, बावजूद इसके जाति प्रमाण पत्र जारी करने में हीलाहवाली की जा रही है। इस संदर्भ में पीड़ित बृजेश कुमार ने उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द से मिलकर अपनी फरियाद सुनाई है। जिसपर उपजिलाधिकारी ने आश्वासन दिया है कि वह इस मामले को गंभीरता से लेते हुए लेखपाल सदर एवं लेखपाल प्रीति शर्मा से बात कर के कार्यवाही करते हैं। गौरतलब हो कि पूर्व में जारी शासनादेश के बावजूद जिले में बड़ी संख्या में गोंड समाज के लोग अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र पाने के लिए फरियाद दर फरियाद लगाते हुए आएं हैं, लेकिन उन्हें जाति प्रमाण पत्र मिलना तो दूर उन्हे सुनने वाला कोई नहीं है।

## वैदिक मंत्रोच्चार से हुए अग्नि देव प्रज्वलित ब्रह्मांड के सभी देवी देवताओं का हुआ आगमन

दुद्धी, सोनभद्र। श्री श्री सुदर्शन महायज्ञ 21 कुंडीय के तृतीय दिवस श्री नारायणाचार्य महाराज एवं उनके साथ उत्तर भारत एवं दक्षिण भारत के आचार्यों ने अरणी मंथन एवं वैदिक मंत्रोच्चार से हुए अग्नि देव प्रज्वलित, ब्रह्मांड के सभी देवी देवताओं का आह्वान किया।इस दौरान श्रद्धालु देख अचंभित हुए। तत्पश्चात यज्ञ परिक्रमा कर भक्त पाप मुक्त हुए। महाराज ने बताया कि दुद्धी की इस धरती पर ब्रह्मांड के समस्त देवी देवताओं का आह्वान कर उन्हें यहां आमंत्रित किया गया है, अब उनकी उपस्थिति रहेगी।इस धरती की रज भी अमृत के समान है।कोई भी व्यक्ति कम से चार बार यज्ञ की परिक्रमा कर अपने बुरे कर्मों से मुक्त हो सकता है।ईश्वर भाव से इनके दर्शन से हर व्यक्ति की मंगल कामना पूरी होगी।

## स्वदेशी मेले में लगे स्टालों का एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने किया अवलोकन

बहराइच। इण्डिया. एक्सपो सेन्टर-मार्ट ग्रेटर नोयडा में आयोजित यू.पी.आई.टी.एस. की भॉति यू.पी. इन्टरनेशनल ट्रेड शो-2025 के अन्तर्गत गेंद घर मैदान में 18 अक्टूबर 2025 तक आयोजित हो रहे स्वदेशी मेले में लगे स्टालों का एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र



त्रिपाठी व अन्य के साथ भ्रमण कर खरीदारी भी की। इस अवसर पर एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने आमजन का आहवान किया कि अधिक से अधिक संख्या में आकर दिवाली महापर्व के अवसर पर जिले के हस्तशिल्पियों, कारीगरों, उद्यमियों द्वारा स्थानीय स्तर पर उत्पादित किये जा रहे उत्पादों (स्वदेशी वस्तुओं) की खरीदारी कर स्वदेशी अपनाएं, देश को आत्मनिर्भर बनाएं के संकल्प को पूरा करने में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें। एमएलसी डॉ. त्रिवाठी ने कहा कि मेले में प्रदर्शित उत्पादों की बिक्री से जिले के स्वरोजगारियों विशेषकर युवा हस्तशिल्पियों का उत्साहवर्धन होगा। जिससे जनपद के दूसरे युवा भी स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित होंगे। उन्होंने कहा कि मा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की यही सोच है कि स्वदेशी मेले के आयोजन को स्थानीय हस्तशिल्पी, स्वरोजगारी, कारीगर व उद्यमी एक अवसर के रूप में स्वीकार करें ताकि उनके उत्पादों को नई पहचान मिल सके। स्वदेशी मेले में जिला पयर्टन एवं सांस्कृतिक परिषद के तत्वावधान में शाहिद रजा एण्ड पार्टी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा काव्य संध्या का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक एवं कवि संतोष सिंह ने किया। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा, जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार सहित अन्य अधिकारी, गणमान्य व संभ्रान्तजन, उद्यमी एवं व्यापारी तथा आमजन मौजूद रहे।

## क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



देवरिया। स्थानीय ए पी एस डिग्री कॉलेज मे आज रोटरी क्लब सेंट्रल द्वारा बच्चों के बीच बौद्धिक एवं प्रतियोगात्मक वातावरण विकसित करने के उद्देश्य से एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ! सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद सिंह, रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोट कपिल सोनी द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प चढ़या गया, उसके बाद से क्विज मास्टर रोट हिमांशु कुमार सिंह ने एक के बाद एक गाँधी एवं स्वाधीनाता संग्राम से संभंधित प्रश्नों को पूछना शुरू किया तो छात्रों एवं छात्राओं मे बताने की होड़ लग गई ! प्रत्येक प्रतिभागी को अवसर मिलने पर दस प्रश्नों को जवाब देना होता था, ! निर्णायक सदस्य के रूप मे डॉ मनोज मधेसिया ने महती भूमिका निभाई ! इस बीच राष्ट्रपिता गाँधी केऊपर प्रश्नों के उत्तर के आधार पर क्विज मास्टर हिमांशु ने अनिष शमाको प्रथम, शुभम दूबे को द्वितीय एवं माधुरी पटेल को तृतीय स्थान पर घोषित किया और साथ मे शिवम्गुप्ता, अंकिता गुप्ता, एवं पलक को सांत्वना पुरस्कार दिया गया ! क्लब के अध्यक्ष कपिल सोनी ने कहा कि रोटरी क्लब पब्लिक इमेज के अंतर्गत ग्रामीण इलाके के विद्यालय मे ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम करने का उद्देश्य छिपी हुई प्रतिभा को खोजना और उन्हें अवसर प्रदान करना होता है ! उक्त कार्यक्रम मे सचिव पिऊस अग्रवाल, रोट इमरान लारी, डॉ विपिन शर्मा, डॉ मनोज मधेसिया, अनिल गुप्ता, संतोष गुप्तासाहिल, संतोष गुप्ता, विनोद तिवारी, महेश राजभर, अभय तिवारी स्नेहा सिंह, दीक्षा यादव, पवन कुशवाहा, दीपक विश्वकर्मा,, अभिषेक मिश्रा, संदीप मधेसिया, रामशंकर यादवआदि लोग उपस्तिथ थे !उक्त अवसर पर प्राचार्य विनोद सिंह ने आभार एवं धन्यवादप्रकट करते हुए कहा कि रोटरी द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चों का अंतरमुखी विकास होता है !

संक्षेप

## पैंतालीस हजार रुपये उठाकर भागा बदमाश

ललितपुर। पड़ौसी गांव मसौराकलां व हाल शहर क्षेत्र के मोहल्ला बसन्त बिहार कालोनी में रहने वाले आकाश तिवारी पुत्र स्व.उमाशंकर तिवारी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि गल्ला मण्डी के सामने उसकी आकांक्षा ट्रेडर्स के नाम से दुकान संचालित है। बताया कि 9 अक्टूबर को शाम करीब 7 बजे वह दुकान के बाहर बोरी गिन रहा था। तभी एक व्यक्ति चैक की शर्ट पहने हुये दुकान के अंदर पहुंचा और गल्ले में रखे करीब 45 हजार रुपये निकालकर ले गया। उस व्यक्ति का पीछा किया तो वह दौड़कर सफेद रंग की स्विफ्ट गाड़ी संख्या यू.पी.80 एफ.एफ. 3852 में बैठकर भागने लगा, तब उसने देखा कि गाड़ी में दो लोग थे। पीड़ित के अनुसार उक्त लोग हवाई पट्टी के साइड भाग गये। पुलिस ने आकाश तिवारी की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# पीएम धन्यधान्य कृषि योजना के शुभारंभ का सजीव प्रसारण

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का शुभारम्भ भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली से कृषि विज्ञान केन्द्र, ललितपुर पर किसानों हेतु सजीव प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कृषि क्षेत्र के लिए 42,000 करोड़ रुपये के व्यय वाली ह्यपीएम धन धान्य कृषि योजनाह्ण समेत दो बड़ी योजनाओं का शुभारंभ किया गया।

- राज्यमंत्री सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने लिया कार्यक्रम में भाग

इसका उद्देश्य कृषि उत्पादकता को बढ़ाना, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाना, पंचायत और प्रखंड स्तर पर फसल कटाई के बाद भंडारण को बढ़ाना, सिंचाई सुविधाओं में सुधार करना और 100 चयनित जिलों में दीर्घकालिक और अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता को सुविधाजनक बनाना है। साथ ही पीएम मोदी जी द्वारा 11,440 करोड़ रुपये के व्यय के साथ दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन की शुरूवात की गयी।

इसका उद्देश्य दालों की उत्पादकता के स्तर में सुधार करना, दालों की खेती के रकबे का विस्तार करना, मूल्य श्रृंखला - खरीद, भंडारण, प्रसंस्करण को मजबूत करना और घाटे में कमी सुनिश्चित करना है।

कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिहं चौहान द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री धन धान्य योजना में 11 मंत्रालय के 36 योजनाओं का समन्वय किया गया है जिसके अन्तर्गत देश के 100 जिलों का चयन कर किसानों को उन्नत बीज, सिंचाई तथा ऋण प्रबधंन जैसे सुविधाओं को आगे बढ़ाया जायेगा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मनोहर लाल पंथ राज्य मंत्री, श्रम एवं स्वरोजगार विभाग, उ0प्र0 की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा द्वीप प्रज्वल के साथ आरम्भ किया गया। इस अवसर पर



राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना के मूल उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए बताया कि इस योजना के माध्यम से कृषक अपनी आय में वृद्धि करें।

डा0 मुकेश चन्द, अध्यक्ष, केवीके, ललितपुर द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसान भाइयों को फसल विविधिकरण अपनाने में बुन्देलखण्ड में दलहनी-तिलहनी के क्षेत्रफल को बढ़ाने, बाजार उपलब्धता हेतु एफ0पी0ओ0 को मजबूत करने पर बल दिया गया।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ललितपुर, जिला कृषि अधिकारी राजीव भारती, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 भगवान सिंह, सूचना अधिकारी दयाशंकर, एल0डी0एम0, नाबार्ड, डा0 सरिता देवी, गृह वैज्ञानिक, कु0 रिशु उपाध्याय, एटीएस, कृषि विभाग, के0वी0के0, एन0आई0सी0 एवं अन्य विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों, कृषक बन्धुओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन पशुपालन वैज्ञानिक डा0 अनुज कुमार गौतम द्वारा किया गया।

## रकम दोगुनी करने के नाम पर पांच लाख हड़पे

ललितपुर। निकटवर्ती ग्राम ककड़ारी निवासी रामकिशोर पुत्र अजुद्दी ने सीजेएम न्यायालय में वाद दायर किया है। बताया कि वह गांव के भगवानदास पुत्र हरलाल, उसकी पत्नी क्रान्ति, तेरई फाटक निवासी ब्रजेश को पहचानता था। आरोप है कि उक्त लोगों द्वारा आईएफएसई निधि लिमिटेड के कार्यकर्ता बताया और कम्पनी खोलकर जन सामान्य को बताया कि तीन वर्ष में वह रकम को दोगुना कर देते हैं।

इसी उद्देश्य से तीनों लोग उसके नयागांव स्थित घर पर रिश्तेदार कल्लो पत्नी हरीराम ने उसके समक्ष तीन वर्ष पहले 24 नवम्बर 2021 को पांच लाख रुपये भगवानदास, बृजेश व क्रान्ति को दिये। उस समय सुनील पुत्र भगवानदास, मुन्नी पत्नी चिप्पे भी मौजूद थे। रुपये मिलने के बाद से तीनों लोग घर पर नहीं रहते। चार-पांच दिन पहले जानकारी हुयी कि उक्त लोग स्वयं का अपहरण कराकर गिरफ्तार हुये हैं और कल्लो का रुपया नहीं दे रहे हैं। बताया कि तीनों लोगों ने पांच बाउण्ड, पूजा, चांदनी, कल्लो, धनकुंवर व आशिक के नाम तैयार किये थे और रुपया नहीं दे रहे हैं।

## कराटे प्रतियोगिता में 7 पदक जीते किया नाम रोशन



**बांदा।** राज्य स्तरीय माध्यमिक विद्यालय कराटे प्रतियोगिता में चित्रकूट मंडल के खिलाड़ियों ने 7 पदक प्राप्त कर मंडल का नाम रोशन किया है। डीएवी इण्टर कॉलेज महोबा ने सबसे अधिक चार पदक प्राप्त किये। माध्यमिक विद्यालय राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता 7 से 10 अक्टूबर तक के डी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में हुई जिसमें चित्रकूट धाम मंडल के 12 खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु एवं भार वर्ग में प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता में चित्रकूट धाम मंडल के 19 वर्षीय अजय, आकाश चैरसिया, 17 वर्षीय चन्द्रशेखर, पीयूष डीएवी इण्टर कॉलेज महोबा ने कांस्य पदक प्राप्त किये। 17 वर्षीय आयुषी ताम्रकर सरस्वती बालिका इण्टर कॉलेज महोबा, 14 वर्षीय अराध्या विश्वकर्मा राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज महोबा कांस्य, 14 वर्षीय कृष्णा विश्वकर्मा माधव इंटरनेशनल कॉलेज महोबा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। विजेता खिलाडियों को उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए लोगों, समाजसेवियों और खेल प्रेमियों ने बधाई दी। इस दौरान टीम मैनेजर रवि प्रकाश, कोच पवन आर्या एवं हिमांशी विश्वकर्मा मौजूद रहीं।

## निरंकारी समागम 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक

**बांदा।** संत निरंकारी मिशन का वार्षिक समागम 31 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक समालखा हरियाणा स्थित संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल पर आयोजित होगा। जोनल इंचार्ज डॉ दर्शन सिंह ने बताया कि यह आयोजन सतगुरु माता सुदीक्षा एवं निरंकारी राजपिता रमित के सान्निध्य में होगा। ह्यआत्ममंथनह्ण विषय पर आधारित इस वर्ष का वार्षिक संत समागम एक अद्भुत एवं अनुपम आध्यात्मिक यात्रा है, जहां श्रद्धालु ब्रह्मज्ञान की आंतरिक ज्योति में सेवा, सिमरन और सत्संग करते हुए आनंद और प्रेमाभक्ति का अनुभव करेंगे। उत्सव की तैयारियाँ श्रद्धा, लगन एवं निःस्वार्थ भावना से की जा रही हैं। सतगुरु माता यही प्रेरणा देती हैं कि ह्यतन पवित्र सेवा किये, धन पवित्र दिये दान, मन पवित्र हरि भजन सों, त्रिबिध होई कल्याण। देश के कोने-कोने से, विदेशों से भी लाखों श्रद्धालु संत समागम में सम्मिलित होने आते हैं। यह समागम केवल एक साधारण आयोजन नहीं, बल्कि मानवता के उत्थान और समरसता के जागरण का अनुपम पर्व है।

## मांगे पूरी न होने पर भाकियू का बिजली घर पर सांकेतिक धरना



**बिजनौर।** किसानों की समस्याओं का स्थाई समाधान नही होने पर भाकियू टिकैत ने अफजलगढ क्षेत्र के मानियावाला बिजली घर पर सांकेतिक धरना दिया। भाकियू ने सभी समस्याओ का समाधान न होने पर अनिश्चितकालीन धरने की बात कहीं। इस मौके पर दर्जनों किसान उपस्थित रहें। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के अफजलगढ ब्लाक अध्यक्ष शैलेन्द्र चैहान ने बताया कि बिजली विभाग से पीड़ित किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर अफजलगढ क्षेत्र के मानियावाला बिजली घर पर तीन अक्टूबर को मासिक पंचायत का आयोजन किया गया था। पंचायत में जर्जर तार बदलवाने, बिजली बिलो में अनिमितताएं, पैगम्बरपुर बिजलीघर में क्षेत्र के दूसरे गांवों को शामिल करना आदि बहुत सी समस्याओं के समाधान के लिए बिजली विभाग को दस अक्टूबर तक का समय दिया गया था। मांगों को नजरअंदाज करने पर किसान नेताओ ने सांकेतिक धरना देकर विरोध जताया तथा बिजलीघर पर तैनात कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि त्यौहार पूरे होने तक सभी समस्याओं को निस्तारित नही किया गया तो संगठन अनिश्चितकालीन धरने पर विवश होगा। इस मौके पर मदन सिंह राणा, रमेश चन्द्र शेखावत, देवेंद्र कौशिक, राणा सैनी, हरि सिंह आदि दर्जनों किसान नेता उपस्थित रहे।

## ट्रेन से गिरकर यात्री घायल

**ललितपुर।** जिले के तालबेहट कोतवाली क्षेत्र में बिजरौठा रेलवे ट्रैक के पास शुक्रवार रात एक व्यक्ति ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। आरपीएफ पुलिस मौके पर पहुंची और आरपीएफ कांस्टेबल विपिन कुमार ने घायल व्यक्ति को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

उक्त मामले मे डॉक्टर अजय यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि व्यक्ति के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। जिसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घायल की पहचान लखीमपुर खीरी निवासी 35 वर्षीय राजेश मल्हार के रूप में हुई है।

## अन्न दाताओं का सम्मान, परियोजनाओं का शुभारंभ

**बांदा।** प्रधानमंत्री ने जीएसटी उत्सव में किसानों को बड़ा उपहार दिया है। विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि अन्न दाताओं का सम्मान और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण हमारी प्राथमिकता है। उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री के निर्देश पर जिले के किसानों को 42 हजार करोड़ रुपये की कृषि परियोजनाओं का लाभ मिलेगा। इस कार्यक्रम के तहत पीएम धन-धान्य कृषि योजना, दलहन आत्मनिर्भरता मिशन और नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना की शुरूआत हुई। इसके साथ ही कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन तथा खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी एक हजार से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास भी किया गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सुरेश कुमार वैश्य ने बताया कि इस योजना के तहत राष्ट्रीय गोकुल मिशन के जरिए



प्रशिक्षित मैत्री जो गांव में किसानों के यहां कार्य करते हैं उन्हे शासन से निःशुल्क सहायता दी जाती है। भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री हमेशा किसानों की चिंता करते हैं। यह कोई राजनैतिक आयोजन नही है, यह किसानों की आमदनी बढ़ाने एवं उत्पादन क्षमता को मजबूत करने के लिए है। जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि पीएम की शुरू की गयी योजनाओं में बुंदेलखण्ड की भौगोलिक परिस्थितियों में कृषि और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा। कहा कि पुराने समय में प्राकृतिक खेती से आर्थिक समृद्धि मिलने के बावजूद आधुनिक खेती एवं उर्वरकों के उपयोग ने इसका महत्व कम कर दिया है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, उप कृषि निदेशक डॉ अभय कुमार सिंह यादव तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## डीआईजी ने कीं शिकायतें निस्तारित



**बांदा।** शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश के चलते जिले में थाना समाधान दिवस आयोजित हुए। समाधान दिवस में जनपद के सभी थानों में 67 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें 28 शिकायतों का अधिकारियों ने मौके पर निस्तारण किया। जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए टीमों का गठन किया गया। लोगों की शिकायतें सुनने के बाद पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने उनका निस्तारण किया। पुलिस उपमहानिरिक्षक राजेश एस ने थाना कोतवाली नगर में लोगों की शिकायतों को सुना और इनके निस्तारण के लिए पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए। पुलिस उप महानिरीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों की शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर गुणदोष के आधार पर निस्तारित करें। उन्होने कहा कि फरियादियों को बार-बार न भटकना पड़े। कोतवाली नगर में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक व तहसीलदार सदर मौजूद रहे। थाना कोतवाली देहात में प्रभारी चंद्रप्रकाश तिवारी, थाना चिल्ला में प्रभारी अनूप कुमार दुबे, थाना गिरवां, नरैनी, अतर्रा, बदौसा, तिंदवारी, बबेरू, कमासिन व जसपुरा में लोगों की शिकायतें सुनीं गयीं।

## पटाखा फैक्ट्रियों के निरीक्षण में अवैध ढंग से चल रहा पटाखों का गोदाम सील



**बिजनौर।** पुलिस प्रशासन ने भारी फोर्स के साथ तीन पटाखा फैक्ट्रियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रशासन ने आतिशबाजी के बने गोदाम को अनाधिकृत मिलने पर उन्हें सील करने की कार्रवाई की गई। धामपुर एसडीएम स्मृति मिश्रा, मुख्य अग्निशमन अधिकारी राजीव कुमार पांडे, क्षेत्राधिकारी धामपुर अभय कुमार पांडे, लेखपाल ब्रहम सिंह रवि, थानाध्यक्ष धीरज नागर आदि ने नहटौर थाना क्षेत्र के ग्राम आकू, बुढ़पुर व मिलक रोड़ स्थित पटाखा (आतिशबाजी) फैक्ट्री का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा मानकों की जांच की। अधिकारियों ने आतिशबाजी के स्टॉक और वास्तविक स्टॉक का भी मिलान किया। प्रशासनिक अधिकारियों ने नूरपुर रोड स्थित एक आतिशबाजी के गोदाम को सील करने की कार्रवाई की। जिससे फैक्ट्री संचालकों में हड़कंप मच गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि यह गोदाम अनाधिकृत रूप से बनाया गया था। फैक्ट्री में जो भी आतिशबाजी का सामान बनेगा उसका कोई भी भंडारण केंद्र अनाधिकृत तौर पर नहीं बनाने दिया जायेगा।

# साइबर ठग ने लोन दिलाने के नाम पर युवक से 35 हजार हड़पे, कार्रवाई की मांग

**स्योहारा, बिजनौर।** युवक से लोन के नाम पर पैंतीस हजार रुपये की ठगी का मांमला प्रकाश में आया है। युवक को अपने साथ ठगी का जवाब अहसास हुआ था तक वह हजारों रुपये ठग को डाल चुका था। ढगी के शिकार युवक ने पुलिस में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

जनकारी के अनुसार थाना स्योहारा क्षेत्र के ग्राम चकमहदूद सानी निवासी युवक परवेज अहमद पुत्र शफीक अहमद उर्फ भूरे डीलर के साथ अज्ञात ठगों ने लोन दिलाने का झांसा देकर 35 हजार रुपये की ठगी कर ली। युवक को अपने साथ हुई ठगी का जवाब तक अहसास हुआ जब ठग ने किसी ऐप के माध्यम से युवक की एक वीडियो बना ली और उसको वायरल करने के नाम पर पैसे डलवाने को कहा जब युवक ने माना किया था अज्ञात ठग ने युवक को ब्लैकमेल करना शुरू



कर दिया परंतु परवेज ने हिम्मत दिखाते हुए रुपए डालने से साफ मना कर दिया। युवक ने मामले की शिकायत करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। परवेज ने बताया कि उसने यह ऐप उसने फेसबुक से देखा था जिसके बाद उसके पास कॉल आनी शुरू हो गई और लोन देने की बात कही और नियम बताते हुए उससे दस्तावेज ऐप पर डाउनलोड करने को कहा जिसके बाद परवेज ने सारे दस्तावेज अपलोड कर दिये और उसके बाद दो हजार दो रुपये का लोन दिया जिसके बाद परवेज ने चार हजार अदा कर दिए उसके बाद दोबारा उसको ऑटोमैटिक लोन कर आठ हजार रुपये का लोन कर दिया जिसके बाद उसके पास चार हजार रुपए वापस आ गए। पीडित परवेज ने ठग के नंबर को ब्लाक करते हुए मामले की शिकायत साइबर क्राइम में दर्ज कराते हुए कार्यवाही की मांग की है।

## सपाइयों ने मनायी जयप्रकाश नारायण की जयंती

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय लोहिया भवन पर स्वर्गीय जयप्रकाश नारायण की जयंती महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर मनाई गई इस मौके पर पार्टी के पदाधिकारी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनको नमन किया इस मौके पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा स्वर्गीय जयप्रकाश नारायण का जन्म बिहार में1902 मे एक चित्रगुप्त कायस्थ परिवार में हुआ था उन्होंने कहा जयप्रकाश नारायण ने मुख्य रूप से दो आंदोलन किए थे बिहार आंदोलन और संपूर्ण क्रांति,बिहार आंदोलन 1974 में छात्रों द्वारा शुरूस्वर्गीय जयप्रकाश नारायण ने ही किया था और यह भ्रष्ट शासन के खिलाफ था इसके बाद उन्होंने 1974 में संपूर्ण क्रांति का नारा दिया।

## शहर के मुख्य मार्ग से हटाया अतिक्रमण



**बांदा।** शहर के मुख्य मार्ग महाराणा प्रताप चैराहा से पुलिस लाइन तिराहा तक शनिवार को अतिक्रमण हटाया गया। उप जिलाधिकारी सदर नमन मेहता के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद और पुलिस प्रशासन की टीम ने अभियान चलाकर सड़क किनारे किए गये अवैध कब्जे हटवाए। दुकानदारों के फैलाए गये टीन, टप्पर, डिब्बे, गुमटियां और अस्थाई ठेले बुल्डोजर से हटाए गये। उप जिलाधिकारी ने अतिक्रमणकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि दोबारा कब्जा करने पर कठोर कार्रवाई और जुमार्ना लगाया जाएगा। अधिशाषी अधिकारी श्रीचंद ने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण किसी भी दशा में बर्दाश्त नही किया जाएगा और सड़क पर फैलाया गया सामान जब्त और नष्ट किया जाएगा। इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक, शहर कोतवाल बलराम सिंह, महिला पुलिस टीम, पीएसी के जवान, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल व नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्रधान के खेत से पानी का बोर सहित 50 हजार का सामान चोरी



**अफजलगढ़, बिजनौर।** खेत पर अज्ञात चोरों ने पानी का बोर सहित करीब 50 हजार रुपए के सामान चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पीडित प्रधान ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। अफजलगढ़ विकास खंड क्षेत्र के गांव हिदायतपुर चैहड़वाला निवासी ग्राम प्रधान ऋषिपाल सिंह ने अफजलगढ पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पीड़ित के खेत में बिजली पानी का बोर है। बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा बिजली की मोटर केबिल तथा लोहे की पाइप लाइन साफ्ट पुली चोरी कर ले गए। पीड़ित ने जब अगले दिन अपने खेत पर पहुंचा तो वहां अज्ञात चोरों द्वारा सामान चोरी करने की घटना का पता चला। ग्रामीणों के अनुसार पूर्व में भी गांव भिक्कावाला में कई किसानों के खेतो से अज्ञात चोरों द्वारा मोटर सहित केबल चोरी की गए थी। किसानों द्वारा अफजलगढ़ थाने में अज्ञात चोरों किसानों ने शीघ्र ही पुलिस से मोटर चोरियों के खुलासे की मांग कर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी गई थी लेकिन अभी तक किसानों की इन मोटर चोरियों का पुलिस द्वारा खुलासा न होने से किसानों में भारी रोष है। भाकियू टिकैत के ब्लाक अध्यक्ष शैलेन्द्र चैहान ने पुलिस से किसानों की मोटर बरामद कर चोरी के खुलासे की मांग की है। उन्होने चेतावनी देते हुए कहा कि पुलिस द्वारा खुलासा नही करने पर किसान आंदोलन करने को बाध्य होगे। घटना के संबन्ध में थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है, जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

## आचार्य मनोज दीक्षित बने चयन समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**अयोध्या।** आचार्य मनोज दीक्षित को अखिल भारतीय सारस्वत परिषद का केन्द्रीय चयन समिति का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस आशय का पत्र श्रीआचार्य मनोज दीक्षित को प्राप्त हुआ। अखिल भारतीय सारस्वत परिषद के महानिदेशक और राष्ट्रीय संयोजक डॉ. विवेकानंद तिवारी ने आचार्य मनोज दीक्षित चयन समिति का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किए जाने की घोषणा की है। यह नियुक्ति भारत के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले इस राष्ट्रवादी संगठन को और सशक्त बनाएगी। अखिल भारतीय सारस्वत परिषद एकमात्र राष्ट्रवादी संस्था है, जो राष्ट्र की समृद्धि और एकता के लिए कार्यरत है। इस संस्था का उद्देश्य न केवल समाज के सर्वांगीण उत्थान को प्रेरित करना है, बल्कि यह भारत की महान संस्कृति, शिक्षा, और सामाजिक मूल्यों को सशक्त बनाने में भी सक्रिय है। यह संस्था देश की महान विभूतियों से जुड़ी हुई है, जिनमें जगदगुरु शंकराचार्य पुरी स्वामी निश्चलानन्द सरस्वती, भारत के पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय अधिकारी शामिल हैं। इन महान व्यक्तित्वों के साथ जुड़ी यह संस्था देशवासियों को जागरूक करने, राष्ट्र के समग्रके लिए निरंतर प्रयासरत है। संस्था का विश्वास है विकास ही राष्ट्र को परमवैभव की ओर ले जा सकता है।

# अध्यक्ष, नपा उप निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कार्मिकों का प्रशिक्षण सम्पन्न

**ललितपुर।** अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, ललितपुर उप निर्वाचन-2025 को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु चुनाव में लगे मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण कल्याण सिंह सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी अमनदीप डुली के निर्देशन व मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जहां मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा मतदान कार्मिकों को पार्टी रवानगी से लेकर मतदान सम्पन्न होने के बाद तक की समस्त गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया गया प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रभारी, अधिकारी कार्मिक ने सभी मतदान कार्मिकों को निर्देशित किया गया कि 15 अक्टूबर 2025 को मतदान दिवस के दिन पूर्ण रुप से निर्भीक होकर अपने दायित्वों की पूर्ति करें, जिला प्रशासन की तैयारियां पूर्ण हैं, पोलिंग पार्टियां मतदान से एक दिन पूर्व 14 अक्टूबर को अमरपुर मंडी स्थल से रवाना होंगी। इस दौरान किसी भी कार्मिक को किसी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति से निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक कोई सम्पर्क नहीं रखना है। सभी कार्मिक उनको सौंपे गए दायित्वों को गंभीरतापूर्वक निभाएं, किसी भी



निर्वाचन सम्बंधी कार्य को नकारने अथवा टालने की स्थिति में सम्बन्धित कार्मिक पर दण्डनीय कार्यवाही की जा सकती है। इसके उपरान्त प्रशिक्षकों

- प्रशिक्षण में पार्टी रवानगी से लेकर मतदान समाप्ति तक हरेक गतिविधि को पीपीटी पर समझाया गया
- कुल 656 में 8 मतदान कार्मिक रहे अनुपस्थित, 13 अक्टूबर को प्रशिक्षण लेने के दिए निर्देश

द्वारा मतदान कार्मिकों को निर्वाचन की बारीकियों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। सभी पीठासीन व मतदान अधिकारियों को पीपीटी के माध्यम से पीठासीन अधिकारियों के कर्तव्य एवं दायित्व, पार्टी रवानगी, सामग्री वितरण, बूथ पर ड्यूटी, बूथ पर पहुंचने पर कार्यवाही एवं अगले दिन मतदान से पूर्व की तैयारियां तथा मतदान के उपरान्त के कार्यों आदि के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। बताया गया कि पार्टी रवानगी के समय अपने अपने बूथ पर तैनात कार्मिकों से परिचय प्राप्त कर मोबाइल नम्बर ले लें। सामग्री लेते समय सूची से मिलान कर लें कि सामग्री पूर्ण है या नहीं। इसके अलावा हैण्डबुक का अध्ययन अवश्य कर लें। यह भी बताया गया कि यहां बतायी जा रही बातों को ध्यान से अध्ययन कर लें। प्रशिक्षण के दौरान कुल 656 कार्मिकों में से 8 कार्मिक-जूही दुबे प्राविधिक सहायक उप संभागीय कृषि प्रसार कार्यालय, रेखा कुशवाहा प्राविधिक सहायक उप संभागीय कृषि प्रसार कार्यालय, सतवंत सिंह प्राविधिक सहायक उप संभागीय कृषि प्रसार कार्यालय, खुशबू यादव सीडीपीओ महिला एवं बाल विकास विभाग, दिव्या गुप्ता सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय जमौरामाफी, मनीषा शर्मा सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय भटरया, इरशाद खान परिचारक जीजीआईसी, कुंवर सिंह वरिष्ठ सहायक राजकीय महाविद्यालय पुलवारा अनुपस्थित रहे, जिन्हें 13 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे कल्याण सिंह सभागार में अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिये गए और कड़ी चेतावनी दी गई गई ।

## .सड़क दुर्घटना में अंडा विक्रेता की मौत

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** कुमारगंज थानाक्षेत्र के देवगांव चैकी अंतर्गत खेमापुर गांव के 30 वर्षीय निवासी कृष्ण कुमार की शुक्रवार रात एक सड़क दुर्घटना में दुखद मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार, कृष्ण कुमार कुमारगंज कस्बे में अंडे की दुकान चलाते थे। रोज की तरह शुक्रवार को भी वह अपनी दुकान बंद करने के बाद अपनी स्प्लेंडर बाइक से घर के लिए रवाना हुए। रात करीब नौ बजे अकमा गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल कृष्ण कुमार को तत्काल एंबुलेंस के जरिए सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय, कुमारगंज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया ।कृष्ण कुमार अपने परिवार में पांच भाइयों में सबसे छोटे थे। उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी, और वह अपनी पत्नी तथा डेढ़ साल की मासूम बेटी और परिवार का भरण-पोषण अपनी छोटी-सी दुकान से करते थे। उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कृष्ण कुमार मेहनती और मिलनसार व्यक्ति थे, जिनकी इस तरह अचानक मृत्यु से पूरे गांव में शोक की लहर है ।कुमारगंज थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश ने बताया कि दुर्घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव का पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही, अज्ञात वाहन की पहचान और चालक की तलाश के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

## तिकोनिया पार्क में भण्डारे का आयोजन

**अयोध्या।** माँ कौशिकी दुर्गा पूजा समिति की ओर से तिकोनिया पार्क में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह भंडारा दोपहर 2:00 बजे शुरू होकर देर रात तक जारी रहा। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। माँ कौशिकी दुर्गा पूजा समिति के सदस्य भोला यादव ने बताया कि यह भंडारा क्षेत्र का एक प्रमुख धार्मिक आयोजन है जो बीते 40 वर्षों से पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न होता आ रहा है। उन्होंने कहा इस वर्ष भी समिति की अध्यक्ष और पदाधिकारियों की देखरेख में इसका आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि भंडारे का शुभारंभ शनिदेव के पूजन से शुरू हुआ।

दोपहर लगभग 2:00 बजे से प्रसाद वितरण अनवरत जारी रहा जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर समिति के सदस्य बबलू, दीपू, जीशान, हेमंश, राहुल,निशांत पवन, राजेश, रमन ,सोनू, महेश, भोला यादव सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## स्वदेशी मेला में सजे स्वदेशी उत्पादों सहित जनपद के उत्पाद

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश ट्रेड शो स्वदेशी मेला 2025 तुवन मन्दिर ग्राउण्ड ललितपुर में सज चुका है। मेले में तरह-तरह के स्वदेशी उत्पाद के 40 से अधिक स्टॉल्स लगाये गये हैं, जिनमें गाय के गोबर से बने उत्पाद जैसे दीवाल घड़ी, फोटो फ्रेम एवं अन्य होम फर्निशिंग सामग्री इत्यादि तथा एक जनपद एक उत्पाद के अन्तर्गत जनपद के ओ0डी0ओ0पी0 उत्पाद जरी सिल्क साड़ी, होजरी के उत्पादों के स्टॉल्स एवं सी0एम0 युवा उद्यमी विकास अभियान योजनान्तर्गत लाभान्वित इकाईयों के साथ-साथ अन्य आर्टिफिशियल ज्वैलरी, खिलौने, टेडी, रेडीमेड गोरमेण्ट्स शामिल हैं। फूड स्टॉल्स में भी स्वदेशी फूड उत्पाद जो कि देशी तकनीकी से तैयार किया जाता है। मजेदार अचार का स्वाद एवं गृहणियों के पसन्दीदा अन्य आवश्यक घरेलू उत्पादों के स्टॉल्स भी स्थापित हो चुके है।

# भारत-अमेरिका संबंधों व वैश्विक महत्व पर हुई चर्चा

## जयशंकर ने अमेरिका के नामित राजदूत सर्जियो गोर से मुलाकात की

एजेंसी



नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को अमेरिका के नामित राजदूत सर्जियो गोर से वार्ता की। भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद दोनों देशों के संबंधों में आए तनाव के बीच यह मुलाकात हुई है। गोर प्रबंधन एवं संसाधन उप मंत्री माइकल जे. रिगास के साथ नयी दिल्ली के छह दिवसीय दौरे पर हैं। कुछ दिन पहले ही अमेरिकी संसद ने भारत में राजदूत के रूप में उनकी नियुक्ति की पुष्टि की थी। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर कहा, आज नयी दिल्ली में अमेरिका के नामित राजदूत सर्जियो गोर से मिलकर बहुत खुशी हुई। भारत-अमेरिका संबंधों और इसके वैश्विक महत्व पर चर्चा हुई।

उन्होंने कहा उन्हें उनकी नयी ज़िम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं। गोर ने विदेश सचिव विक्रम मिसरी से भी मुलाकात की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर कहा उन्होंने भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी और इसकी साझा प्राथमिकताओं पर सार्थक विचार-विमर्श किया। विदेश सचिव ने राजदूत गोर को शुभकामनाएं दीं। भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले के बाद से नयी दिल्ली और वाशिंगटन के बीच संबंध काफी तनावपूर्ण हो गए थे।

इसमें 25 प्रतिशत शुल्क रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए लगाया गया था। भारत ने अमेरिका के इस कदम को अनुचित और अविवेकपूर्ण बताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच हाल में फोन पर हुई बातचीत के बाद हालांकि, व्यापार समझौते के लिए जारी वार्ता के सकारात्मक परिणाम निकलने की उम्मीदें जगी हैं। भारत और अमेरिका ने हाल में कुछ सप्ताह के अंतराल के बाद व्यापार समझौते के लिए बातचीत फिर शुरू की है। व्हाइट हाउस के कार्मिक कार्यालय के निदेशक और ट्रंप के करीबी सदस्यों में से एक गोर को अगस्त में भारत में अगले अमेरिकी राजदूत के रूप में नामित किया गया था। अपनी प्रतिक्रिया में गोर ने कहा कि वह ट्रंप के प्रति बहुत आभारी हैं, जिन्होंने उन्हें भारत में अपना अगला अमेरिकी राजदूत तथा दक्षिण एवं मध्य एशियाई मामलों के लिए विशेष दूत नियुक्त करने में भरोसा दिखाया। अमेरिकी सीनेट ने इस सप्ताह उनकी नियुक्ति की पुष्टि कर दी है।

# दिवाली कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ प्रकाश की नयी कहानी गढ़ रहे हैं दिल्ली के कुम्हार



**नयी दिल्ली।** इस दिवाली, दिल्ली की कुम्हार कॉलोनी के कुम्हार देर रात तक दीयों को आकार देने और रंगने का काम कर रहे हैं, वहीं समुदाय के युवा सदस्य इस शिल्प में एक अप्रत्याशित उपकरण का उपयोग कर रहे हैं, वह है कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)। जो जिज्ञासा के रूप में शुरू हुआ था, वह रचनात्मकता का प्रयोग बन गया है, जिसमें सदियों पुरानी परंपराओं को डिजिटल युग की कल्पना के साथ मिश्रित किया गया है। यहां दीयों की कीमत उनके आकार और अन्य बारीकियों के आधार पर एक रुपये से लेकर हजारों रुपये तक होती है। छोटे, साधारण दीये स्थानीय बाजारों में थोक में बेचे जाते हैं, जबकि बारीकी से रंगे या खास डिजाइन वाले दीये के कुछ अनोखा चाहने वाले खरीदारों से अधिक दाम मिलते हैं। इस साल, कुछ परिवारों ने अपने छोटे सदस्यों में एक नयी तरह की रचनात्मकता देखी है, जो रंग और स्वरूप के लिए एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं।

कॉलेज छात्र यश (19) कक्षाओं के बाद अपने परिवार की मदद करता है। उसने कहा, हम इसका इस्तेमाल सिर्फ यह देखने के लिए करते हैं कि कौन से रंग एकसाथ अच्छे लगते हैं। यश ने कहा, कभी-कभी यह बहुत ही अजीबोगरीब विचार देता है, लेकिन कभी-कभी यह वाकई बहुत अच्छे विचार भी देता है। हम इसकी हर बात की नकल नहीं करते, हम अपनी बात कहते हैं, लेकिन यह हमें अलग तरह से सोचने में मदद करता है। युवा कुम्हारों के लिए, तकनीक एक छोटा लेकिन उपयोगी उपकरण है, खासकर बड़े ऑर्डर की तैयारी और नये विचारों की तलाश में। यश ने कहा ऐसा नहीं है कि हम इसे ही सब कुछ तय करने देते हैं। हम बस विचार पूछते हैं। अंतिम डिजाइन अभी भी हमारे हाथों से ही आता है। हालांकि, पुराने कारीगरों के लिए यह अपरिचित और अनावश्यक लगता है। बनवारी लाल (62) बचपन से दिए बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह पीढ़ियों से चली आ रही पारंपरिक विधियों पर ही निर्भर रहना पसंद करते हैं।

## संक्षेप

### अमेरिका में विस्फोटकों के संयंत्र में विस्फोट, 19 की मौत

मैकएवेन (अमेरिका)। अमेरिका में टेनेसी के एक ग्रामीण क्षेत्र में विस्फोटकों के एक संयंत्र में शुक्रवार को विस्फोट होने के बाद से कम से कम 19 लोग लापता हैं जिनके मारे जाने की आशंका है। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। हम्फ्रेज काउंटी के शेरिफ क्रिस डेविस ने सेना के लिए विस्फोटकों की आपूर्ति और शोध करने वाली कंपनी एक्यूरेट एनर्जेटिक सिस्टम्स में हुए विस्फोट की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह बेहद भयावह और दिल दहला देने वाला दृश्य है। डेविस ने कहा कि वह इस त्रासदी से प्रभावित तीन परिवारों को जानते हैं। उन्होंने कहा कि कई लोग मारे गए। हालांकि उन्होंने मृतक संख्या नहीं बताई। उन्होंने 19 लापता लोगों को आत्मा कहकर संबोधित किया। उन्होंने बताया कि विस्फोट सुबह लगभग पौने आठ बजे हुआ। फुटेज में पहाड़ी स्थान पर स्थित कंपनी परिसर सुलगता दिख रहा था। उन्होंने बताया कि मलबा कम से कम आधा मील के क्षेत्र में बिखरा हुआ था और 15 मील (24.1 किलोमीटर) से भी अधिक दूर तक लोगों ने विस्फोट के झटके महसूस किया। कंपनी की वेबसाइट के अनुसार, वह नैशविले से लगभग 60 मील (97 किलोमीटर) दक्षिण-पश्चिम में बक्सनॉर्ट क्षेत्र में विस्फोटक और गोला-बारूद का प्रसंस्करण करती है।

# चाय बागान में उत्पादन बढ़ाने को धन उपलब्ध कराने की मांग : प्रियंका

एजेंसी

वायनाड। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को केरल के वायनाड में प्रियदर्शिनी चाय बागान की मशीनरी को उन्नत करने के लिए सीएसआर पहल के तहत तत्काल धन उपलब्ध कराने का आह्वान किया, ताकि वहां उत्पादन बढ़ाया जा सके और आजीविका के लिए (चाय बागान पर) निर्भर परिवारों की मदद की जा सके।

प्रियंका ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सभी तरह की मदद का स्वागत है। उन्होंने लिखा कि प्रियदर्शिनी चाय बागान की स्थापना 1984 में एक सहकारी संस्था के रूप में की गई थी, जिसका मकसद 1970 के दशक में इंदिरा गांधी की ओर से लाए गए बंधुआ मजदूरी उन्मूलन अधिनियम के बाद के वर्षों में वायनाड में आदिवासी समुदायों के बंधुआ मजदूरों का पुनर्वास करना था। प्रियंका ने कहा उन्हें एक क्रूर व्यवस्था से मुक्त किया गया और चाय बागान के स्वामित्व में उचित हिस्सा दिया गया।

# नारी शक्ति पर राहुल ने पीएम पर साधा निशाना

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी के संवाददाता सम्मेलन में महिला पत्रकारों की अनुपस्थिति से नारी शक्ति पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नारों का खोखलापन बेनकाब हुआ है।

गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने साबित कर दिया कि वह इतने कमजोर है कि महिलाओं के लिए खड़े नहीं हो सकते। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री इन दिनों भारत के दौरे पर हैं। उन्होंने शुक्रवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता की थी। बाद में उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन को भी संबोधित किया था, जिसमें महिला पत्रकारों को शामिल होने की अनुमति कथित तौर पर नहीं थी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, मोदी जी, जब आप महिला पत्रकारों को एक सार्वजनिक मंच से बाहर किए जाने की अनुमति देते हैं, तो आप भारत की हर महिला को बता रहे हैं कि आप इतने कमजोर हैं कि उनके लिए खड़े नहीं हो सकते। उन्होंने कहा, हमारे देश में महिलाओं को हर क्षेत्र में समान भागीदारी का अधिकार है।

ऐसे भेदभाव के सामने आपकी चुप्पी नारी शक्ति पर आपके नारों के खोखलेपन को उजागर करती है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने भी एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी, कृपया भारत दौरे पर तालिबान के प्रतिनिधि के संवाददाता सम्मेलन से महिला पत्रकारों को दूर रखे जाने पर अपना रुख स्पष्ट करें।

# उ. कोरिया ने नयी अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल का किया प्रदर्शन

एजेंसी



सियोल। विदेशी नेताओं की उपस्थिति में आयोजित एक विशाल सैन्य परेड में उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने अपनी परमाणु हथियार से सुसज्जित सेना के सबसे शक्तिशाली हथियारों का प्रदर्शन किया, जिसमें एक नई अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल भी शामिल है। उत्तर कोरिया आने वाले दिनों में इस मिसाइल के परीक्षण की तैयारी कर रहा है। सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी की स्थापना की 80वीं वर्षगांठ पर शुक्रवार रात प्योंगयांग के मुख्य चौक पर बारिश के बीच परेड शुरू हुई। इस परेड ने किम की बढ़ती कूटनीतिक पकड़ और एक शस्त्रागार बनाने के उनके अथक प्रयास को उजागर किया, जो महाद्वीपीय अमेरिका और एशिया में उनके प्रतिद्वंद्वियों को निशाना बना सकता है।

उत्तर कोरिया की सरकारी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने बताया कि परेड में अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल ह्वासोंग-20 प्रदर्शित की गई, जिसका परीक्षण होना अभी बाकी है। समाचार एजेंसी के अनुसार यह सबसे शक्तिशाली परमाणु सामरिक हथियार प्रणाली है। मंच पर उच्च स्तरीय चीनी वियतनामी और रूसी अधिकारियों के साथ उपस्थित किम ने अपने भाषण में कहा कि उनकी सेना को एक अजेय इकाई के रूप में विकसित होना जारी रखना चाहिए जो सभी खतरों को नष्ट कर दे। उन्होंने हालांकि अमेरिका या दक्षिण कोरिया का कोई प्रत्यक्ष उल्लेख नहीं किया। उन्होंने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में शामिल होने के लिए रूस भेजे गए हजारों उत्तर कोरियाई सैनिकों की भी प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय न्याय और वास्तविक शांति के लिए युद्ध में वीरतापूर्ण लड़ाई की भावना और वैचारिक और आध्यात्मिक पूर्णता का प्रदर्शन किया।

उत्तर कोरियाई सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित संपादित फुटेज में हजारों की संख्या में दर्शकों को चमकदार रोशनी से सराबोर चौक पर इकट्ठा दिखाया गया। ये लोग नारे लगा रहे थे और राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहे थे। इस बीच सैनिकों के दस्ते और मिसाइल लगे वाहन बारिश के बीच सड़कों से गुजर रहे थे। परेड समारोह में चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग, रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव और वियतनाम में कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव टो लाम शामिल हुए।

# लोकतंत्र भारत की आत्मा और संविधान पथ-प्रदर्शक दीपस्तंभ

एजेंसी



नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि भारत लोकतंत्र और समानता का एक जीवंत उदाहरण है तथा संविधान पिछले 75 वर्षों से देश के लिए पथ-प्रदर्शक दीपस्तंभ रहा है। बिरला ने बारबाडोस में 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन की आम सभा में राष्ट्रमंडल - एक वैश्विक भागीदार विषय पर प्रतिनिधियों को संबोधित करते इस बात पर ज़ोर भी दिया कि लोकतंत्र भारत की आत्मा है, समानता इसका संकल्प है और न्याय इसकी पहचान है।

लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि जलवायु परिवर्तन, महामारी, खाद्य असुरक्षा और असमानता जैसे वैश्विक संकट सीमाओं से परे हैं और इनके लिए सामूहिक समाधान की आवश्यकता है। बिरला ने इन चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आग्रह किया और इस बात पर ज़ोर दिया कि समाधान अलग-थलग रहकर नहीं ढूंढे जा सकते। उन्होंने खाद्य और स्वास्थ्य सुरक्षा के महत्व पर ज़ोर देते हुए दुनिया के लिए खाद्य और पोषण सुरक्षा में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में भारत की भूमिका का उल्लेख किया। बिरला का कहना था कि भारत पेरिस समझौते के लक्ष्यों को समय से पहले पूरा करने वाला पहला प्रमुख देश बन गया है। बिरला ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में भारत के प्रयासों के बारे में बताते हुए पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण के प्रावधानों का उल्लेख किया। भारत की प्राचीन लोकतांत्रिक विरासत का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र की भावना इसकी प्राचीन सभ्यता, संस्कृति और ग्राम पंचायत प्रणाली में निहित है। उन्होंने कहा, संवाद, सहमति और सामूहिक निर्णय लेने की परंपरा ने भारत को दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक शक्ति बनाया है। बिरला ने राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के पीठासीन अधिकारियों को सात से नौ जनवरी, 2026 तक नई दिल्ली में आयोजित किए जा रहे आगामी सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।

### नेपाल में मिट्टी धंसने से दो लोगों की मौत, छह घायल

काठमांडू। नेपाल के मधेस प्रांत में मिट्टी धंस जाने से उसकी चपेट में आकर शनिवार को दो लोगों की मौत हो गई जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। बारा जिले के सिमराऊंगढ़ नगर पालिका में सुबह साढ़े आठ बजे यह घटना हुई। पुलिस ने बताया कि घर के कामों के लिए तालाब के पास खुदाई कर मिट्टी निकाल रही 70 वर्षीय महिला और 15 वर्षीय लड़का मिट्टी धंस जाने के बाद उसकी चपेट में आ गए। इस घटना में छह लोग घायल हो गए। नेपाल पुलिस और सशस्त्र पुलिस बल के जवानों ने घायलों को बचाया और इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## इंटरटेनमेंट...

# चंदू चैंपियन के लिए कार्तिक आर्यन को मिला सम्मान



- गौतम अडानी ने सम्मानित किया सुभाष घई बोले- एक्टर का अब तक का सर्वश्रेष्ठ काम

मुंबई। मुंबई के व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल में शुक्रवार को आयोजित 2025 के समापन समारोह में इंडस्ट्री के कई दिग्गज एक मंच पर नजर आए। इस मौके पर अडानी ग्रुप चेयरमैन गौतम अडानी ने अभिनेता कार्तिक आर्यन को फिल्म चंदू चैंपियन के लिए सम्मानित किया। मंच पर डॉ. प्रीति अडानी, सुभाष घई, राजकुमार हिरानी, जैकी श्रॉफ और महावीर जैन भी मौजूद रहे। इस मौके पर सुभाष घई ने बताया कि कार्तिक का फिल्म चंदू चैंपियन में अब तक का सर्वश्रेष्ठ काम है। 2025 के समापन समारोह के दौरान अडानी ने 'सॉफ्ट पावर ऑफ सिनेमा' पर बात करते हुए कहा कि सिनेमा सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि देश की पहचान और भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा अब वक्त है कि भारत की कहानी भारतीय नजरिए से दुनिया तक पहुंचे। अक तकनीक पर बात करते हुए अडानी ने कहा कि अक से डरने के बजाय उसे अपनाना चाहिए, क्योंकि यही फिल्ममेकिंग का भविष्य है। गौतम अडानी से सम्मानित होने के बाद कार्तिक आर्यन ने कहा, 'सर, आपकी स्पीच मेरी जिंदगी की सबसे प्रेरणादायक स्पीच में से एक थी। मैं अक से डरता था, लेकिन आपने मेरी सोच बदल दी। उन्होंने व्हिसलिंग वुड्स को देश का श्रेष्ठ फिल्म स्कूल बताया और सुभाष घई को अपने करियर का अहम मार्गदर्शक कहा।

सुभाष घई ने भावुक होकर कहा- बहुत कम लोग जानते हैं कि कार्तिक मेरी फिल्म कांची के हीरो थे और छह महीने तक मेरे असिस्टेंट डायरेक्टर भी रहे। चंदू चैंपियन उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ काम है। राजकुमार हिरानी ने अडानी के भाषण को 'शोले की स्पीच' जैसा ऐतिहासिक बताया और कहा कि सिनेमा की सॉफ्ट पावर उसकी सच्चाई में है। बता दें कि 2025 का यह आयोजन नई पीढ़ी के फिल्ममेकर्स के लिए प्रेरणा बन गया, जिसने यह संदेश दिया कि सिनेमा सिर्फ कला नहीं, बल्कि भारत की सॉफ्ट पावर और राष्ट्रीय गर्व का प्रतीक है।

# 'सुपरस्टार बनने के बाद भी अमिताभ विनम्र रहे : जावेद



मुंबई। बॉलीवुड के इतिहास में कुछ साझेदारियां ऐसी होती हैं, जो सिर्फ फिल्मों को ही नहीं, बल्कि एक पूरे युग को परिभाषित कर देती हैं। ऐसी ही एक अद्वितीय जोड़ी रही सलीम-जावेद की, जिनकी लेखनी ने हिंदी सिनेमा को 'एंग्री यंग मैन' जैसा अमर किरदार दिया। यह किरदार किसी और ने नहीं, बल्कि अमिताभ बच्चन ने पर्दे पर जिया और उन्हें भारतीय सिनेमा का 'महानायक' कहा गया।

हाल ही में दैनिक भास्कर के साथ बातचीत में लेखक जावेद अख्तर उस समय के बार में बताया जब अमिताभ बच्चन को कोई 'चढ़ता सूरज' नहीं मानता था। आमतौर पर फिल्म इंडस्ट्री में यह धारणा रही है कि लोग 'चढ़ते सूरज' को ही सलाम करते हैं, यानी सिर्फ सफल अभिनेताओं पर ही दांव लगाते हैं, लेकिन जावेद अख्तर का नजरिया अलग और दूरदर्शी रहा। बकौल जावेद अख्तर, सूरज में रोशनी देखनी चाहिए, न कि उसके उगने या डूबने के समय पर ध्यान देना चाहिए और यह रोशनी मैंने अमिताभ बच्चन में तब देख ली थी, जब उनकी कई फिल्में, जैसे 'रास्ते का पत्थर' और 'बंसी बिरजू', बॉक्स ऑफिस पर नाकाम साबित हो रही थीं।

### बिग बॉस से बाहर हुए जीशान कादरी

**मुंबई।** रियलिटी शो बिग बॉस सीजन 19 से इस हफ्ते एक्टर-डायरेक्टर जीशान कादरी बाहर हो गए हैं। ऐसा दावा एक्स पेज 'बिग बॉस तक' ने किया है। पेज के अनुसार, इस हफ्ते सभी नॉमिनेटेड कंटेस्टेंट्स में जीशान कादरी को सबसे कम वोट मिले। जीशान कादरी शो में एक स्ट्रॉन्ग कंटेस्टेंट थे। उन्हें हाउस का मास्टरमाइंड भी कहा जा रहा था। गौरतलब है कि इस हफ्ते एक कंटेस्टेंट का एलिमिनेशन तय था। पिछले हफ्ते होस्ट सलमान खान ने कहा था कि इस हफ्ते कोई एलिमिनेशन नहीं होगा, लेकिन अब इस हफ्ते एक कंटेस्टेंट को बाहर होना ही है। इस हफ्ते कुल छह कंटेस्टेंट्स को नॉमिनेट किया गया था।

# अहमदाबाद में फिल्मफेयर अवॉर्ड सेरेमनी 2025



**अहमदाबाद।** ये सेरेमनी अहमदाबाद की एकअ एरेना स्टेडियम में हो रही है। गुजरात के अहमदाबाद में 70वीं फिल्मफेयर अवॉर्ड सेरेमनी शुरू होने वाली है। सेलेब्स का फिल्मफेयर अवॉर्ड के रेड कार्पेट पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो चुका है। शाहरुख खान, अभिषेक बच्चन समेत कई सेलेब्स पहुंच चुके हैं। अभिषेक बच्चन ने भास्कर से कहा- आज मेरे पापा का बर्थडे है। मैं आज उनके साथ नहीं हूं, इसलिए बुरा लग रहा है। पापा आज भी शूटिंग कर रहे हैं। वहीं रवि किशन ने पहला नॉमिनेशन मिलने पर खुशी जाहिर की। 28 सितंबर को फिल्मफेयर अवॉर्ड्स की नॉमिनेशन लिस्ट जारी हुई थी। फिल्म 'लापता लेडीज' ने बेस्ट फिल्म के लिए 24 नॉमिनेशन हासिल कर रिकॉर्ड बना लिया है। ये फिल्मफेयर के 70 साल के इतिहास में सबसे ज्यादा नॉमिनेशन हासिल करने वाली फिल्म बन गई।

ये सेरेमनी अहमदाबाद की एकअ एरेना स्टेडियम में हो रही है। गुजरात के अहमदाबाद में आज 70वीं फिल्मफेयर अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन होगा। शहर के एकअ एरेना स्टेडियम में शाम साढ़े 7 बजे से सेरेमनी शुरू होगी। सेलेब्स का फिल्मफेयर अवॉर्ड के रेड कार्पेट पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो चुका है। शाहरुख खान 17 साल बाद इस सेरेमनी के होस्ट बनने वाले हैं, जिसकी टिकट 5 हजार रुपए से 50 हजार रुपए तक बेची जा रही है। सेरेमनी से पहले सेलेब्स परफॉर्मेंस की स्टेज रिहर्सल कर रहे हैं। 28 सितंबर को फिल्मफेयर अवॉर्ड्स की नॉमिनेशन लिस्ट जारी हुई थी।

फिल्म 'लापता लेडीज' ने बेस्ट फिल्म के लिए 24 नॉमिनेशन हासिल कर रिकॉर्ड बना लिया है। ये फिल्मफेयर के 70 साल के इतिहास में सबसे ज्यादा नॉमिनेशन हासिल करने वाली फिल्म बन गई। अहमदाबाद के एकअ एरेना स्टेडियम में रेड कार्पेट तैयार हो चुका है। जल्द ही सेलेब्स सेरेमनी में यहीं से होते हुए सेरेमनी में पहुंचेंगे। सेरेमनी होस्ट करने वाले शाहरुख खान इसमें परफॉर्म भी करने वाले हैं। कुछ समय पहले ही उन्होंने स्टेज रिहर्सल की है। अक्षय कुमार बाइक से स्टेज पर एंट्री लेने वाले हैं। उनकी परफॉर्मेंस की रिहर्सल हो चुकी है। फिल्मफेयर सेरेमनी में हिस्सा लेने के लिए रकुल प्रीत पति जैकी भगनानी के साथ रवाना। एक्ट्रेस अनन्या पांडे की मां भावना पांडे फिल्मफेयर का हिस्सा बनने के लिए अहमदाबाद रवाना।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com